3 राजधानी
दिवाली और नए साल पर नहीं चलेंगे पटाखे

6 अभिमत
आखिर ट्रस बन गईं ब्रिटिश प्रधानमंत्री

9 राष्ट्रीय
मुठभेड़ में अलकायदा से संबद्ध दो आतंकी ढेर

10 विदेश
यूक्रेन में परमाणु संयंत्र के निकट गोलाबारी

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 298
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 8 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



प्रबल दावेदार के रूप में उतरेंगे नीरज
स्पोर्ट्स-12

# देश बंटेगा नहीं, एकजुट रहेगा: राहुल

## कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा की औपचारिक शुरुआत, 12 राज्यों से गुजरेगी, प्रतिदिन 23.5 किमी दूरी करेगी तय

- यात्रा में चुनावी राज्य गुजरात और हिमाचल प्रदेश नहीं हैं शामिल
- कांग्रेस नेता ने कहा-राष्ट्रीय ध्वज पर हो रहा हमला, देश बर्बादी की ओर बढ़ रहा है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/ कन्याकुमारी

**नेताओं** के पार्टी छोड़ने तथा सिमटते जनाधार से जूझ रही कांग्रेस ने बुधवार को कन्याकुमारी से महत्वाकांक्षी मुहिम भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की। यात्रा की शुरुआत में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी को तिरंगा सौंपा, जो अगले पांच महीने इस यात्रा का नेतृत्व करेंगे। यह यात्रा 12 राज्यों से गुजरेगी तथा प्रतिदिन 23.5 किलोमीटर की दूरी तय करेगी।

लेकिन इस यात्रा में चुनावी राज्य गुजरात तथा हिमाचल प्रदेश नहीं शामिल हैं। इन दोनों राज्यों इस साल चुनाव होने हैं। इस मौके पर



कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा का आरंभ करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी। इस दौरान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन भी रहे मौजूद

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, तमिलनाडु के कांग्रेस अध्यक्ष सीडी मेयप्पन तथा पार्टी के बड़े सितारे मौजूद थे। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक संदेश में कहा 'मेडिकल चेकअप के चलते मुझे खेद है कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक जाने वाली ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत के मौके पर मैं मौजूद नहीं हूं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लिए यह ऐतिहासिक मौका है। मुझे पूरा भरोसा है कि हमारे संगठन में नई ऊर्जा का संचार होगा।' सोनिया गांधी इस समय देश से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि भारतीय राजनीति में यह बदलाव का दौर है कि मैं विशेष रूप से 120 सहयोगियों को बधाई देना चाहती हूं जो 3600 किलोमीटर लंबी यात्रा पदयात्रा को पूरा करेंगे। विभिन्न राज्यों में इस यात्रा में सैकड़ों हजारों लोग शिरकत करेंगे।' राहुल गांधी ने कन्याकुमारी तट से भारत जोड़ो यात्रा की औपचारिक शुरुआत की।

राहुल और 118 अन्य भारत यात्री बृहस्पतिवार को विधिवत पैदल मार्च की शुरुआत करेंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर हर संस्था पर आक्रमण करने और देश को बांटने के प्रयास का आरोप लगाया और कहा कि ये दोनों संगठन तिरंगे को अपनी निजी संपत्ति समझते हैं तथा मौजूदा समय में राष्ट्रीय ध्वज पर हमला हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह देश नही बंटेगा और एकजुट रहेगा। उन्होंने इस मौके पर यह दावा भी किया कि मोदी सरकार सीबीआई (केंद्रीय जांच ब्यूरो) और ईडी(प्रवर्तन निदेशालय) का उपयोग करके विपक्षी नेताओं को डराने का प्रयास कर रही है, लेकिन कोई भी विपक्षी नेता भाजपा से डरने वाला नहीं है। राहुल गांधी ने महंगाई, बेरोजगारी, जीएसटी, नोटबंदी का उल्लेख करते हुए यह भी कहा कि देश गहरे आर्थिक संकट से घिर गया है और अब त्रासदी और बर्बादी की तरफ बढ़ ( शेष पेज 8 )

# पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों पर आयकर विभाग के छापे

- अवैध ढंग से अर्जित राजनीतिक चंदे के मामलों की भी हो रही जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आयकर** विभाग ने बुधवार को कुछ पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) और उनके कथित संदिग्ध वित्तीय लेन-देन के खिलाफ कई राज्यों में छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुजरात, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा और कुछ अन्य राज्यों में कम से कम 110 स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस आयकर विभाग के दलों की मदद कर रही है।

आयकर विभाग के एक दल को मयूर विहार इलाके में एक वकील के कार्यालय में भी देखा गया। सूत्रों ने बताया कि आयकर विभाग ने आरयूपीपी, उनसे जुड़ी संस्थाओं, संचालकों और अन्य के खिलाफ उनके आय-व्यय को लेकर समन्वित कार्रवाई शुरू की है। उन्होंने बताया कि कथित तौर पर अवैध तरीकों से अर्जित राजनीतिक चंदे के कुछ अन्य मामलों की भी जांच की जा रही है। ऐसा माना जाता है कि निर्वाचन आयोग (ईसी) की सिफारिश पर विभाग द्वारा अचानक यह कार्रवाई की गई। आयोग ने हाल ही में भौतिक सत्यापन के बाद कम से कम 198 संगठनों को आरयूपीपी की सूची से हटा दिया ( शेष पेज 8 )

## एफसीआरए मामले में सेंटर फॉम पॉलिसी रिसर्च, ऑक्सफेम के यहां भी छापेमारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आयकर** विभाग ने विदेशी धन हासिल करने में विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के प्रावधानों के उल्लंघन को लेकर बुधवार को एक मीडिया फाउंडेशन के अलावा दिल्ली स्थित शोध संस्थान सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च (सीपीआर) तथा वैश्विक गैर-सरकारी संगठन ऑक्सफैम इंडिया के खिलाफ एक तलाशी अभियान चलाया।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कर अधिकारियों ने गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) और धर्मार्थ संगठन क्षेत्र के तीन और संगठनों के खिलाफ औचक कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारियों ने दोपहर के आसपास इन संगठनों के परिसरों का दौरा किया और एफसीआरए के प्रावधानों के कथित उल्लंघन से संबंधित जांच के तहत खातों और वित्तीय लेनदेन की जांच की। सूत्रों ने बताया कि कार्यालय के कर्मचारियों और मुख्य निदेशकों तथा पदाधिकारियों से भी पूछताछ की गई। चाणक्यपुरी में धर्म मार्ग स्थित सीपीआर कार्यालय परिसर के बाहर मीडियाकर्मियों को इंतजार करते देखा गया। ऑक्सफैम इंडिया, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च और बेंगलुरु स्थित इंडिपेंडेंट एंड पब्लिक स्पिरिटेड मीडिया फाउंडेशन तथा कुछ अन्य से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

सूत्रों ने कहा कि आयकर विभाग एफसीआरए के माध्यम से प्राप्त धन की रसीद के साथ-साथ इन संगठनों के बही-खातों का अध्ययन कर रहा है। कानून के मुताबिक, विदेशी कोष हासिल करने वाले सभी एनजीओ को एफसीआरए के तहत रजिस्टर कराना होता है। सरकार ने पिछले पांच साल में कानून के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए लगभग।,900 गैर-सरकारी संगठनों का एफसीआरए पंजीकरण रद्द कर दिया है। दिसंबर 2021 के अंत तक एफसीआरए से पंजीकृत 22,762 संगठन थे।

# केजरीवाल के खिलाफ शिकायत को एलजी ने मुख्य सचिव को भेजा

- पत्नी के जरिए प्लॉट बिक्री में टैक्स चोरी का आरोप, आप ने उप राज्यपाल पर किया पलटवार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उपराज्यपाल** विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बीच टकराव लगातार जारी है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की खिलाफ जांच के बाद अब केजरीवाल भी जांच दायरे में आ सकते हैं। उन पर पत्नी के जरिए प्लॉट बिक्री में टैक्स चोरी का आरोप लगा है।

मामले की जांच के लिए एलजी ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखा है। वहीं आम आदमी पार्टी के राज्यसभा के सदस्य संजय सिंह लगातार उपराज?यपाल पर एक के बाद एक आरोप मढ़ रहे है। संजय ने बुधवार को कहा कि केवीआईसी में वीके सक्सेना के चैयरमेन रहते वक्त 2.62 लाख घोस्ट कारीगर मौजूद



थे। जिनके नाम पर वीके सक्सेना ने करोड़ों रुपए का घोटाला किया। केवीआईसी के 4.55 लाख कारीगरों में से 1.93 लाख का ही खाता खुला था, बाकि 2.5 लाख से अधिक घोस्ट कर्मचारियों को हर महीने नगद भुगतान किया गया।

सूत्रों के मुताबिक, आरोप है कि अरविंद केजरीवाल ने 3 प्लाट 4.54 करोड़ रुपए में बेचे और कागजात पर 72.72 लाख रुपए की कुल कीमत दिखाई। एक शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के माध्यम से हरियाणा के भिवानी जिले में अपनी तीन संपत्तियों को बेचने के दौरान संपत्ति के जानबूझकर कम मूल्यांकन और कर चोरी का एक मामला उजागर हुआ है। इनमें से दो संपत्तियां जहां खुद अरविंद केजरीवाल के नाम थीं, वहीं तीसरी संपत्ति उनके पिता गोविंद राम के नाम थी। सूत्रों के मुताबिक, आरोप है कि अरविंद केजरीवाल ने पिछले साल 15 फरवरी 2021 को हरियाणा के भिवानी में एक बाजार में स्थित 100 फुट सड़क पर तीन शहरी कमर्शियल प्लाट्स को वास्तव में 4.54 करोड़ रुपए के बाजार मूल्य पर बेचा और इसे कागजों पर 72.72 लाख रुपए दिखाया।

इस प्रक्रिया में, उन्होंने न केवल 3.8 करोड़ रुपए नगद लिया। आरोप है कि इस सौदे में आयकर चोरी के अलावा 25.93 लाख रुपए के स्टांप शुल्क और 76.4 लाख रुपए के पूंजीगत लाभ कर की भी चोरी हुई। खास बात यह है कि तीनों संपत्तियां एक ही दिन बेची गईं। आरोप है कि 340, 416 और 254 वर्ग गज के तीन प्लाटों को सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ( शेष पेज 8 )

# नीतीश की विपक्षी दलों से साथ आने की अपील



नई दिल्ली में शरद पवार से मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते नीतीश कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- कहा- यह मुख्य मोर्चा होगा, न कि तीसरा मोर्चा

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को सभी गैर भाजपा दलों से एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि यह मुख्य मोर्चा होगा न कि तीसरा मोर्चा।

कुमार ने कई गैर-भाजपाई नेताओं से मुलाकात के बाद यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बातचीत विस्तृत और सकारात्मक रही। उन्होंने कहा, यदि विभिन्न राज्यों में सभी गैर-भाजपाई दल एक साथ आते हैं, तो 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए एक ऐसा माहौल बनेगा जिसके बाद चीजें एकतरफा नहीं रहेंगी। मैंने जिस किसी से भी बात की, उसके ( शेष पेज 8 )

# आर्कटिक विषयों पर रूस संग भागीदारी मजबूत करेंगे: मोदी

- पीएम ने यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए शांतिपूर्ण प्रयासों को समर्थन देने की बात दोहराई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत आर्कटिक विषयों पर रूस के साथ भागीदारी मजबूत बनाने को इच्छुक है। उन्होंने यह भी कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग की काफी संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए सभी शांतिपूर्ण प्रयासों को पूरा समर्थन देने की बात भी दोहराई।

रूस के व्लादिवोस्तोक शहर में आयोजित पूर्वी आर्थिक मंच के पूर्ण सत्र को ऑनलाइन संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत, यूक्रेन युद्ध की शुरुआत से ही कूटनीति और बातचीत



का रास्ता अपनाने की जरूरत पर जोर देता रहा है। उन्होंने कहा, हम संघर्ष को खत्म करने के सभी शांतिपूर्ण प्रयासों का समर्थन करते हैं। बैठक में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के इस्पात उद्योग के लिए रूस कोकिंग कोयले की आपूर्ति के जरिए महत्वपूर्ण भागीदार हो सकता है और प्रतिभाओं के एक-दूसरे देश में आवाजाही को लेकर बेहतर सहयोग की गुंजाइश है। उन्होंने कहा, भारतीय प्रतिभा ने विश्व के कई विकसित क्षेत्रों के विकास में योगदान दिया है। मुझे विश्वास है कि भारतीयों की प्रतिभा और पेशेवर रुख रूस के सुदूर पूर्व में तेजी से विकास ला सकता है।

मोदी ने वसुधैव कुटुम्बकम का जिक्र करते हुए कहा, इसने हमें दुनिया को एक परिवार के रूप में देखना सिखाया है और आज की वैश्वीकृत दुनिया में विश्व के एक हिस्से में होने वाली घटनाएं पूरी दुनिया पर प्रभाव डालती हैं। उन्होंने कहा, यूक्रेन युद्ध और कोविड महामारी का वैश्विक आपूर्ति व्यवस्था पर व्यापक रूप से प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। खाद्यान्न, उर्वरक और ईंधन की कमी विकासशील देशों के लिए चिंता का प्रमुख विषय है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से ही हमने कूटनीति और बातचीत के रास्ते की जरूरत पर जोर दिया है। युद्ध खत्म करने के लिए शांतिपूर्ण प्रयासों का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अनाज और उर्वरकों के सुरक्षित निर्यात को लेकर हाल के समझौते का भारत स्वागत करता है। प्रधानमंत्री ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,028 | ↓ | 168 | |
| निफ्टी | 17,624 | ↓ | 31 | |
| सोना | 50,761 | ↓ | 225 | /10g |
| चांदी | 54,009 | ↓ | 315 | /kg |

## क्विक न्यूज

### ब्रिटेन की नई सरकार में भारतीय मूल के आलोक शर्मा और सुएला भी मंत्री

**लंदन।** ब्रिटेन की नवनियुक्त प्रधानमंत्री लिज ट्रस के मंत्रिमंडल में भारतीय मूल के आलोक शर्मा और सुएला ब्रेवरमैन को भी शामिल किया गया है और वह बुधवार को 10, डाउनिंग स्ट्रीट पर होने वाली पहली बैठक में शामिल होंगे। सुएला ब्रेवरमैन को गृह मंत्री नियुक्त किया गया है। उनके लिए यह नई शुरुआत है और इससे पहले वह एटार्नी जनरल थी। उन्होंने अपनी नियुक्ति के तुरंत बाद गृह मंत्रालय का कामकाज संभाल लिया। वह भारतीय मूल की ही प्रीति पटेल की उत्तराधिकारी है। पटेल ने ट्रस को बोरिस जॉनसन की उत्तराधिकारी चुने जाने के बाद पिछले दिनों इस्तीफा दे दिया था। (पेज 10 भी देखें)

# सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध गंभीरता से नहीं ले रहे निर्माता



**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**लगता** है कि सिंगल यूज प्लास्टिक आइटम (एसयूपी) के निर्माताओं और खुदरा विक्रेताओं ने ऐसे उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून को अभी तक गंभीरता से नहीं लिया है।

देश की शीर्ष प्रदूषण नियामक केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लागू होने के छह सप्ताह बाद

- छह सप्ताह में 92,647 चालान, 6,41,851 किग्रा अवैध प्लास्टिक बरामद

इस कानून का उल्लंघन करने पर सिर्फ 11 राज्यों में कम से कम 92,647 चालान कर कुल 6,41,851 किलोग्राम अवैध प्लास्टिक उत्पादों को जब्त करने के साथ ही 4.6 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। सीपीसीबी के ( शेष पेज 8 )

## सीबीआई के राडार पर बंगाल के एक और मंत्री

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**तृणमूल** कांग्रेस को एक और झटका देते हुए केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) ने बुधवार को बंगाल के वरिष्ठ मंत्री मलय घटक की सात संपत्तियों पर छापा मारा। सीबीआई ने कोयला तस्करी मामले में मंत्री घटक को दो बार तलब किय था लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए थे। सीबीआई ने घटक के कोलकाता और आसनसोल सहित घर समेत कई ठिकानों पर छापे मारे। सूत्र के अनुसार आसनसोल के विधायक घटक का नाम मुख्य आरोपी विकास मिश्रा, अनूप माजी और अन्य से पूछताछ के दौरान सामने आया है। विकास मिश्रा बंगाल टीएमसी यूथ विंग के पूर्व उपाध्यक्ष विनय मिश्रा का छोटा भाई है। कभी टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी का करीबी माने जाने वाला विनय मिश्रा कथित तौर पर देश छोड़कर भाग गया है और वर्तमान में द्वीपीय राष्ट्र ( शेष पेज 8 )

# दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर बनेगा पहला जू थीम पार्क

- 500 टन लोहे से 4डी कांसेप्ट पर बनाएंगे वन्य जीवों की मूर्तियां, जो असली से कम नहीं लगेंगी

**रिंकू यादव।** नोएडा

**पहला** नेचुरल ट्रेल ऑफ आर्टिफिशियल जू थीम पार्क नोएडा में बनने जा रहा है। ये पार्क अपने आप में अनोखा होगा, जिसका कॉन्सेप्ट 4डी पर आधारित होगा। इस पार्क को बनाने वाली कंपनी ही इसका संचालन और देखरेख करेगी। इसके लिए प्राधिकरण को एक रुपए भी खर्च नहीं करना पड़ेगा।

इस पार्क को मास्टर प्लान.2031 में रिकियेशनल ग्रीन के तहत सेक्टर-94 के महामाया फ्लाईओवर के नीचे और शाहदरा ड्रेन के पास करीब 25 एकड़ में बनाया जाएगा। पार्क में 500 टन लोहे का प्रयोग किया जाएगा। इस



प्रतीकात्मक चित्र

लोहे को प्लांट में रिसाइकिल किया जाएगा। इसके बाद लोहे से पार्क में ढांचे बनाए जाएंगे।

इसके अलावा प्लास्टिक कचरे का प्रयोग भी किया जाएगा। इस पार्क को बनाने में करीब 15 करोड़ रुपए खर्च किया जाएगा। जो भी संस्था पार्क का निर्माण करेगी, उसे ही 20 साल तक इसकी मेंटेनेंस और देखभाल करनी होगी। पार्क को 4डी कॉन्सेप्ट पर बनाया जा रहा है। इस तकनीक का प्रयोग यहां बनाए जाने वाले जंगली जानवरों में किया जाएगा।

जो बने तो नकली होंगे, लेकिन देखने में असली से कम नहीं होंगे। असली जानवरों की तरह की उनके शरीर में मूवमेंट और आवाज भी होगी। साथ ही उनकी पूरी जानकारी देने के लिए गाइड भी रखे जाएंगे। पार्क में लोगों के लिए रेस्टोरेंट, फूड कोर्ट, वेंडिंग बूथ, इंडोर गेम्स, रिटेल शॉस भी होंगी। इन सबका निर्माण कुल ग्रीन एरिया के एक फीसदी हिस्से में किया जाएगा। बता दें दिल्ली में भी वर्ल्ड ऑफ वंडर और भारत दर्शन पार्क बनाया गया है, लेकिन नोएडा में बनाए जाने वाला पार्क इससे काफी अलग और ज्यादा खूबसूरत होगा।

नोएडा में बनने वाला जू थीम पार्क दिल्ली और नोएडा की सीमा पर बने इकोलॉजिकल हब से जुड़ेगा। इसे ओखला बर्ड सेंचुरी नाम दिया गया है। एक लिंक रोड बनाई जाएगी जो सीधे बर्ड सेंचुरी को जोड़ेगी। इसके लिए लोगों को बाहर नहीं आना होगा। प्राधिकरण का दावा है कि इस पार्क के निर्माण से नोएडा नया कीर्तिमान हासिल कर सकता है। पार्क के लिए नोएडा प्राधिकरण ने रिक्यूवेस्ट ऑफ प्रपोजल आरएफपी जारी की है। कंपनी के चयन होते ही इस साल ही पार्क का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 8 सितंबर, 2022



# किराएदार और मकान मालिक में पर मारपीट, वीडियो वायरल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ। इस दौरान दोनों पक्षों में ईंट पत्थर और लाठी-डंडे चले। इस दौरान कई राउंड फायरिंग भी हुई। झगड़े के दौरान युवक के फायरिंग करने का वीडियो सोसाइटी के लोगों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

मंगलवार रात को दादरी की दौलतराम कालोनी में मकान मालिक और किरायेदार में पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। दरअसल, तेजवीर सिंह का दौलत राम कॉलोनी में मकान है उनके ही मकान में किराए पर रहने वाले शोकेन्द्र से उनका किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इन दोनों के बीच यह विवाद इतना बढ़ गया कि आपस में जमकर मारपीट हुई मारपीट होने के बाद एक दूसरे पक्ष में जमकर ईंट और पत्थर चले और उसके बाद कई राउंड फायरिंग हुई। बताया जा रहा है कि मकान मालिक के लड़के के द्वारा यह फायरिंग की गई। जिस समय उन युवकों के द्वारा फायरिंग की जा रही थी उसी दौरान छत से किसी व्यक्ति के द्वारा वीडियो बना ली और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।

वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि हाथ में तमंचा लेकर घर के बाहर युवक जमकर गाली गलौज कर रहे है। विवाद के बाद एक पक्ष द्वारा जमकर फायरिंग की गई।

# लिफ्ट में डिलीवरी बॉय को जर्मन शेफर्ड ने काटा

## फर्श पर गिरा युवक, घटना का फुटेज सामने आया, मामले में नहीं हुई पुलिस से शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


लिफ्ट में युवक पर हमला करता कुत्ता।

गाजियाबाद के बाद अब नोएडा में लिफ्ट में कुत्ते के हमले का मामला सामने आया है। यहां लिफ्ट में सवार डिलीवरी बॉय पर जर्मन शेफर्ड डॉग ने हमला कर दिया। इससे घबराकर डिलीवरी बॉय लिफ्ट में ही फर्श पर गिर पड़ा। इस घटना का फुटेज सामने आया है। फिलहाल, मामला पुलिस तक नहीं पहुंचा है।

यह मामला नोएडा में सेक्टर-75 के अपेक्स एथेना सोसाइटी का है। डिलीवरी बॉय का नाम सचिन है। वीडियो बुधवार को सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि लिफ्ट में दो युवक हैं। इसमें एक डिलीवरी बॉय है और दूसरे युवक के साथ जर्मन शेफर्ड है। लिफ्ट का गेट खुलते ही कुत्ते ने गेट पर खड़े डिलीवरी बॉय के पैर में काट लिया। हमले में डिलीवरी बॉय लिफ्ट में ही नीचे गिर जाता है। डॉग दोबारा हमले की कोशिश करता है। लेकिन, उसका मालिक उसको मुश्किल से खींचते हुए बाहर ले जाता है। घटना के बाद डिलीवरी बॉय बिना कोई शिकायत किए सोसाइटी से चला गया।

इधर, जब फुटेज सामने आया तो मेंटेनेंस टीम ने भी कोई संज्ञान नहीं लिया। एथेना वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष संगीता ने बताया, घटना करीब 15 दिन पुरानी है। मेडिकल स्टोर का डिलीवरी बॉय कुछ दवाइयां देने के लिए एक फ्लैट में आ रहा था, उस वक्त यह घटनाक्रम हुआ। हमने इस घटना के बाद मेंटीनेंस टीम को लिखित में शिकायत दी, लेकिन कोई एक्शन नहीं हुआ।

संगीता ने बताया 3 दिन पहले भी सेंट्रल पार्क के पास पालतू कुत्ते ने एक बच्चे पर अटैक किया था। सोसाइटी में करीब 40 से ज्यादा पालतू कुत्ते हैं। इन्हें ब्रीडिंग कराने का स्थान कोई निश्चित नहीं है। लगातार घटनाओं को देखते हुए हमने एक लिफ्ट तय की थी, जिससे पालतू कुत्तों को ले जाया जाए। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। रेजिडेंट्स अपनी मर्जी से किसी भी लिफ्ट में पालतू कुत्तों को घुसा लेते हैं। कोई विरोध करता है तो पेट लवर सामने आ जाते हैं।

## चार्म्स कैसल सोसाइटी मामले में मालकिन पर पांच हजार का जुर्माना

*गाजियाबाद। गाजियाबाद की चार्म्स कैसल सोसाइटी की लिफ्ट में मासूम छात्र को काटने पर नगर निगम ने कुत्ता मालकिन पूनम चंदोक पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। निगम की जांच में पता चला है कि इस कुत्ते का पंजीकरण नहीं था। जुर्माना राशि जमा नहीं करने पर कुत्ता जब्त करने की चेतावनी नगर निगम ने दी है। गाजियाबाद में काटने पर नगरनिगमने पहली बार जुर्माना लगाने जैसी कार्रवाई की है। इस पूरे प्रकरण में नंदग्राम थाना प्रभारी ने सोसाइटी के मेंटीनेंस मैनेजर को छह बिंदुओं पर एक पत्र लिखकर इन्हें पूरा करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में लिखा है कि सभी रेजिडेंट्स अपने पेट डॉग्स का नगर निगम में रजिस्ट्रेशन कराकर उसकी कॉपी दिखाएं। इन पेट्स का टीकाकरण कराएं। निर्देश दिया है कि लिफ्ट खाली होने पर ही मालिक अपने डॉग्स को लेकर एंट्री करेंगे। डॉग्स को घर से बाहर निकालते वक्त उसके मुंह पर जाली वाला मास्क लगाएं। कॉमन एरिया या पार्क में डॉग्स को घुमाने पर पाबंदी लगाई गई है।*

## झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ लापरवाही से मौत का केस दर्ज

नोएडा। थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सर्फाबाद गांव में किशोर की उपचार में लापरवाही बरतने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मृतक के भाई की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। अभी आरोपी डॉक्टर फरार है।

सर्फाबाद गांव में रहने वाला 15 वर्षीय मयंक तीन दिन पहले बीमार हो गया था। उसके परिजनों ने सफ बिाद गांव में डॉक्टर आलम क्लीनिक के डॉक्टर एमजेड आलम से उसका उपचार करवाया था। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने मयंक के उपचार में लापरवाही बरती है। इससे उसकी हालत और खराब हो गई। फिर बच्चे को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मृतक के भाई सोनू ने डॉक्टर के खिलाफ सेक्टर 113 थाने में शिकायत दी थी।

**SC AGROTECH LIMITED**

CIN NO- L01122DL1990PLC042207
Regd. Address RZ-1484/28, G.F, Tughlakabad Ext. New Delhi-110019
website: www.scagrotech.in, Mob: 8010562986, Email: sheel102@gmail.com

**NOTICE OF 32nd ANNUAL GENERAL MEETING**
**E-VOTING INFORMATION AND BOOK CLOSURE**

1.Notice is hereby given that the 32nd Annual General Meeting ("AGM") of SC AGROTECH LIMITED ("the Company") will be held on Friday 30th September 2022 at 11:00 A.M at the registered office of the company to transact the business that will be set forth in the Notice meeting.

2.The aforesaid Notice and the Annual report of the Companyfor the year ended 31st March 2022 will be sent in electronic mode to allthe members whose e-mail ids are registered with the Company/Depository participants. The notice of the AGM and the Annual report will also be available and can be downloaded from the website of the Company i.e.,www.scagrotech.in and on website of the Bombay Stock Exchange i.e.www.bseindia.com. In this regard, the Members are hereby further notified that:

a) The Company has completed the dispatch of Notice of 32nd AGM along with the Annual Report 2021-22.
b) The shareholders who have not registered their email addresses with the company or depositories need to follow the following process for obtaining login credentials for remote e-voting and e-voting during AGM.
c)The Company is pleased to provide all its members (holding shares both in physical and in electronic form) the facility to exercise their vote through remote e-voting to be provided by CDSL. Members of the company holding shares in physical or dematerialized form as on the cut-off date i.e. 23rd September 2022 may cast their vote through remote e-voting. The remote e-voting shall commence on 26th September 2022(10:00 A.M) and end on 29th September 2022 at 5.00 P.M.
d) The shareholders who have not registered their email address with their email addresses with the company or depositories need to follow the following process for obtaining login credentials for remote e-voting and e-voting during AGM.

(I) For physical shareholders- please provide necessary details like folio no. name of shareholders, scanned copy of the share certificate (front and back), pancard (self-attested), Aadhar card (Self attested) by email to company (sheel102@gmail.com) / RTA (info@skylinerta.com) .

(II) For Demat shareholders please provide Demat account details (CDSL-16 digit beneficiary ID) or NSDL 16 digit(DPID+CLID), Name, client master or copy of Consolidated Account statement, Pan card (self-attested), Aadharcard (Self attested) to (sheel102@gmail.com) / RTA ( info@skylinerta.com) .

3. Pursuant to section 91 of the Companies Act, 2013 and regulation 42 of the SEBI (LODR) Regulation 2015, the register of members and share transfer books of the company shall remain closed from 24th September 2022 to 30th September 2022(both day inclusive) for the AGM to be held on 30th September 2022.

4. Only those members who have registered themselves as a speaker by mail at sheel102@gmail.com before 7 days of AGM will be allowed to express their views/ ask questions during the AGM.

5. Any person who acquires shares of the company and becomes member of the company after dispatch of the notice and holding shares as of the cut off date i.e 23RDSeptember 2022. May obtain the login ID and password by sending a request at htttp://www.evoting@cdslindia.com

6. For the process and manner of remote e-voting, members may go through the remote e-voting instructions sent via email to the members whose e-mail IDS are registered with the company/ Depository participant and physical copy sent to the other members or visit CDSL website https://evotingcdslindia.com

7.If you have any queries or issues regarding attending AGM & E-voting from the e-voting system, you may refer the FAQ and e-voting manual available at www. evotingindia.com, under help section or write an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or contact 1800-1020-990 at evoting@nsdl.com

Date :07.09.2022
Place : New Delhi

For SC AGROTECH LIMITED
Sd/-
Shri Amit Kumar
Company Secretary& Compliance officer

**डेल्टन केबल्स लिमिटेड**

सीआईएन : एल31300डीएल1964पीएलसी004255
पंजी. कार्यालय : डेल्टन हाउस 4801, भारत राम रोड 24 दरियागंज, नई दिल्ली – 110002
वेबसाइट : www.deltoncables.com, ई–मेल : cs@deltoncables.com

**सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि डेल्टन केबल्स लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की 57वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम"), शुक्रवार, 30 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 10.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से, एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट व्यवसाय(यों) के निष्पादन हेतु, आयोजित की जाएगी।

एतद्द्वारा यह भी सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 91 तथा कम्पनी (प्रबंधन और संचालन) नियमावली, 2014, समय समय पर संशोधित, के अनुसार, कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर हस्तांतरण बहियां, उपरोक्त एजीएम के उद्देश्यार्थ, शनिवार, 24 सितंबर 2022 से शुक्रवार, 30 सितंबर 2022 (दोनों दिन सम्मिलित) तक बंद रहेंगी।

57वीं एजीएम की सूचना, वार्षिक रिपोर्ट 2021–22 सहित उन सदस्यों को केवल इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा भेजी गई थी, जिनका ई–मेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरीज के पास पंजीबद्ध है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और संचालन) नियमावली, 2014, समय समय पर संशोधित, के नियम 20, तथा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015, समय समय पर संशोधित, के विनियम 44 के अनुसरण में, कम्पनी, इसके सदस्यों को, एजीएम में विचारित किए जाने हेतु प्रस्तावित सभी प्रस्तावों पर, सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा उपलब्ध कराई गई ई–वोटिंग सेवाओं के जरिये इलेक्ट्रॉनिक विधि से वोट डालने की सुविधा उपलब्ध करा रही है।

इसके अतिरिक्त, एजीएम में भी ई–वोटिंग हेतु सुविधा उपलब्ध होगी। जो सदस्य अपना वोट, एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा डाल चुके हैं, वे भी वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं, परंतु उनको एजीएम में अपना वोट डालने का अधिकार नहीं होगा।

श्री वैभव शर्मा, पूर्ण–कालिक कार्यरत कम्पनी सेक्रेटरी स्वामी मैसर्स वैभव शर्मा ऐंड एसोशिएट्स, कम्पनी सेक्रेटरीज को रिमोट ई–वोटिंग तथा एजीएम में ई–वोटिंग प्रक्रिया की संवीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया गया है।

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

i) कम्पनी की 57वीं एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध साधारण व्यवसाय(यों) तथा विशेष व्यवसाय(यों) का निष्पादन इलेक्ट्रॉनिक साधनों से वोटिंग द्वारा किया जा सकता है ;
ii) रिमोट ई–वोटिंग अवधि मंगलवार, 27 सितम्बर, 2022 को (पूर्वा. 10.00 बजे आईएसटी) आरंभ होगी ;
iii) रिमोट ई–वोटिंग अवधि बृहस्पतिवार, 29 सितम्बर, 2022 को (अप. 5.00 बजे आईएसटी) समाप्त होगी ;
iv) कट–ऑफ तिथि शुक्रवार, 23 सितम्बर, 2022 है।
v) कोई व्यक्ति, जो कम्पनी द्वारा सूचना प्रेषण के बाद कम्पनी के शेयर अर्जित करता है तथा कम्पनी का सदस्य बनता है और विच्छेदन तिथि अर्थात 23 सितम्बर, 2022 को भौतिक/डीमैट शेयरों का धारक है, helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेज कर अथवा 1800 22 55 33 पर कॉल करके लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यही प्रक्रिया डीमैट/भौतिक रूप में शेयरों के धारक उन सदस्यों द्वारा अपनाई जा सकती है, जिनके द्वारा अपनी ई–मेल आईडीज पंजीकृत/अद्यतन नहीं करवाई गई है, इस हेतु सत्यापन विवरण जैसे कि फोलियो नंबर, डीपी आईडी/क्लाइंट आईडी, पैन (स्कैन प्रति), डीमैट खाता विवरण भेजना होगा। तथापि, यदि कोई सदस्य रिमोट ई–वोटिंग के लिए सीडीएसएल के साथ पहले से पंजीकृत है, तो विद्यमान यूजर आईडी तथा पासवर्ड/पिन का प्रयोग वोट डालने के लिए किया जा सकता है। यदि कोई सदस्य पासवर्ड भूल जाता है, तो वह www.evotingindia.com पर उपलब्ध "Forgot User Details/Password" का प्रयोग कर पासवर्ड दोबारा बना सकता है।
vi) सदस्यगण नोट करें कि :
क) बृहस्पतिवार, 29 सितम्बर, 2022 को (अप. 5.00 बजे आईएसटी) के बाद रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं होगी ;
ख) कम्पनी की एजीएम में ई–वोटिंग हेतु सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी तथा एजीएम में उपस्थित ऐसे सदस्य, जिनके द्वारा अपना वोट रिमोट ई–वोटिंग द्वारा नहीं डाला गया है, वे एजीएम में वोट डालने हेतु ग्राह्य होंगे ;
ग) सदस्य अपना वोट रिमोट ई–वोटिंग द्वारा डालने के बाद भी एजीएम में भाग ले सकता है, परंतु उसको दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं होगी ;
घ) केवल वह व्यक्ति रिमोट ई–वोटिंग अथवा एजीएम के दौरान ई–वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने का हकदार होगा, जिसका नाम डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों अथवा सदस्यों की पंजिका में, कट–ऑफ तिथि अर्थात 23 सितम्बर, 2022 को, दर्ज मौजूद होगा ;
vii) 57वीं एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट (www.deltoncables.com) तथा सीडीएसएल की वेबसाइट (www.evotingindia.com) पर उपलब्ध होगी ; तथा
viii) एजीएम से पहले अथवा उसके दौरान किसी संदेह की स्थिति में सदस्य www.evotingindia.com के हेल्प सेक्शन पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग यूजर मैनुअल तथा बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (''एफएक्यू'ज़'') का संदर्भ ग्रहण कर सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई–मेल लिख सकते हैं अथवा श्री राकेश दाल्वी, सीनि. मैनेजर, (सीडीएसएल) से सम्पर्क कर सकते हैं अथवा टोल फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर कॉल कर सकते हैं।

इस सूचना में दी गई जानकारी कम्पनी की वेबसाइट (www.deltoncables.com) पर तथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट (www.bseindia.com) पर भी उपलब्ध होगी।

कृते डेल्टन केबल्स लिमिटेड
हस्ता./–
विकास रावत
कम्पनी सचिव तथा अनुपालनाधिकारी

तिथि : 07 सितम्बर, 2022
स्थान : नई दिल्ली

**मोदी रबड़ लिमिटेड**

CIN: L25199UP1971PLC003392
पंजी. कार्यालय : मोदीनगर–201204, जिला गाजियाबाद, (उत्तर प्रदेश)
कार्पोरेट कार्यालय : 4–7सी, डीडीए शॉपिंग सेंटर, न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी, नई दिल्ली–110025
वेबसाइट : www.modirubberlimited.com, ई–मेल : investors@modigroup.net, फोन : +91–11–47107398

**सूचना**

हमारे समाचार पत्र विज्ञापन दिनांकित 06 सितम्बर, 2022 के तारतम्य में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि मोदी रबड़ लिमिटेड ("कम्पनी") की 49वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम"), शुक्रवार, 30 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 11.30 बजे (आईएसटी), एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु, वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") सुविधा के माध्यम से, एजीएम के स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बगैर, आयोजित की जाएगी। कम्पनी का मोदीनगर–201204, उत्तर प्रदेश स्थित पंजीकृत कार्यालय एजीएम स्थल माना जाएगा।

पिछले कुछ वर्षों में कोविड–19 वैश्विक महामारी जो अभी तक जारी है, को ध्यान में रखते हुए, कार्पोरेट मंत्रालय (एमसीए) ने इसके जनरल सर्कुलर नंबर 02/2022 दिनांकित 5 मई, 2022 के साथ पठित जनरल सर्कुलर नंबर 20/2020 दिनांकित 5 मई, 2020 के माध्यम से किसी उभय स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम आयोजित करने की अनुमति प्रदान की है। इसके अतिरिक्त, सेबी ने इसके सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 दिनांकित 13 मई, 2022 (सेबी सर्कुलर्स) के माध्यम से शेयरधारकों को वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियां भेजने और इलेक्ट्रॉनिक मोड से आयोजित सामान्य बैठकों के लिए परोक्षी की आवश्यकता से छूट प्रदान की है। एमसीए सर्कुलर्स तथा सेबी सर्कुलर्स के निबन्धनों में 49वीं एजीएम की सूचना तथा कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट, बोर्ड की रिपोर्ट, लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट तथा उसके साथ संलग्न किए जाने हेतु अपेक्षित दस्तावेज इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से कम्पनी के उन सदस्यों को 6 सितम्बर, 2022 को भेजे जा चुके हैं, जिनका ई–मेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट (पार्टिसिपैंट्स) के पास पंजीबद्ध है।

वार्षिक रिपोर्ट और 49वीं एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.modirubberlimited.com पर तथा स्टॉक एक्सचेंजेज, जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं, नामतः बीएसई लिमिटेड तथा नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com तथा www.nseindia.com क्रमानुसार और रिमोट ई–वोटिंग/ www.evoting.nsdl.com पर एजीएम में ई–वोटिंग उपलब्ध करवाने हेतु कम्पनी द्वारा नियुक्त नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।

इसके अतिरिक्त, सदस्यगण वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सीधे निम्नलिखित लिंक पर देख सकते हैं : www.modirubberlimited.com/pdf/Annual-Report-21-22-Final.pdf

सदस्यगण आगे नोट करें कि :

क) एजीएम में सूचीबद्ध व्यवसाय(यों) का निष्पादन रिमोट ई–वोटिंग अथवा एजीएम में ई–वोटिंग द्वारा किया जाएगा।
ख) सदस्यों के वोटिंग अधिकार कट–ऑफ तिथि अर्थात शुक्रवार, 23 सितम्बर, 2022 को कम्पनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके हिस्से के अनुपात में होंगे। कोई व्यक्ति, जिसका नाम, लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर अथवा सदस्यों के रजिस्टर में, कट–ऑफ तिथि को दर्ज मौजूद होगा, केवल वही व्यक्ति रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा/एजीएम में ई–वोटिंग सुविधा का हकदार होगा तथा जो व्यक्ति कट–ऑफ तिथि को कम्पनी का सदस्य नहीं है, उसको एजीएम की सूचना जानकारी मात्र के निमित्त समझनी चाहिए।
ग) कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर अंतरण बहियां शनिवार 24 सितम्बर, 2022 से शुक्रवार, 30 सितम्बर, 2022 (दोनों दिन सहित) तक एजीएम और वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु अंतिम लाभांश, यदि एजीएम में घोषित किया जाता है, के भुगतान के प्रयोजनार्थ बंद रहेंगी।
घ) एजीएम की सूचना में अन्य के साथ रिमोट ई–वोटिंग/ई–वोटिंग की प्रक्रिया और ढंग तथा एजीएम में भाग लेने हेतु अनुदेश दिए गए हैं।
ङ) रिमोट ई–वोटिंग अवधि मंगलवार, 27 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 09.00 बजे (आईएसटी) आरंभ होगी तथा बृहस्पतिवार, 29 सितम्बर, 2022 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) (दोनों दिन सहित) समाप्त होगी। उक्त तिथि और समय के बाद रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।
च) इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग इवेन्ट नंबर (ईवीईएन) : 122250
छ) कोई व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी के शेयरों का अर्जन करता है तथा कम्पनी का सदस्य बनता है और जो कट–ऑफ तिथि अर्थात शुक्रवार, 23 सितम्बर, 2022 को शेयरों का धारक है, वह evoting@nsdl.co.in पर डीमैट खाता नंबर/फोलियो नंबर, पैन, नाम और पंजीकृत पता के उल्लेखयुक्त अनुरोध भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। तथापि, जो सदस्य ई–वोटिंग के लिए पहले से एनएसडीएल के साथ पंजीकृत हैं, वे रिमोट ई–वोटिंग/एजीएम में ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डालने के लिए वर्तमान यूजर आईडी और पासवर्ड का प्रयोग कर सकते हैं।
ज) भौतिक रूप में, अभौतिक रूप में शेयरों के धारक सदस्यों और जिन सदस्यों ने अपना ई–मेल पता कम्पनी में पंजीकृत नहीं करवाया है, उनके लिए वोटिंग का तरीका एजीएम की सूचना में दिया गया है, जो कम्पनी की वेबसाइट http://www.modirubberlimited.com पर भी उपलब्ध है।
झ) एजीएम में ई–वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी तथा एजीएम में उपस्थित सदस्य, जिनके द्वारा अपना वोट नहीं डाला गया है वे एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय(यों) पर अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक विधि से डाल सकेंगे। जो सदस्य एजीएम से पहले अपना वोट रिमोट ई–वोटिंग द्वारा डाल चुके हैं, वे भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हो सकते/भाग ले सकते हैं, परंतु उनको एजीएम में पुनः वोट डालने का अधिकार नहीं होगा।
ञ) श्रीमती रश्मि सक्सेना, कार्यरत कम्पनी सेक्रेटरी (प्रैक्टिस का सर्टिफिकेट नंबर 6938, सदस्यता सं. एफसीएस 6416), स्वामिनी मैसर्स रश्मि सक्सेना ऐंड एसोसिएट्स को ई–वोटिंग तथा रिमोट ई–वोटिंग की संवीक्षा निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया है।
ट) परिणामों की घोषणा बैठक के समापन से अधिकतम अड़तालीस घंटे से पहले की जाएगी तथा कम्पनी की वेबसाइट http://www.modirubberlimited.com पर, एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर प्रदर्शित किए जाएंगे और बीएसई लिमिटेड तथा नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड को प्रेषित किए जाएंगे। परिणाम कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय तथा कार्पोरेट कार्यालय में सूचना पट पर भी प्रदर्शित किए जाएंगे। वोटों की आवश्यक संख्या की शर्त पर, प्रस्ताव एजीएम की तिथि अर्थात 30 सितम्बर, 2022 को पारित किए माने जाएंगे।

जिन सदस्यों ने अपनी ई–मेल आईडी तथा/अथवा बैंक विवरण पंजीकृत नहीं करवाया है, वे उसका पंजीकरण नीचे दी गई प्रक्रिया के अनुसार करवा सकते हैं :

| | |
|---|---|
| भौतिक धारण | ई–मेल पता के पंजीकरण हेतु कम्पनी के आरटीए नामतः एमएएस सर्विसेज लिमिटेड, टी–34, द्वितीय तल, ब्लॉक–टी, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज–II, नई दिल्ली–110020, फोन नंबर 011–26387281 को प्रपत्र आईएसआर–1 में एक विधिवत हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र समर्थन दस्तोवेजों सहित भेजें अथवा उसकी स्कैन प्रति investor@masserv.com तथा info@masserv.com पर भेजें तथा निम्नलिखित विवरण/दस्तावेज उपलब्ध करवाएं : क) फोलियो नंबर, ख) शेयरधारक का नाम, ग) ई–मेल आईडी, घ) पैन कार्ड की प्रति (स्व–सत्यापित), आधार की प्रति (स्व–सत्यापित), शेयर प्रमाणपत्र की प्रति (फ्रंट और बैक) |
| अभौतिक धारण | बैंक खाता विवरण अद्यतन करवाने के लिए निम्नलिखित अतिरिक्त विवरण/दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे : क)बैंक का नाम और शाखा जहां आप लाभांश प्राप्त करना चाहते हैं, ख) बैंक खाता प्रकार, ग) बैंक खाता नंबर, घ) एमआईसीआर कोड नंबर, ङ) आईएफएससी कोड, तथा च) निरस्त चैक की मूल प्रति, जिसमें प्रथम शेयरधारक का नाम हो। |
| | कृपया अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट (डीपी) से सम्पर्क करें तथा अपना ई–मेल पता और बैंक खाता विवरण डीपी द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया के अनुसार पंजीकृत करवाएं। |

किसी संदेह की स्थिति में, आप www.evoting.nsdl.com पर "डाउनलोड सेक्शन" के अन्तर्गत उपलब्ध एफएक्यू'ज अथवा सदस्यों के लिए ई–वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं अथवा टोलफ्री नंबर 1800 1020 990 तथा 1800 224 430 पर सम्पर्क कर सकते हैं, अथवा evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं अथवा सुश्री पल्लवी म्हात्रे, प्रबंधक, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, ट्रेड वर्ल्ड–ए विंग, कमाला मिल्स कम्पाउण्ड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई–400013 से नामित ई–मेल आईडी : evoting@nsdl.co.in पर सम्पर्क कर सकते हैं

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
हस्ता./–
संजीव कुमार बाजपेयी
कम्पनी सेक्रेटरी

स्थान : दिल्ली
तिथि : 07 सितम्बर, 2022

**ग्रेटर नोएडा पहुंचे यूपी के मुख्य सचिव और डीजीपी**

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से पहले तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा में वर्ल्ड डेयरी समिट 2022 का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर अधिकारी अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। इसी को लेकर उत्तर प्रदेश के डीजीपी और मुख्य सचिव ग्रेटर नोएडा पहुंचे और अधिकारियों के साथ एक बैठक की।

उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व डीजीपी बीएस चौहान बुधवार को ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में पहुंचे।

एक्सपो मार्ट के सभागार में उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक बैठक की और कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां चल रही है, उनके बारे में भी दोनों अधिकारियों ने जाना। एक्सपो मार्ट के सभागार में 1 घंटे से ज्यादा अधिकारियों के साथ डीजीपी और मुख्य सचिव ने बैठक की। पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह और मंडलायुक्त सुरेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में उन्हें जानकारी दी। गौरतलब है कि 12 सितंबर से एक्सपो मार्ट में वर्ल्ड डेयरी समिट होने वाला है।

## आईआईटीजीएनएल में स्वचालित वेस्ट कलेक्शन प्लांट का शुभारंभ

नोएडा। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बुधवार को आईआईटीजीएनएल में बने ऑटोमेटिक वेस्ट कलेक्शन सिस्टम के दूसरे प्लांट का शुभारंभ किया। पहला प्लांट पूर्व में शुरू किया जा चुका है। करीब 54 करोड़ रुपये की लागत से बने इस प्लांट से वेस्ट का सेग्रिगेशन कर उसे प्रोसेस किया जाएगा। गीले कूड़े से मीथेन गैस बनाई जाएगी, जिसका इस्तेमाल बिजली उत्पादन में होगा। मुख्य सचिव ने श्रमिकों के लिए अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग कॉम्प्लेक्स बनाने के निर्देश दिए।

## मूर्ति विसर्जन के दौरान लोनी का युवक यमुना में डूबा

गाजियाबाद। मूर्ति विसर्जन के दौरान एक युवक यमुना में डूब गया। गोताखोरों ने बुधवार सुबह उसका शव निकाल लिया। लोनी के ट्रॉनिका सिटी थाने की कासिम विहार कॉलोनी का बॉबी अन्य लोगों के साथ गणेश मूर्ति विसर्जन के लिए ठोकर नंबर नौ के सामने यमुना पर गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में डूब गया। देर शाम तक गोताखोर और कॉलोनी के लोग उसकी तलाश करते रहे, लेकिन सुराग नहीं लगा। बुधवार सुबह गोताखोरों ने तलाश शुरू की तो कुछ देर बाद शव बरामद हो गया।

## नोएडा में ईवी इंडिया एक्सपो शुरू

नोएडा। इंडिया एक्सपो मार्ट में 9 सितंबर तक आयोजित ईवी इंडिया एक्सपो इलेक्ट्रिक मोटर व्हीकल शो 2022 का शुभारंभ सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जनरल डॉ विजय कुमार सिंह, औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, विधायक धीरेंद्र सिंह सहित अन्य ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा कि आने वाला भविष्य इलेक्ट्रिक मोटर व्हीकल का है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में दुनिया भर के ढाई सौ से ज्यादा प्रदर्शक और प्रतिदिन 5000 से ज्यादा लोगों के आने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि यह इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं, डीलरों और वितरकों, प्रत्यक्ष खरीदारों और आम जनता के लिए एक प्लेटफॉर्म है। यह इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं को अपने नवीनतम उत्पाद, प्रौद्योगिकी और उपकरण, स्मार्ट और नेक्स्टजेन परिवहन, स्कूटर, मोटरसाइकिल, साइकिल, बस आदि का प्रदर्शन करने का अवसर और मंच प्रदान करेगा।

# दवाओं संग फिजियोथेरेपी दे रही नई जिंदगी

**विश्व फिजियोथेरेपी दिवस**

**कोविड महामारी की दूसरी लहर से जब पूरी दुनिया शारीरिक, मानसिक और आर्थिक संकट से जूझ रही थी, तब चिकित्सकों के साथ फिजियोथेरेपी और पैरा मेडिकल स्टाफ ने मोर्चा संभाला था। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस इस साल आस्टियो आर्थराइटिस थीम पर मनाया जा रहा है। इस संबंध में कुछ विशेषज्ञों से पायनियर संवाददाता अजीत तिवारी ने बातचीत की...**

## बिना मशीन मरीजों का बढ़ाया ऑक्सीजन


डॉ. ख्याति शर्मा

दिल्ली एम्स में 18 साल तक अपनी सेवा देने वाली व वर्तमान में गाजियाबाद के नवीन अस्पताल की फिजियोथेरेपी विभाग की प्रमुख वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. ख्याति शर्मा ने विश्व फिजियोथेरेपी दिवस की पूर्व संध्या पर बताया कि कोविड महामारी की दूसरी लहर में अधिकांश मरीज में ऑक्सीजन की कमी देखी गई। ऐसे में बिना किसी सुविधा के फिजियोथेरेपी से मरीजों का ऑक्सीजन स्तर बढ़ाया गया बल्कि संक्रमण मुक्त होने के बाद सांस की दीर्घकालिक समस्या का भी समाधान किया गया। डॉ. ख्याति ने कहा कि इस साल विश्व फिजियोथेरेपी दिवस आस्टियो आर्थराइटिस थीम पर मनाया जा रहा है। जो विश्व में विकलांगता का सबसे बड़ा कारण है।

## आर्थराइटिस से महिलाओं को अधिक खतरा


डॉ. सुरभि गुप्ता

अधिकांश महिलाओं में घुटना दर्द की शिकायत आम है। इस समस्या की अनदेखी करने और शरीर के वजन बढ़ने का परिणाम है। नोएडा की फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. सुरभि गुप्ता ने कहा कि उम्र के साथ वजन का बढ़ना खतरे की बड़ी निशानी है। हड्डियों की जांच कराने के साथ कैल्शियम और विटामिन डी चिकित्सक की सलाह पर लें और नियमित व्यायाम करें व लंबे समय तक खड़े नहीं रहें। डॉ. सुरभि ने कहा कि ऊंची हिल्स वाले जूते या सैंडिल भी आस्टियो आर्थराइटिस का कारण बनता है। घुटने के दर्द वाले मरीज कड़े सतह पर और नंगे पैर चलने से बचें। डॉ. सुरभि ने कहा कि कोविड संक्रमित उन मरीजों को जिनको सांस संबंधी समस्या है, उन मरीजों को गहरी सांस वाले व्यायाम, कार्डियो के साथ स्पाइरो मीटर एक्सरसाइज लगातार करना जरूरी है।

## तो टाल सकते हैं घुटना प्रत्यारोपण


डॉ. मुबारक हुसैन

कोविड की दूसरी लहर के दौरान कुछ नामचीन हस्तियों को ठीक करने वाले गाजियाबाद के कौशांबी स्थित फिजियोथेरेपी विभाग के प्रमुख डॉ. मुबारक हुसैन बताते हैं कि आस्टियो आर्थराइटिस के लक्षण मरीजों में कई साल पहले दिखने लगते हैं। यह मांसपेशियों की कमजोरी के साथ शुरू होता है। अगर समय रहते इसका इलाज और फिजियोथेरेपी दी जाए तो मरीज घुटना और कूल्हा प्रत्यारोपण को टाल सकता है। डॉ. मुबारक ने कहा कि शुरू में ध्यान नहीं देने पर शरीर का सारा बोझ हड्डियों पर आता है और कार्टिलेज घिसने लगते हैं। इसके साथ आस्टियो फाइट (नई हड्डियों का बनना) से दर्द बढ़ जाता है और मरीज को चलने फिरने में परेशानी होने लगती है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दिवाली और नए साल पर नहीं चलेंगे पटाखे

## आतिशबाजी के उत्पादन, बिक्री, भंडारण व इस्तेमाल पर एक जनवरी 2023 तक पूर्ण प्रतिबंध : राय



पर्यावरण मंत्री गोपाल राय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सर्दियों के दौरान दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण को लेकर हालात बदतर हो जाते हैं। कुछ दिनों के लिए तो दिल्ली गैस चैंबर में तब्दील हो जाती है। इसके मद्देनजर सरकार की ओर से इस साल भी विंटर प्लान बनाया गया है।

इसके तहत सभी तरह के पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। साथ ही पटाखों की ऑनलाइन बिक्री, डिलीवरी पर भी प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध 1 जनवरी 2023 तक लागू रहेगा। प्रतिबन्ध के बारे में अधिक जानकारी देते हुए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को बताया कि सर्दियों में बढ़ने वाली प्रदूषण की समस्याओं में पटाखों का जलाना भी एक बहुत ही महत्वपूर्ण कारक साबित होता है। ऐसे में प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए पिछले साल की तरह इस बार भी हर प्रकार के पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और चलाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा।

### पिछले साल लोगों ने ऑनलाइन पटाखे खरीदे थे

पर्यावरण मंत्री ने बताया कि पिछले साल यह देखा गया था की लोगों द्वारा काफी भरी मात्रा में ऑनलाइन पटाखे खरीदे गए थे। इसी कारण किसी भी तरह के पटाखों की ऑनलाइन डिलीवरी या बिक्री पर भी इस वर्ष पूर्ण प्रतिबन्ध रहेगा। पटाखों को लेकर लोगों में किसी भी तरह का भ्रम नहीं रहें इसलिए यह प्रतिबन्ध हर तरह के पटाखों के लिए है। यह प्रतिबंध 1 जनवरी 2023 तकलागू रहेगा ताकि पटाखों के जलाने से होने वाली प्रदूषण की समस्या से दिल्ली वालों को निजात दिलाई जा सके।

### व्यापारियों को आर्थिक नुकसान न हो: पर्यावरण मंत्री

राय के अनुसार पिछले वर्ष दिल्ली में पटाखों की आसानी से उपलब्धता के कारण लोगों द्वारा पटाखे जलाने की कई घटनाएं सामने आईं थी। ऐसे में दिल्ली सरकार इस बार नहीं चाहती है कि व्यापारियों और डीलरों को किसी भी तरह का आर्थिक नुकसान हो। ऐसी किसी भी स्थिति से बचने के लिए समय रहते हर प्रकार के पटाखों के उत्पादन , भंडारण, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है। दिल्ली पुलिस, डीपीसीसी, और राजस्व विभाग के साथ मिलकर संयुक्त कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

### तैयार हो रहा विंटर एक्शन प्लान



पर्यावरण ने कहा कि सरकार प्रदूषण को काबू करने को लेकर बेहद गंभीर है। प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकार 15 फोकस बिंदुओं पर आधारित विंटर एक्शन प्लान बना रही है। आने वाले दिनों में विंटर एक्शन प्लान के अनुसार विभिन्न अभियान चलाए जाएंगे, ताकि प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। उनकी दिल्ली वालों से अपील हैं कि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकार का सहयोग करें। दीए जलाकर और मिठाई बाँटकर दिवाली मनाएं। दीपावली को धूमधाम से मनाना है लेकिन उतनी ही जिम्मेदारी से प्रदूषण पर भी लगाम लगाना है।

---

उपराज्यपाल ने कहा- प्राथमिक शिक्षा व स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव

# एलजी ने पत्र लिखकर एमसीडी का दो साल से बकाया 383 करोड़ रुपए जारी करने को कहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

नई आबकारी नीति में कथित घोटाले को लेकर उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार में सियासी घमासान जारी है। इस बीच ताजा मामले में दिल्ली नगर निगम का बकाया को लेकर दोनों आमने-सामने आ गए हैं।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर नगर निगम की दो साल से बकाया 383.74 करोड़ रुपये जल्द से जल्द जारी करने को कहा है। विधानसभा द्वारा पहले से ही पारित इस राशि को बेवजह रोके जाने से दिल्ली में प्राथमिक शिक्षा और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस संबंध में राजनिवास ट्वीट कर जानकारी साझा की है। सूत्रों के अनुसार एलजी और सरकार के बीच कई मामलों को लेकर विवाद और आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गया है।

गत दिनों आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था एलजी साहब आपने अगर एक भी काला कारनामा किया है तो आप को जांच का सामना करना पड़ेगा। अभी तो एक-एक करके शुरुआत हुई है। जांच की आंच से आप बचेंगे नहीं। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ आपने जांच कराई हम लोगों ने उसका स्वागत किया और फर्जी मामले में भी जांच का स्वागत किया। लेकिन चीख-चीख कर बोलने वाली भाजपा यहां एक भी एफआईआर एलजी वीके सक्सेना के खिलाफ नहीं दर्ज करा रही है।

---

# सिसोदिया के खिलाफ भाजपा ने मेट्रो स्टेशनों पर बांटे पर्चे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भाजपा की दिल्ली इकाई के नेताओं ने बुधवार को यहां कई मेट्रो स्टेशनों के बाहर पुरानी आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं को लेकर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बर्खास्त करने की मांग करते हुए यात्रियों के बीच पर्चे बांटे।

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन पर इस अभियान में हिस्सा लेते हुए कहा कि उनकी पार्टी तबतक चैन नहीं लेगी जबतक सिसोदिया को अरविंद केजरीवाल मंत्रिमंडल से हटाया नहीं जाता है।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार की आबकारी नीति में व्यापक अनियमितताओं के माध्यम से करोड़ों रूपए लूट लिए गए। यह सरकारी राजस्व था जिसका उपयोग जनकल्याण के लिए किया जा सकता था।

---

# 'देश भर में सरकारी स्कूलों में 80% की दशा दयनीय'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● सीएम ने पीएम को लिखा पत्र, साथ मिलकर काम करने को कहा

शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपने काम के बल पर दिल्ली की सत्ता में वापसी करने वाली आम आदमी पार्टी के मुखिया और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खत लिखा है। इस खत में उन्होंने देश भर के स्कूलों को अपग्रेड करने को लेकर पीएम पर इशारों-इशारों में हमला किया है। दरअसल, प्रधानमंत्री ने देश के 14,500 स्कूलों को अपग्रेड करने का ऐलान किया है। इस पर कटाक्ष करते हुए केजरीवाल ने पीएम मोदी को लिखे पत्र में कहा है कि इस गति से चले तो देश भर के सारे स्कूलों ठीक करने में 100 साल लग जाएंगे। उन्होंने पत्र में आरोप लगाया कि देश में 80 फीसदी से ज्यादा सरकारी स्कूल कबाड़खानों से भी बदतर हैं।

अरविंद केजरीवाल ने हिंदी में लिखे पत्र में कहा, देशभर में रोज 27 करोड़ बच्चे स्कूल जाते हैं। इनमें से लगभग 18 करोड़ बच्चे सरकारी स्कूलों में जाते हैं। 80 प्रतिशत से ज्यादा सरकारी स्कूलों की हालत किसी कबाड़खाने से भी ज्यादा खराब है। अगर करोड़ों बच्चों को सरकारें ऐसी शिक्षा दे रहे हैं तो सोचिए भारत कैसे विकसित देश बनेगा। मुख्यमंत्री कहा आपने 14,500 स्कूलों को अपग्रेड करने का ऐलान किया यह बहुत अच्छा लेकिन देश में 10 लाख सरकारी स्कूल हैं। इस तरह तो सारे स्कूल ठीक करने में सौ साल से ज्यादा लग जाएंगे।

---

# पीएम आज करेंगे कर्त्तव्य पथ का उद्घाटन



इंडिया गेट से राष्ट्रपति भवन तक अत्याधुनिक सुविधाओं वाले कर्त्तव्य पथ का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार को करेंगे उद्घाटन। फोटो: रंजन डिमरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● इंडिया गेट पर स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का होगा अनावरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को कर्त्तव्य पथ का उद्घाटन और इंडिया गेट पर स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को एक बयान में दी।

ज्ञात हो कि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय से मिले एक प्रस्ताव को पारित कर राजपथ का नाम बदलकर कर्त्तव्य पथ कर दिया। अब इंडिया गेट पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा से लेकर राष्ट्रपति भवन तक पूरे इलाके को कर्त्तव्य पथ कहा जाएगा।

पीएमओ ने कहा कि पूर्ववर्ती राजपथ सत्ता का प्रतीक था और उसे कर्तव्य पथ का नाम दिया जाना बदलाव का परिचायक है और यह सार्वजनिक स्वामित्व तथा सशक्तीकरण का एक उदाहरण भी है। पीएमओ ने कहा कि कर्तव्य पथ का उद्घाटन और सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण प्रधानमंत्री मोदी के अमृत काल में नए भारत के लिए पंच प्रण के आह्वान के दूसरे प्रण के अनुकूल है, जिसमें उन्होंने औपनिवेशिक मानसिकता की हर निशानी को समाप्त करने की बात कही थी। राजपथ और सेंट्रल विस्टा एवेन्यू के आसपास के इलाकों में भीड़ के कारण बुनियादी ढांचे पर पड़ते दबाव और सार्वजनिक शौचालय, पीने के पानी, स्ट्रीट फर्नीचर और पार्किंग स्थल की पर्याप्त व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण राजपथ का पुनर्विकास किया गया है। पीएमओ ने कहा कि इसमें वास्तु शिल्प का चरित्र बनाए रखने और अखंडता भी सुनिश्चित की। कर्त्तव्य पथ बेहतर सार्वजनिक स्थानों और सुविधाओं को प्रदर्शित करेगा, जिसमें पैदल रास्ते के साथ लॉन, हरे-भरे स्थान, नवीनीकृत नहरें, मार्गों के पास लगे बेहतर बोर्ड, नई सुविधाओं वाले ब्लॉक और बिक्री स्टॉल होंगे।

नए अंडरपास, बेहतर पार्किंग स्थल, नए प्रदर्शनी पैनल और रात्रि के समय जलने वाली आधुनिक लाइट से लोगों को बेहतर अनुभव होगा। पीएमओ ने कहा कि इसमें भारी वर्षा के कारण एकत्र जल का प्रबंधन, उपयोग किए गए पानी का पुनर्चक्रण, वर्षा जल संचयन और ऊर्जा कुशल प्रकाश व्यवस्था जैसी अनेक दीर्घकालिक सुविधाएं शामिल हैं।

### मूर्तिकार अरुण ने तैयार की है 28 फुट ऊंची प्रतिमा

मुख्य मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा तैयार की गई 28 फुट ऊंची प्रतिमा को एक ग्रेनाइट पत्थर पर उकेरा गया है और इसका वजन 65 मीट्रिक टन है। इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा उसी स्थान पर स्थापित की जा रही है, जहां इस साल की शुरुआत में पराक्रम दिवस (23 जनवरी) के अवसर पर नेताजी की होलोग्राम प्रतिमा का अनावरण किया गया था। पीएमओ ने कहा कि ग्रेनाइट से बनी यह प्रतिमा हमारे स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी के योगदान के लिए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी, और देश के उनके प्रति ऋणी होने का प्रतीक होगी।

---


## राठी स्टील एंड पॉवर लिमिटेड

CIN - L27109DL1971PLC005905
पंजीकृत कार्यालयः 24/1—ए, मोहन सहकारी औद्योगिक एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली—110044,
वेबः www.rathisteelandpower.com,
ई—मेलः investors@rathisteelandpower.com, दूरभाषः 011-40512426

**राठी स्टील एंड पॉवर लिमिटेड की 51वीं वार्षिक आम बैठक, बुक क्लोजर और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सूचना का नोटिस**

**वार्षिक आम बैठकः** एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी के सदस्यों की 51वीं वार्षिक आम बैठक बुधवार, 28 सितंबर, 2022 को शाम 05.00 बजे नोटिस में उल्लिखित व्यवसाय के लेन—देन के उद्देश्य से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी') / अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित की जाएगी। उक्त एजीएम की सूचना, ई—वोटिंग निर्देश और वर्ष 2021—22 की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी के उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेज दी गई है जिनके ईमेल आईडी डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं। उक्त नोटिस, ई—वोटिंग निर्देश और वर्ष 2021—22 की वार्षिक रिपोर्ट भी अन्य सभी सदस्यों को उनके पंजीकृत पते पर अनुमत माध्यम से भौतिक रूप में भेजी गई है। वार्षिक रिपोर्ट 2021—22 की एक प्रति एजीएम नोटिस और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग के निर्देश (ई—वोटिंग) के साथ कंपनी की वेबसाइट (www.rathisteelandpower.com) पर भी उपलब्ध कराई जाएगी।

**बुक क्लोजरः** एतद्द्वारा यह भी सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के अनुसार, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 10 और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, के साथ पठित और सेबी एलओडीआर विनियम, 2015 के अनुपालन में स्टॉक एक्सचेंज, कि 28 सितंबर, 2022 को निर्धारित कंपनी की वार्षिक आम बैठक के उद्देश्य के लिए कंपनी के सदस्यों और शेयर ट्रांसफर बुक्स का रजिस्टर 22 सितंबर, 2022 से 28 सितंबर, 2022 (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेगा। शाम 05.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") / अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम ("ओएवीएम") के माध्यम से।

**इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सूचनाः** भौतिक रूप में या अभौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्य, कट—ऑफ तिथि के अनुसार 21 सितंबर, 2022 एनएसडीएल की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से 51 वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना में निर्धारित सामान्य और विशेष व्यवसायों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि (क) 51वीं एजीएम की सूचना में निर्धारित सामान्य व्यवसाय और विशेष व्यवसाय इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग द्वारा किए जा सकते हैं (ख) 51वीं एजीएम की सूचना भेजने की समाप्ति की तिथि 06 सितंबर, 2022 है (ग) इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान 25 सितंबर, 2022 को सुबह 09.00 बजे शुरू होगा और 27 सितंबर, 2022 को शाम 05.00 बजे समाप्त होगा (घ) इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की अनुमति 27 सितंबर, 2022 को शाम 05.00 बजे के बाद नहीं दी जाएगी (ङ) 51वीं एजीएम की सूचना कंपनी की वेबसाइट अर्थात www.rathisteelandpower.com और एनएसडीएल वेबसाइट अर्थात https://www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध कराई जाएगी। (च) इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग की प्रक्रिया और तरीके के लिए, सदस्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग निर्देशों के माध्यम से या ई—वोटिंग से जुड़े किसी भी प्रश्न/शिकायत के मामले में, सदस्य शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) का उल्लेख कर सकते हैं। तथा शेयरधारकों के लिए ई—वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका https://www.evoting.nsdl.com/ के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध है या वैकल्पिक रूप से कंपनी की ईमेल आईडी investors@rathisteelandpower.com पर संपर्क कर सकते हैं।

बोर्ड की आदेशानुसार
कृते राठी स्टील एंड पावर लिमिटेड
हस्ता/—
(निर्देशक)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 05.09.2022



## कॉस्को (इंडिया) लिमिटेड

सीआईएन : एल25199डीएल1980पीएलसी010173
पंजीकृत कार्यालय : 2/8, रूप नगर, दिल्ली—110007
वेबसाइट : www.cosco.in ई—मेल : mail@cosco.in
फोन : +91—11—23843000, फैक्स : +91—11—23846000
बीएसई व्यापार प्रतीक : COSCO

### 43वीं वार्षिक सामान्य बैठक, रिमोट ई—वोटिंग जानकारी तथा बही बंदी की सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कॉस्को (इंडिया) लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की 43वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) शुक्रवार, 30 सितम्बर, 2022 को दोपहर 12.00 बजे, वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से, एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय(यों) का निष्पादन केवल ई—वोटिंग सुविधा के माध्यम से करने हेतु आयोजित की जाएगी।

एजीएम का आयोजन कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों तथा कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी सर्कुलर दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 5 मई, 2020, 13 जनवरी, 2021 और 5 मई, 2022 (एमसीए सर्कुलर्स) और सेबी सर्कुलर(सर्कुलर्स) के अनुपालन में, केवल वीसी/ओएवीएम के माध्यम से किया जाएगा। एजीएम के लिए परोक्षी की नियुक्ति हेतु सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। एजीएम में इलेक्ट्रॉनिक विधि से भाग लेने हेतु अनुदेश एजीएम की सूचना में दिए गए हैं।

एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2021—22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड से उन सदस्यों को 07 सितम्बर, 2022 को भेजी जा चुकी है, जिनका ई—मेल पता कम्पनी अथवा सीडीएसएल/एनएसडीएल ("डिपॉजिटरीज") के पास पंजीबद्ध है तथा कम्पनी की वेबसाइट www.cosco.in पर तथा स्टॉक एक्सचेंज नामतः बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होंगी।

जिन सदस्यों ने अपना ई—मेल पता पंजीबद्ध नहीं करवाया है और उसके फलस्वरूप एजीएम की सूचना सहित वार्षिक रिपोर्ट तथा ई—वोटिंग अनुदेश प्राप्त नहीं हुए हैं, वे अपना ई—मेल पता और मोबाइल नंबर, इलेक्ट्रॉनिक फोलियो के मामले में, कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट, स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के पास info@skylinerta.com पर अथवा admin@skylinerta.com पर मेल के साथ हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की स्कैन प्रति, ई—मेल पता, मोबाइल नंबर, पैन की स्व—सत्यापित प्रति तथा क्लाइंट मास्टर प्रति के उल्लेख के साथ भेजकर पंजीबद्ध करवा सकते हैं तथा भौतिक फोलियो के मामले में, शेयर प्रमाणपत्र की प्रति (प्रमाणपत्र के फ्रंट और बैक दोनों) भेजकर करवा सकते हैं, ताकि एजीएम की सूचना, वार्षिक रिपोर्ट तथा ई—वोटिंग अनुदेश प्राप्त कर सकें।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, यथा संशोधित, के नियम 20 तथा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015, भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सचिवीय मानक —2 और एमसीए सर्कुलर (सर्कुलर्स) के अनुपालन में सदस्यों को 43वीं एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध सभी प्रस्तावों पर अपना वोट रिमोट ई—वोटिंग द्वारा (एजीएम से पहले) तथा ई—वोटिंग द्वारा (एजीएम के दौरान) डालने की सुविधा नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

कम्पनी ने इलेक्ट्रॉनिक विधि से एजीएम का संचालन करने हेतु स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की सेवाएं बतौर अधिकृत एजेन्सी अनुबंधित की हैं। रिमोट ई—वोटिंग अवधि सोमवार, 26 सितम्बर, 2022 को (पूर्वा. 09.00 बजे आईएसटी) आरंभ होगी तथा बृहस्पतिवार, 29 सितम्बर, 2022 को (अप. 05.00 बजे आईएसटी) समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, भौतिक या अभौतिक रूप में शेयरों के धारक कम्पनी के ग्राह्य सदस्य अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक विधि से डालने हेतु ग्राह्य होंगे। तदुपरांत, एनएसडीएल द्वारा ई—वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा अर्थात 29 सितम्बर, 2022 के अप. 05.00 बजे के बाद वोटिंग की अनुमति नहीं होगी। ई—वोटिंग हेतु सुविधा एजीएम के दौरान भी उन सदस्यों के लिए उपलब्ध होगी, जो एजीएम में उपस्थित हैं तथा अपना वोट पहले नहीं डाला है। एजीएम से पहले रिमोट ई—वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके सदस्य भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हो सकते/भाग ले सकते हैं, परंतु अपना वोट दोबारा डालने के हकदार नहीं होंगे।

कम्पनी ने सीएस रवि शर्मा (सदस्यता सं. 4468) कार्यरत कम्पनी सचिव को एजीएम में ई—वोटिंग प्रक्रिया की संवीक्षा एक निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया है।

कोई व्यक्ति, जो सूचना प्रेषण के बाद कम्पनी के शेयर अर्जित करता है तथा कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट—ऑफ तिथि को शेयरधारक है, अपना वोट डालने के लिए info@skylinerta.com पर अथवा admin@skylinerta.com पर अथवा evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त करने तथा ई—वोटिंग का प्रयोग करने हेतु विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में दी गई है।

रिमोट ई—वोटिंग द्वारा और एजीएम में ई—वोटिंग द्वारा वोट डालने हेतु ग्राह्यता के निर्धारण हेतु कट—ऑफ तिथि शुक्रवार, 23 सितम्बर, 2022 है।

वोटिंग के परिणाम एजीएम की समाप्ति से 48 घंटे के भीतर अर्थात 03 अक्टूबर, 2022 को अथवा पूर्व घोषित किए जाएंगे तथा उक्त घोषित परिणाम समेकित संवीक्षक की रिपोर्ट सहित कम्पनी की वेबसाइट www.cosco.in पर प्रकाशित किए जाएंगे।

शेयरधारक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग के संबंध में किसी संदेह/शिकायत के लिए www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन में हेल्प सेक्शन के तहत उपलब्ध बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूज) तथा शेयरधारकों के लिए ई—वोटिंग यूजर मैनुअल देखें अथवा evoting@nsdl.co.in को ई—मेल करें अथवा सुश्री सरिता मोटे, सहायक प्रबंधक, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, ट्रेड वर्ल्ड, "ए" विंग, चतुर्थ तल, कमला मिल्स कम्पाउण्ड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई—400013, ई—मेल आईडी :— evoting@nsdl.co.in; pallavid@nsdl.co.in फोन नंबरः 022—24994545 /1800—222—990 से सम्पर्क करें।

एतद्द्वारा यह भी सूचना दी जाती है कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 विनियम 42 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 तथा लागू नियमों के अनुसरण में, कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर अंतरण बहियां शनिवार, 24 सितम्बर, 2022 से शुक्रवसा, 30 सितम्बर, 2022 तक (दोनों तिथियों सहित) 43वीं एजीएम तथा 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए एजीएम के प्रयोजनार्थ सदस्यों के अधिकार निर्धारण के लिए बंद रहेंगी।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
वास्ते कॉस्को (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता./—
देविन्दर कुमार जैन
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
(डीआईएन : 00191539)

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 07 सितम्बर, 2022



## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली—110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह—कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ओम प्रकाश, शांता, कोठी नंबर जी—34, प्रथम तल, सेक्टर—56, जी.बी. नगर, नोएडा—201301 खाता नंबर :— LBDEL00000965954 | फ्लैट टाइप बी, सीजीईडब्ल्यूएचओ, सेक्टर—82, नोएडा—201301 | 13—06—2022 रू. 6,60,276/— | 08—04 —2014 |
| 2. | अरविंद कुमार मिश्रा, हरेन्द्र कुमार मिश्रा, 880/31, लक्ष्मण विहार, गली नंबर 1, अपना एन्क्लेव के सामने, गुरूग्राम— 122051 खाता नंबर :— LBNOD00001950278 | फ्लैट नंबर एलडी—1—16—503, दि कोव जेपी ग्रीन्स, स्पोर्ट्स सिटी, नोएडा—201301 | 13—06—2022 रू. 2,56,077/— | 31—07 —2018 |
| 3. | राजीव द्विवेदी, रश्मि द्विवेदी, जी—266, फेज नंबर 06, केएच नंबर 1529, आदर्श एन्क्लेव, आया नगर एक्सटेंशन, दिल्ली—110047 खाता नंबर :— LBFDB00002734519 | फ्लैट नंबर 302, 14वां तल, सेक्टर—7, टाइप बी, टाइप बी—3, एसआरएस पाम होम्स, पलवल, हरियाणा, फरीदाबाद—121001 | 13—06—2022 रू. 10,27,206/— | 31—12 —2018 |
| 4. | सुभाष चंदर लूथरा, चांद रानी, डी—18, द्वितीय तल, अजय एन्क्लेव, दिल्ली— 110018 खाता नंबर :— LBDEL00001623787 | फ्लैट नंबर डी—18, द्वितीय तल, अजय एन्क्लेव, दिल्ली— 110028 | 13—06—2022 रू. 33,67,154/— | 05—08 —2009 |
| 5. | सुखपाल सिंह, रेखा सिंह, जे—191, (गामा सेकंड) वाई—इंट., ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश, नोएडा—201301 खाता नंबर :— LBDEL00000379476 | प्लॉट नंबर 191, ब्लॉक जे, सेक्टर—गामा, दिल्ली, दिल्ली—201301 | 13—06—2022 रू. 11,46,198/— | 26—09 —2003 |
| 6. | सूरज कुमार, राजीव, एफ 3/108 ए, प्रथम तल, संगम विहार, दिल्ली—110062 खाता नंबर :— LBDEL00002305585 | फ्लैट नंबर यूडीएनए 010002, टावर—ए—01, उडान अपार्टमेंट, ग्रुप हाउसिंग—पाकेट—जीएच 6, सेक्टर—22, जेपी ग्रीन्स स्पोर्ट्स सिटी, ईस्ट मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश, नोएडा—201301 | 13—06—2022 रू. 8,08,179/— | 02—03 —2022 |
| 7. | सुशील कुमार, विमला, 201—बी, पाकेट—सी, सिद्धार्थ एक्सटेंशन, निकट जीवन हॉस्पिटल, नई दिल्ली, दिल्ली—110014 खाता नंबर :— LBDEL00001513088 | रजि. नंबर 22420, स्कीम कोड नंबर 2006—07 (एच) (02), एलआईजी फ्लैट न्यू ओखला डेवलपमेंट अथॉरिटी, उत्तर प्रदेश, नोएडा—201301 | 13—06—2022 रू. 6,05,149/— | 11—05 —2019 |
| 8. | त्रिलोक दीक्षित, राजेन्द्र प्रसाद दीक्षित, फ्लैट नंबर 3091, ब्लॉक नंबर 8, सेक्टर—4 ए, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद—201010 खाता नंबर :— LBGHZ00001414949 | फ्लैट नंबर 3091, सेक्टर—4 ए, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद—201010 | 13—06—2022 रू. 6,43,795/— | 02—08 —2022 |
| 9. | विनोद पाठक, अनीता पाठक, ई—513, जलवायु टावर, सेक्टर—56, हरियाणा, गुरूग्राम—122003, खाता नंबर :— LBDEL00000611278 | फ्लैट नंबर ई—513, जलवायु टावर, सेक्टर—56, हरियाणा, गुरूग्राम—122002, | 13—06—2022 रू. 10,30,494/— | 02—05 —2009 |
| 10. | असित मित्तल, नविता मित्तल, डी—102, सेक्टर—55, नोएडा—201301 खाता नंबर :— LBDEL00000359297 | फ्लैट नंबर सी, शिवकला अपार्टमेंट, शिव सहकारी आवास समिति लि., बी—9/11, सेक्टर—62, नोएडा | 13—06—2022 रू. 34,70,015/— | 26—09 —2010 |
| 11. | कन्हैया लाल शर्मा, राधा शर्मा, एच नंबर 108 ए, भू तल, बैक पोर्शन, सेक्टर—11 डी, फरीदाबाद—121006 खाता नंबर :— LBFDB00001035933 | प्लॉट नंबर 108 ए, भू तल, (रियर साइड), सेक्टर—11, ब्लॉक डी, डीएलफ माडल टाउन, फरीदाबाद—121003 | 13—06—2022 रू. 10,54,251/— | 05—10 —2021 |
| 12. | मुनेन्द्र दीक्षित, ज्योति दीक्षित, फ्लैट नंबर 12 ए, ब्लॉक डब्ल्यूपी, पीतमपुरा, दिल्ली— 110088 खाता नंबर :— LBGUR00001378121 | फ्लैट नंबर 3020, तृतीय तल, टाइप—सी, श्रीकृष्ण लोक, वृंदावन, मथुरा—281204 | 13—06—2022 रू. 7,10,683/— | 03—10 —2022 |
| 13. | सोमा रे, इला रे, फ्लैट नंबर ए—419, गौड़ गैलेक्सी अपार्टमेंट, वैशाली, सेक्टर—5, 5वां तल, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद खाता नंबर :— LBDEL00000584895 | फ्लैट नंबर ए—419, चतुर्थ तल, प्लॉट नंबर 5, गौड़ गैलेक्सी, वैशाली, सेक्टर—5, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद—201010 | 13—06—2022 रू. 2,20,223/— | 03—07 —2022 |
| 14. | स्पर्श गुप्ता, मनोज कुमार, एच नंबर 65, सेक्टर—30, ओल्ड फरीदाबाद—121002 खाता नंबर :— LBFDB00003669864 | फ्लैट नंबर 707, टाइप बी, टावर 7, 7वां तल, ऑरिक सिटी होम्स, ग्राम भटोला, सेक्टर—82, हरियाणा, फरीदाबाद—121001 | 13—06—2022 रू. 4,95,360/— | 31—03 —2022 |
| 15. | विनय कुमार, सुनीता, ई—6, बालाजी अपा., प्लॉट नंबर 7, सेक्टर—3, द्वारका, दिल्ली—110045 खाता नंबर :— LBDEL00000646625 | फ्लैट नंबर ई—6, बालाजी अपा., प्लॉट नंबर 7, सेक्टर—3, द्वारका, दिल्ली—110078 | 13—06—2022 रू. 3,37,437/— | 31—12 —2020 |
| 16. | अमन कुमार, राकेश कुमारी, एच नंबर 90, ग्राम तिलंगपुर कोटला, नई दिल्ली—110041 खाता नंबर :— LBDEL00002272931 | फ्लैट नंबर 811, 8वां तल, टावर लाइफ सुइट्स गायत्री एलआई, टावर ब्रीज ए लाइफ सुइट्स, प्लॉट नंबर जीएच—01, सेक्टर—16, नोएडा—201303 | 09—06—2022 रू. 3,16,369/— | 31—05 —2015 |
| 17. | अमन कुमार, राकेश कुमारी, एच नंबर 90, ग्राम तिलंगपुर कोटला, नई दिल्ली—110041 खाता नंबर :— LBDEL00002094434 | फ्लैट नंबर 811, 8वां तल, टावर लाइफ सुइट्स गायत्री एलआई, टावर ब्रीज ए लाइफ सुइट्स, प्लॉट नंबर जीएच—01, सेक्टर—16, नोएडा—201303 | 09—06—2022 रू. 43,22,637/— | 31—05 —2015 |
| 18. | बृजेश कुमार शर्मा, शकुंतला शर्मा, एच. नंबर 17, गली नंबर 1, शिवपुर, न्यू विजय नगर, गाजियाबाद—201001 खाता नंबर :— LBDEL00000362377 | प्लॉट नंबर आर—216, एचआईजी ड्यूपलेक्स, प्रताप विहार, गाजियाबाद—201301 | 09—06—2022 रू. 6,72,712/— | 31—05 —2015 |
| 19. | बृजेश कुमार शर्मा, शकुंतला शर्मा, एच. नंबर 17, गली नंबर 1, शिवपुर, न्यू विजय नगर, गाजियाबाद—201001 खाता नंबर :— LBDEL00000376913 | प्लॉट नंबर आर—216, एचआईजी ड्यूपलेक्स, प्रताप विहार, गाजियाबाद—201301 | 09—06—2022 रू. 2,87,557/— | 29—02 —2016 |
| 20. | बृजेश कुमार शर्मा, शकुंतला शर्मा, एच. नंबर 17, गली नंबर 1, शिवपुर, न्यू विजय नगर, गाजियाबाद—201001 खाता नंबर :— LBNOD00000563607 | प्लॉट नंबर आर—216, एचआईजी ड्यूपलेक्स, प्रताप विहार, गाजियाबाद—201301 | 09—06—2022 रू. 2,73,257/— | 29—02 —2016 |
| 21. | मोहित नकरा, श्वेता नकरासे 417, एलवएल 4, 530 लिटिल कोलिंस्ट, मेलबोर्न विक 3000 मेलबोर्न 530 लिटिल कोलिंस्ट, मेलबोर्न विक 3000 मेलबोर्न, 3000 खाता नंबर :— LBNOD00001987531 | प्लॉट नंबर टी 6—504, पार्क जेनरेशन्स, सेक्टर—37 डी, गुरूग्राम—201301 | 09—06—2022 रू. 4,48,074/— | 31—10 —2018 |
| 22. | मोहित नकरा, श्वेता नकरासे 417, एलवएल 4, 530 लिटिल कोलिंस्ट, मेलबोर्न विक 3000 मेलबोर्न 530 लिटिल कोलिंस्ट, मेलबोर्न विक 3000 मेलबोर्न, 3000 खाता नंबर :— LBNOD00001981408 | प्लॉट नंबर टी 6—504, पार्क जेनरेशन्स, सेक्टर—37 डी, गुरूग्राम—201301 | 09—06—2022 रू. 97,59,087/— | 31—10 —2018 |
| 23. | अम्बिका शर्मा, विकास कुमार सी 1053, टावर—14, रिवर हाइट, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद—201001 खाता नंबर :— LBGHZ00002390510 | फ्लैट नंबर 1632, 15वां तल, प्लॉट नंबर जीएच—05 सी टावर — शैरोन गौड़ सौन्दर्यम, ब्लॉक—शैरोन, सेक्टर टेकजोन—4, नोएडा—201307 | 09—06—2022 रू. 1,93,856/— | 07—01 —2021 |
| 24. | अम्बिका शर्मा, विकास कुमार सी 1053, टावर—14, रिवर हाइट, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद—201001 खाता नंबर :— LBGHZ00002352988 | फ्लैट नंबर 1632, 15वां तल, प्लॉट नंबर जीएच—05 सी टावर — शैरोन गौड़ सौन्दर्यम, ब्लॉक—शैरोन, सेक्टर टेकजोन—4, नोएडा—201307 | 09—06—2022 रू. 14,19,377/— | 07—01 —2021 |
| 25. | राजीव ढाका, मुकेश कुमारी, एच नंबर एस—2, ए—202, गोविंद पुरम, ए ब्लॉक, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद—201013 खाता नंबर :— LBGHZ00002608194 | एस—2, द्वितीय तल, ब्लॉक सी, एलएचएस ए—202, गोविंद पुरम, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद—201001 | 09—06—2022 रू. 4,10,312/— | 03—05 —2022 |
| 26. | राजीव ढाका, मुकेश कुमारी, एच नंबर एस—2, ए—202, गोविंद पुरम, ए ब्लॉक, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद—201013 खाता नंबर :— LBGHZ00001168468 | एस—2, द्वितीय तल, ब्लॉक सी, एलएचएस ए—202, गोविंद पुरम, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद—201001 | 09—06—2022 रू. 5,51,842/— | 03—05 —2022 |
| 27. | सुबीर कुमार, प्रीति प्रभा, प्लॉट नंबर ए—2455 जीएफ ग्रीन फील्ड कालोनी निकट एवरग्रीन स्कूल, फरीदाबाद, हरियाणा—121001 खाता नंबर :— LBNOD00000989014 | प्लॉट नंबर ए—2455 भू तल, ग्रीन फील्ड कालोनी निकट एवरग्रीन स्कूल, फरीदाबाद, हरियाणा—121001 | 09—06—2022 रू. 4,37,994/— | 05—06 —2021 |
| 28. | सुबीर कुमार, प्रीति प्रभा, प्लॉट नंबर ए—2455 जीएफ ग्रीन फील्ड कालोनी निकट एवरग्रीन स्कूल, फरीदाबाद, हरियाणा—121001 खाता नंबर :— LBDEL00005047540 | प्लॉट नंबर ए—2455 भू तल, ग्रीन फील्ड कालोनी निकट एवरग्रीन स्कूल, फरीदाबाद, हरियाणा—121001 | 09—06—2022 रू. 3,39,271/— | 05—06 —2021 |
| 29. | रमेश गुप्ता, नीरू गुप्ता, एच—3/97, सेक्टर—18, रोहिणी, दिल्ली—110085 खाता नंबर :— LBDEL00001842438 | प्लॉट नंबर 97, ब्लॉक—एच, पाकेट—3, सेक्टर—18, रोहिणी, दिल्ली—110085 | 09—06—2022 रू. 27,42,543/— | 02—01 —2010 |
| 30. | रमेश गुप्ता, नीरू गुप्ता, एच—3/97, सेक्टर—18, रोहिणी, दिल्ली—110085 खाता नंबर :— LBDEL00001636232 | प्लॉट नंबर 97, ब्लॉक—एच, पाकेट—3, सेक्टर—18, रोहिणी, दिल्ली—110085 | 09—06—2022 रू. 5,21,77,276/— | 02—01 —2010 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 08 सितंबर, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 8 सितंबर, 2022



# फरूखनगर : पीडब्ल्यूडी की सड़कों व नालों को टेकओवर करेगी नपा

### पिछले दिनों फरूखनगर दौरे में डीसी के सामने आई थी ये समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में फरूखनगर नगर पालिका क्षेत्र में सड़कों को लेकर बैठक लेते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**फरूखनगर** नगर पालिका क्षेत्र की सड़कों के जीर्णोद्धार व सड़कों पर जलभराव की समस्या के निवारण के लिए बुधवार को जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में आयोजित इस बैठक में पटौदी के एसडीएम प्रदीप कुमार, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विशाल कुमार, नगर पालिका फरूखनगर के सचिव नरेश कुमार सहित नगरपालिका के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

बैठक में डीसी श्रीयादव ने बताया कि पिछले दिनों उनके फरूखनगर दौरे के समय नगर पालिका क्षेत्र के वासियों ने उन्हें पालिका क्षेत्र की सड़कों की जर्जर हालत व सड़कों के साथ लगते नालों में पानी की सही निकासी नहीं होने के चलते सड़क पर होने वाली जलभराव की समस्या से अवगत कराया था। इसमें तीन सड़क नामत: डाबोधा मोड़ से फरूखनगर बस स्टैंड, बस स्टैंड से पावर हाउस व नारायण सिंह मंत्री के घर से अम्बा मार्बल्स (ढाणी चांद नगर) शामिल हैं। बैठक में लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विशाल कुमार ने बताया कि डाबोधा मोड़ से फरूखनगर बस स्टैंड तक की सड़क का पैच वर्क का कार्य पूरा किया जा चुका है। बस स्टैंड से पावर हाउस तक की सड़क पर भी आगामी एक सप्ताह में पैच वकर्ज़ का कार्य पूरा हो जाएगा। इसके अतिरिक्त नगर पालिका फरूखनगर ने नारायण सिंह मंत्री के घर से अम्बा मार्बल्स तक की सड़क को बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग से एनओसी की मांग की है, जो उन्हें जल्द ही उपलब्ध करा दी जाएगी।

बैठक में सड़कों पर जलभराव की समस्या पर नगर पालिका फरूखनगर के सचिव नरेश कुमार ने बताया कि लोक निर्माण विभाग की सड़कों के साथ लगते नालों के अवरुद्ध होने के चलते सड़क पर जलभराव की समस्या निरंतर बनी रहती है। चूंकि सड़कों की सफाई का कार्य लोक निर्माण विभाग के जिम्मे है, ऐसे में नगर पालिका को इस समस्या के निवारण में काफी दिक्कतें आ रही हैं।

# शहर में 25 रामलीलाओं का मंचन तीन स्थानों पर

### हर वर्ष की भांति इस साल भी रामलीला आयोजन की तैयारियां शुरू होने लगी

**सोहना।** शहर में रामलीला मंचन 25 सितम्बर से शुरू होंगे। वहीं कलाकरों ने अपने-अपने किरदारों को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। हर वर्ष की भांति इस साल भी रामलीला आयोजन की तैयारियां शुरू होने लगी हैं। इस बार भी रामलीला हर वर्ष की तरह तीन संस्थाओं द्वारा आयोजित की जाएंगी। जिनमें श्री शानदार रामलीला क्लब द्वारा हनुमान बगीची में आयोजित की जाएंगी। श्रीशिव रामलीला कमेटी शिव कालोनी द्वारा खेल स्टेडियम में तथा श्रीसनातन धर्म सभा द्वारा इस स्थान में परिवर्तन करते हुए पंजाबी धर्मशाला में रामलीलाओं का मंचन करने फैसला लिया है।

**कब और कौन सा मंच होगा :** संस्थाओं द्वारा रामलीला का मंचन 25 सितम्बर से किया जाएगा। जिसके तहत 25 सितम्बर को नारद मोह, 26 सितम्बर को राम जन्म, 27 सितम्बर को सीता स्वयंवर, 28 सितम्बर को दशरथ केकई संवाद, 29 सितम्बर को श्रवण कुमार नाटक, 30 को स्वरूपनखा नाक भंग, 1 अक्टूबर को सीता हरण, 2 अक्टूबर को अशोक वाटिका उजड़ना, 3 अक्टूबर को रावण अंगद संवाद, 4 अक्टूबर को लक्ष्मण मूर्छा आदि का मंचन किया जाएगा। इसके अलावा 5 अक्टूबर को रावण दहन व दशहरा पर्व का आयोजन किया जाएगा।

**क्या कहते हैं संस्था प्रतिनिधि :** श्रीशानदार रामलीला क्लब के कार्यकारी प्रधान सतेंद्र गर्ग बंटी व श्रीसनातन धर्म सभा राम मंदिर के प्रधान डॉक्टर नरेश पाहुजा ने संयुक्त रूप से बताया कि रामलीला मंचन 25 सितम्बर से शुरू होगा। जिसके लिए तैयारियां आरम्भ कर दी गई हैं। कलाकारों द्वारा रिहर्सल जारी है। उन्होंने यह भी बताया कि रामलीला मंचन बेहतरीन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य योग चैम्पियनशिप में छात्र-छात्राओं ने दिखाई योग की कलाएं



गुरुग्राम के सेक्टर-9 स्थित राजकीय महाविद्यालय में राज्य योग चैंपियनशिप में योग के करतब दिखाते प्रतिभागी।

**गुरुग्राम।** उच्चतर शिक्षा निदेशालय के सौजन्य से राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय योग चैम्पियनशिप में हरियाणा के 21 महविद्यालयों के विद्यार्थियों ने योग कला का शानदार प्रदर्शन किया। छात्राओं की प्रतियोगिता के प्रथम चरण में राजीव गांधी महाविद्यालय भिवानी की टीम ने राजकीय महाविद्यालय पानीपत को हराकर फाइनल चरण में अपना स्थान बनाया। राजकीय महाविद्यालय हांसी की टीम ने डीएवी फरीदाबाद को हराकर फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। डीजीसी गुरुग्राम की टीम ने भी फाइनल में अपनी जगह बनाई। छात्रों की प्रतियोगिता के प्रथम चरण में एमएनएस राजकीय महाविद्यालय भिवानी की टीम ने राजकीय महाविद्यालय हांसी को हराकर फाइनल में जगह बना ली। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की टीम ने डीएवी महाविद्यालय फरीदाबाद को हराकर फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। द्रोणाचार्य महाविद्यालय गुरुग्राम की टीम ने डीएन महाविद्यालय हिसार को हराकर फाइनल चरण में पहुंच गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणधीर सिंह ने कहा कि योग हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा होना चाहिए। योग से न केवल शरीर ठीक रहता है, बल्कि मन को भी शांति मिलती है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सतीश यादव ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। हरियाणा प्रदेश के लगभग सभी जिलों से प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आए हैं। इस अवसर पर डॉ. कृष्णा मल्हान, डॉ. राजेश कुण्डू, डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. मीनाक्षी दलाल, डॉ. सुरेंद्र कादयान, डॉ. ललिता गौड़, अजय कुमार सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं अन्य स्टाफसदस्य उपस्थित रहे।

### एक महीने तक चलेगा बुढ़ापा कार्यक्रम: ललित पटवर्धन

**गुरुग्राम।** जिला में वरिष्ठ नागरिकों को उनके सामान्य व विशेष अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 9 सितंबर से 8 अक्टूबर के बीच विशेष जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। एजिंग विद डिग्निटी (गरिमा के साथ बुढ़ापा) नामक शीर्षक के साथ शुरू होने वाले इस अभियान के अंतर्गत उपरोक्त अवधि में जिला में विभिन्न स्थानों पर जागरुकता अभियान के साथ साथ स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण गुरुग्राम की सचिव ललिता पटवर्धन के मुताबिक पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष ऑगस्टीन जार्ज मसीह व गुरुग्राम के जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एसपी सिंह के निर्देशानुसार इस अभियान तहत जिला में जारी पोषण अभियान के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों, ओल्ड ऐज होम सहित सभी सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम होंगे। प्राधिकरण के वालंटियर्स द्वारा मौखिक व पोस्टर्स के माध्यम से वृद्धजनों को उनके सामान्य व विशेष अधिकारों के साथ साथ उनके भरण पोषण की जिम्मेदारियों के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। श्रीमती पटवर्धन ने वरिष्ठ नागरिकों के सामान्य अधिकारों की जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न कानूनी प्रावधानों जैसे दण्ड प्रक्रिया अधिनियम और माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके अभिभावकों की देखभाल उनके बच्चों द्वारा की जानी जरूरी है। यदि नहीं करते तो वे न्यायालय में दावा करके अपना हक मांग सकते हैं। श्रीमती पटवर्धन ने वृद्धजनों के विशेष अधिकारों की जानकारी देते हुए बताया कि माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 के कुछ महत्वपूर्ण प्रावधानों के तहत वरिष्ठ नागरिकों को विशेष अधिकार भी दिए गए हैं, जिसमें एक निसंतान वरिष्ठ नागरिक किसी भी ऐसे रिश्तेदार से भरण-पोषण का दावा कर सकता है। जिसके पास उसकी संपत्ति है या जो उसे विरासत में मिलेगी।

### नप चार मुख्य रास्तों के सौन्दर्यीकरण पर दो करोड़ खर्चेगी

**सोहना।** नगर परिषद शहर में अंदर आने वाले चार मुख्य मार्ग पर स्वागत द्वार बनाएगी। जिनके निर्णय पर करीब दो करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। नगर परिषद ने शहर में बाहर से आने वाले चार मुख्य रास्तों का सौन्दर्यीकरण करेगी। ताकि बाहर से लोकप्रिय गर्म पानी शिव कुंड में स्नान करने के लिये आने वाले पर्यटकों को अच्छे से स्वागत हो सके। इसके लिए नगर परिषद प्रशासन ने चार प्रमुख रास्तों को चिन्हित कर लिया। चुंगी नंबर एक, दो, बस स्टैंड से बाजार आने वाला रास्ता और राजीव गांधी पार्क शामिल हैं। परिषद के जेई ओमप्रकाश ने बताया कि स्वागत द्वार के निर्माण पर करीब दो करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जिनका ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। स्वागत रात के समय में दूधिया रोशनी से जगमगा होंगे। जिससे बाहर से आने वाले नागरिकों को शहर में अंदर आने वाले रास्ते की तलाश में भटकना न पड़े। सभी द्वार पर शानदार हरियाली से हरा भरा किया जाएगा। एक द्वार पर 50 से 60 लाख रुपये सौन्दर्यीकरण पर लागत आएगी। एक्सईएन प्रवीण राघव ने कहा कि किसी भी शहर में प्रवेश द्वार की अलग से पहचान होती है। स्थानीय शहर के चिन्हित सभी चारों द्वार को यादगार बनाया जाएगा।

# पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देने में विद्यार्थियों की अहम भूमिका : नवीन गोयल



गुरुग्राम के सुशांत लोक स्थित श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में पर्यावरण का संदेश देने को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के साथ बच्चे।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद कर कपड़े के थैलों के उपयोग का किया आह्वान

### श्रीचैतन्य टेक्नो स्कूल में पौधारोपण भी किया

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए अपने अभियान के तहत बुधवार को श्रीचैतन्य टेक्नो स्कूल सुशांत लोक में पहुंचे। स्कूल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जहां बच्चों ने पर्यावरण बचाने के लिए कार्यक्रमों के माध्यम से संदेश दिया, वहीं नवीन गोयल ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण करके हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। इसी दौरान उन्होंने कपड़े के थैले वितरित करके सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने की बात कहीं।

नवीन गोयल ने कहा कि हम अपने पर्यावरण की खराबी के स्वयं ही जिम्मेदार हैं। इसलिए इसमें सुधार की जिम्मेदारी भी हमें लेनी चाहिए। हम सबके सांझा प्रयासों से अगर आज पर्यावरण में सुधार होता है तो आने वाली कई पीढ़ियों को इसका लाभ होगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने तो जरूरी हैं ही, साथ में सिंगल यूज प्लास्टिक से हमें दूरी बनानी पड़ेगी। सिर्फ हमारे देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के पर्यावरण को सिंगल यूज प्लास्टिक ने प्रभावित किया है। गत माह भारत में भी सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर बैन लगा दिया गया है। इसकी कामयाबी के लिए हम सबको सरकार का सहयोग करना है। यह हम सबकी भलाई का काम है। जितना हम सिंगल यूज प्लास्टिक से दूरी बनाएंगे, उतना ही हम अपने पर्यावरण को बेहतर बनाए पाएंगे। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा पर्यावरण बचाने का संदेश देने के लिए दी गई प्रस्तुति ने सबको भाव-विभोर कर दिया। बच्चों ने हरियाली की तरफ बढ़े-प्लास्टिक को छोड़ें, प्लास्टिक से तौबा करें, अगर लंबा जीवन जीना है तो धरा को हरियाली करना है जैसे स्लोगन से बच्चों ने हरियाली का संदेश दिया।

फेस पेंटिंग के माध्यम से भी जागरुक किया। इस अवसर पर एजीएम गंगाधर क्रांति राव, स्कूल की प्रिंसिपल मोनिका भारद्वाज, सुमन (संस्थापक, लिटिल क्रिकर्स एकेडमी), अनु, निशा जाखड़, विजयपाल यादव, राकेश गुप्ता, एनआईएस कोच सुजीत कुमार (संस्थापक, एसके स्पोर्ट्स एकेडमी), नीरज दहिया सहित स्कूल का समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सरकारी स्कूल में अधूरे पड़े कमरों का निरीक्षण करने को कमेटी गठित

**गुरुग्राम।** फरूखनगर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पिछले कई सालों से अधूरे पड़े 8 कमरों के निरीक्षण के लिए उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कमेटी गठित की। इस कमेटी के सदस्यों द्वारा इन कमरों का निरीक्षण कर इसकी रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी जाएगी। कमेटी में एसडीएम पटौदी प्रदीप कुमार, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता, शिक्षा विभाग से डीपीसी कल्पना रंगा तथा उप-जिला शिक्षा अधिकारी सरोज दहिया को शामिल किया गया है।

उपायुक्त द्वारा पिछले सप्ताह फरूखनगर में इस विद्यालय का दौरा किया गया था। इस दौरान वहां के स्थानीय निवासियों द्वारा यह विषय उठाया गया था। जिसका संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने बुधवार को अपने कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कमेटी के सदस्यों द्वारा यह निर्णय लिया जाएगा कि क्या उन कमरों को रिपेयर करवाकर इनका इस्तेमाल किया जा सकता है या फिर उन्हें गिराया जाना उचित होगा।

# मानेसर मंडल के सिकंदरपुर बढ़ा में त्रिदेव की हुई बैठक

### मानेसर मंडल पालक महेश चौहान ने ली बैठक

### पंचायती राज प्रकोष्ठ गुरुग्राम के संयोजक एवं शक्ति प्रमुख सुंदर लाल यादव ने किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



मानेसर मंडल की बैठक में पहुंचे अतिथियों का स्वागत करते सुंदर लाल यादव।

**बुधवार** को भारतीय जनता पार्टी मानेसर मंडल के पालक महेश चौहान सिकंदरपुर बढ़ा के बूथ नंबर-126, 127, 128 और 129 पर त्रिदेव की बैठक लेने पहुंचे। उनके साथ मानेसर मंडल के प्रभारी मनोज शर्मा, मंडल अध्यक्ष देविंदर यादव भी पहुंचे। पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं शक्ति प्रमुख सरपंच सुंदर लाल यादव ने सभी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

अपने संबोधन में महेश चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक परिवार की तरह है। हम सब इस परिवार के हिस्सा हैं। परिवार को एकता के सूत्र में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने पिरोया है। हम सबकी यह जिम्मेदारी है कि हम संयुक्त रहकर परिवार को मजबूत बनाए रखें। साथ ही नए सदस्यों को परिवार का हिस्सा बनाएं। श्रीचौहान ने आगे कहा कि भविष्य में पंचायत चुनाव होंगे। इस चुनावों को लेकर हम सभी को संगठन के स्तर पर पुख्ता तैयारियां करनी हैं। चुनावों को लेकर पार्टी का जो भी निर्णय होगा, हमें उस पर काम करना है।

मानेसर मंडल के प्रभारी मनोज शर्मा, मंडल अध्यक्ष देविंदर यादव ने भी अपने संबोधन में लोगों को पार्टी से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश-प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जनता को खूब लाभ पहुंचाया है। अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। ऐसे में जनता को यह बताना जरूरी है कि उनकी हितैषी भाजपा ही है।

पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि पार्टी की ओर से जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी, उस पर खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान भाजपा में ही मिलता है। यहां काम करने वालों को पहचान करानी नहीं पड़ता, बल्कि पार्टी नेतृत्व खुद पहचान करता है। भाजपा के राज में प्रदेश में विकास कार्यों की झड़ी लगी है। हर क्षेत्र का समान विकास किया जा रहा है।

# संस्कृति मॉडल स्कूल में शिक्षकों का खासा टोटा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना




सोहना के राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल।

**सोहना** के राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में शिक्षकों की भारी कमी। प्राध्यापक और अध्यापकों के कुल 58 पदों में से 41 खाली पड़े है। जिससे स्कूल में शिक्षा प्राप्ती के लिए आ रहे 1500 विद्यार्थियों को मात्र 17 शिक्षक ही पढ़ा रहे हैं।

हाल ही में प्रदेश में शिक्षा विभाग में जेबीटी शिक्षकों को छोड़ सभी पदों पर तबादले हुए हैं। जिसमें मिडल हैड से लेकर अध्यापक, प्राध्यापक, हाई स्कूल हैड और सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रधानाचार्य शामिल थे। इस तबादला नीति के दौरान शहर के एक मात्र राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 30 टीजीटी और पीजीटी शिक्षकों का तबादला हो गया है। जबकि 9 पद पिछले कई वर्षो से रिक्त पड़े हुए हैं। स्कूल में कक्षा 6 से 12 वीं में पढ़ाने के लिए कुल 58 पद शिक्षकों के मंजूर है। जिनमें से 41 पद खाली हो गए है। जबकि स्कूल में 1500 विद्यार्थी रोजाना शिक्षा प्राप्ति के लिए आते है। 6 से 12वी तक की कक्षाओं में 1500 में से 300 के लगभग अग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्राप्ति के लिए आते है। जबकि 1200 विद्यार्थी हिन्दी माध्यम से पढ़ने वाले है।

### 14 शिक्षकों जल्द हो सकता है तबादला

**जानकारी** के अनुसार इस बार शिक्षा विभाग राज्य के राजकीय स्कूलों में लगे अतिथि अध्यापकों का भी तबादला करने के मूड में है। यदि अतिथि शिक्षकों के तबादले होते है। स्थानीय स्कूल में से 14 अतिथित अध्यापक का तबादला होना लाजमी है। उसके बाद स्थानीय स्कूल में प्रधानाचार्य समेत मात्र 5 शिक्षक ही रह जाएंगे।

> “ **प्रदेश** में मॉडल संस्कृति स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती को लेकर साक्षात्कार चल रहे हैं। उन्हें पूरी उम्मीद है कि स्थानीय स्कूल में खाली शिक्षकों के पद को विभाग द्वारा भर दिया जाएगा। वर्तमान समय में शिक्षकों की कमी के चलते विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित हो रही है।
>
> **( सुरेन्द्र वर्मा-प्रधानाचार्य )**

# राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में ओमैक्स लिमिटेड के खिलाफ जीता

पायनियर समाचार सेवा। दिल्ली

### आयोग ने बिल्डर को याचिकाकर्ता को ब्याज सहित पूरे पैसे लौटाने का आदेश दिया

**बिल्डर-बायर** विवाद के एक मामले में राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने ओमैक्स लिमिटेड के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए उन्हें याचिकाकर्ता, मिरियम थॉमस को ब्याज सहित उनकी पूरी रकम लौटाने का आदेश दिया है। मिरियम और उनके पति द्वारा खरीदी गई इस प्रॉपर्टी को बिल्डर द्वारा 3 साल से ज्यादा समय तक लंबित कर दिया गया था।

बल्डर से धोखा खाने के बाद मिरियम और उनके पति ने बिना किसी कानूनी मदद के अपना केस खुद लड़ने का फैसला किया। राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में दी गई अपनी अर्जी में उन्होंने ने बिल्डर पर आरोप लगाया कि उन्होंने ने बहादुरगढ़ में बिल्डर की प्रॉपर्टी में साल 2013 में एक फ्लैट खरीदा था, जिसका पजेशन एग्रीमेंट के अनुसार 22 अक्टूबर, 2014 तक दिया जाना था। बिल्डर पक्ष ने यह कहकर याचिकाकर्ता का विरोध किया था कि उन्होंने 29 सितंबर 2016 को ऑक्युपैंसी सर्टिफिकेट के लिए आवेदन दे दिया था और 15 फरवरी 2017 को उन्हें आंशिक ऑक्युपेशन सर्टिफिकेट मिल गया था। बिल्डर ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता ने निवेश के लिए फ्लैट खरीदा था, इसलिए वो 'उपभोक्ता' की परिभाषा में नहीं आते। इसलिए याचिकाकर्ता की शिकायत खारिज होनी चाहिए। हालांकि सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने बिल्डर के तर्कों को निराधार मानते हुए बिल्डर को संपूर्ण राशि याचिकाकर्ता को 6 प्रतिशत ब्याज दर के साथ लौटाए जाने और मानसिक प्रताड़ना के एवज में उन्हें 250,000 रु. तथा कानूनी खर्चों के लिए 50,000 रु. की राशि दिए जाने का आदेश दिया।

फैसला सुनाए जाने के बाद बिल्डर ने राष्ट्रीय कमीशन के समक्ष अपनी अर्जी प्रस्तुत कर इस आदेश को खारिज करने का निवेदन करते हुए सफाई दी कि उन्होंने 27 फरवरी 2018 को अपने प्रोजेक्ट का कंप्लीशन सर्टिफिकेट हासिल करके याचिकाकर्ता को 24 अक्टूबर 2018 को पजेशन प्रस्तुत किया था। मिरियम ने भी विलंब के लिए ब्याज दर में संशोधन किए जाने के निवेदन के साथ प्रतिवाद याचिका दायर की। बिल्डर की अर्जी को खारिज करते हुए माननीय आयोग ने कहा कि इस फ्लैट को 22 अक्टूबर 2014 तक सौंपे जाने का अनुबंध था, जो बिल्डर पूरा नहीं कर सका, तथा जिस दिन याचिकाकर्ता ने यह फ्लैट खरीदा था, तब से एक उचित सीमा से बहुत ज्यादा विलंब हो चुका था।

# राजकीय कन्या स्कूल में लगाया गया पोषण माह शिविर



गुरुग्राम के खंड सोहना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पोषण शिविर में भाग लेती छात्राएं।

**गुरुग्राम।** पोषण माह के अन्तर्गत आयुष विभाग गुरुग्राम की ओर से सोहना राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पोषण माह शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें योग विशेषज्ञ डा. भूदेव छात्राओं ने आहार के बारे में विशेष जानकारी दी। पोषक तत्वों का हमारे स्वास्थ्य क्या लाभ है यह जाना और ऐसे किशोरावस्था में उनको कैसा कैसा आहार लेना चाहिए।

छात्राओं को किशोरावस्था में प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, विटामिन-सी इत्यादि ज़रूरी आहार लेना चाहिए और उष्ट्र आसन, चक्रासन, शशक आसन, भद्रासन सिंहासन इत्यादि योगासन करना सिखाया। इस आयुष पोषण शिविर में डा. सचिन आयुर्वेद, डा. सुरुचि होम्योपैथी से तथा होम्योपैथी व आयुर्वेद से डिसपेनसर राजेश व टिंकू ने सेवाएं दी। ये आयुष पोषण शिविर छात्राओं व महिलाओं के लिए बहुत लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

### एमेजॉन वेब सर्विसेज ने मशीन लर्निंग में प्रशिक्षण अभियान में किए

# डीपरेसर स्टूडेंट लीग के विजेता घोषित

पायनियर समाचार सेवा। दिल्ली

### आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस और मशीन लर्निंग की योग्यता उद्योग में सबसे ज्यादा मांग में रहने वाली शीर्ष पांच डिजिटल योग्यताओं में शामिल

**एडब्लूएस** और इंटेल ने डीपरेसर स्टूडेंट लीग-2022 के विजेताओं की घोषणा कर दी। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों को मशीन लर्निंग की मूलभूत समझ प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई थी। इस प्रतियोगिता का आयोजन शिक्षा मंत्रालय और ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) के सहयोग से किया गया। इसमें प्रतियोगियों ने एक इंटीग्रेटेड लर्निंग सिस्टम, एडब्लूएस डीप रेसर की मदद से मशीन लर्निंग का इस्तेमाल कर एक वर्चुअल मिनएचर ट्रैक पर एक मॉडल रेस कार को प्रोग्राम किया। रि-इन्फोर्समेंट लर्निंग का इस्तेमाल कर कारें ट्रायल एंड एरर द्वारा ट्रैक पर चलना सीखती हैं और जब ट्रैक के एक हिस्से से सफलतापूर्वक गुजर जाती हैं, तो उन्हें 'पुरस्कृत' किया जाता है। विद्यार्थियों को भविष्य के कार्यबल के लिए तैयार किया। एडब्लूएस इंडिया एवं साउथ एशिया के लिए लीड - एजुकेशन, स्पेस, एवं नॉनप्रॉफिट्स, एमेज़ॉन इंटरनेट सर्विसेज़ प्राईवेट लिमिटेड, सुनील पीपी ने कहा, "हम भारत में डिजिटल कौशल की कमी को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विभिन्न राज्यों में विद्यार्थियों और शिक्षाविदों द्वारा एडब्लूएस डीपरेसर लीग जैसी उद्योग-सरकार-शिक्षा जगत की सहयोगपूर्ण पहल को मिली बेहतरीन प्रतिक्रिया बहुत उत्साहवर्धक है। खासकर विद्यार्थियों ने क्लाउड एवं मशीन लर्निंग जैसी मुख्य प्रौद्योगिकियों का व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करने में गहरी रुचि प्रदर्शित की। हम विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप एवं रोजगारदाताओं द्वारा मूल्यांकन का अवसर दिए जाने के लिए अपने पार्टनर्स का सहयोग मिलने से भी उत्साहित हैं।"

आकांक्षा बालानी, रीजनल अलायंस हेड, एडब्लूएस, एपैक एवं जापान, इंटेल ने कहा, "हमें भारत में एडब्लूएस डीपरेसर स्टूडेंट लीग में हिस्सा लेकर बहुत खुशी मिली, और हम इन इनोवेशंस के लिए बहुत उत्साहित हैं। ये अप्लाईड नॉलेज आधारित अनुभव हमारे लिए काफी उपयोगी होंगे। यह प्रोग्राम संयुक्त प्रौद्योगिकी द्वारा परिवर्तन लाने में पार्टनरशिप्स की शक्ति का प्रदर्शन करता है, और एडब्लूएस हर चीज़ को संभव बनाने की ओर अपना योगदान देता रहेगा।"

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 8 सितंबर, 2022



# बीके : ऑनलाइन के जमाने में मरीजों को दे रहे हैं साधारण पर्चियां

कविता। फरीदाबाद

### भर्ती मरीजों की जांच के लिए स्टाफ बना रहा है रजिस्टर फाड़कर पर्चियां

**बीके** सिविल अस्पताल को पेपरलेस बनाने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन को कम्प्यूटर लगाए गए थे। इन कम्प्यूटरों पर ऑनलाइन काम तो किया जा रहा है, लेकिन समय पर नहीं हो रहा है। जिस कारण स्टाफ मरीजों को जांच के लिए पर्ची पकड़ा रहा है।

सूत्रों की माने तो यहां दिए जाने वाली जांच स्लीप (भर्ती व ओपीडी में आने वाले मरीजों की जांच के लिए दी जाने वाली पर्ची) समाप्त हो चुकी है। जिस कारण सभी जांच साधारण कागजों पर लिखकर दी जा रही है। जबकि सरकारी आदेश है कि अस्पतालों में पर्ची पर न तो दवा लिखे और न ही जांच लिखनी है, लेकिन सरकारी आदेशों को हवा में बीके अस्पताल में उड़ाया जा रहा है। जांच करवाने के लिए बनाए जाने वाली प्रिंटिंड समाप्त होने पर



अब स्टाफ पर्ची बनाकर मरीजों को जांच करवाने भेज रहा है। वहीं दूसरी तरफ यदि अस्पताल में दवा, कैन्युला या फिर इंजेक्शन न हो तो मरीज व तीमारदारों को पर्ची पर लिखकर तुरंत स्वास्थ्य कर्मी बाहर का रास्ता दिखा रहे हैं। ऐसा ही बीके में आए दिन देखने को मिल रहा है।

**समाप्त हुई पर्ची :** बीके सिविल अस्पताल में जहां दवाईयां, इंजेक्शनों और जीवन रक्षक दवाओं का अभाव है, वहीं अब जांच के लिए दी जाने वाले पर्चे भी पिछले काफी समय से समाप्त हैं, लेकिन इस ओर अधिकारियों ने अभी तक ध्यान नहीं दिया है। जिस कारण स्टाफ भर्ती मरीजों को रजिस्ट्रर या कॉपी के पेज फाड़कर जांच लिख रहे हैं। मरीजों को अलग-अलग आठ से दस पर्ची थमाई जा रही है। जिस कारण मरीजों व उनके तीमारदारों को पर्चियों को संभाल पाना काफी मुश्किल हो गया है।

**हर जांच की अलग पर्ची:** पर्ची एक पेज का चौथाई हिस्से के बराबर दी जा रही है। आठ बाई दस सेंटीमीटर की पर्ची को मरीजों और तीमारदारों को संभाल पाना कठिन हो रहा है। बुधवार को वार्ड में भर्ती एक मरीज को स्टाफ ने एचआईवी, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, रक्त जांच, ईसीजी, टीबी समेत कई तरह की जांच के लिए कुल 10 पर्चियां दी। इतनी पर्चियों को लेकर मरीज व तीमारदार यहां से वहां चक्कर काटते नजर आए। उनका कहना था कि इन्हें संभालना मुश्किल हो रहा है।

**रखनी पड़ती है पर्ची:** पर्ची को मरीज व तीमारदार जांच केन्द्र में लेकर जाते हैं तो उस पर जांच की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि यह पर्चियां उन्हें संभाल कर रखनी पड़ती है, क्योंकि यह उनके कार्य का हिस्सा है। स्लीप न होने पर साधारण पर्चियों को संभाल पाना कर्मियों के लिए भी मुश्किल भरा होता है।

# सभी सब्जेक्ट एक संस्कृत टीचर के हवाले, बच्चों ने जड़ा स्कूल पर ताला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद





अध्यापकों के तबादलों के बाद अनेक स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई हो रही बाधित।

**सरकारी** स्कूलों में अध्यापकों की कम संख्या से जहां छात्र पहले ही परेशान हो रहे है, वहीं अब स्कूलों में मौजूद अध्यापकों का प्रदेश सरकार ने ट्रांसफर ड्राइव चलाया हुआ है। जिसके तहत ग्रामीण स्कूलों में तैनात शिक्षकों का तबादला किया जा रहा है, लेकिन स्कूलों में उनके स्थान पर नए टीचर नहीं भेजे जा रहे। जिसे देखते हुए पिछले कुछ दिनों से स्कूल के विद्यार्थी धरना प्रदर्शन और स्कूलों पर ताला लगा रहे है।

बुधवार को इसी कड़ी में मवाई गांव में स्थित राजकीय प्राथमिक माडल संस्कृति पाठशाला एवं राजकीय माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्कूल बंद करके उसके गेट पर ताला जड़ दिया और सड़क जाम करते हुए प्रदर्शन कर दिया। अध्यापकों को भी स्कूल में प्रवेश नहीं करने दिया गया। हंगामा सुबह नौ बजे शुरू हुआ था, जो कि दोपहर करीब 12.30 बजे तक चला। इस दौरान जमकर छात्रों ने सरकार एवं अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर निवर्तमान पार्षद बिजेंदर शर्मा ने भी मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की।

जानकारी के मुताबिक जिले में 15 दिनों से राजकीय विद्यालयों में अध्यापकों की कमी को लेकर छात्रों एवं ग्रामीणों द्वारा विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया जा रहा है। अभी तक प्रदर्शन एवं तालाबंदी की घटना बल्लभगढ़ खंड में आने वाले तिगांव, पन्हेड़ा खुर्द, चांदपुर, हीरापुर, भैंसरावली स्थित विद्यालयों में ही हुआ था। बुधवार को तालाबंदी की घटना फरीदाबाद खंड के मवई गांव स्थित राजकीय विद्यालय के साथ शुरू हुई।

**ये हैं मांगें :** प्रदर्शन में विद्यार्थी और उनके अभिभावक शामिल रहे। उन्होंने इस दौरान अध्यापकों की मांग की है। ग्रामीणों का कहना था कि छठी से आठवीं कक्षा तक के माध्यमिक विद्यालय 193 विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रदेश सरकार ने ट्रांसफर ड्राइव में मवई विद्यालय को शामिल नहीं किया है। इसके चलते यहां अध्यापकों की नियुक्ति नहीं हुई है, लेकिन यहां के अध्यापकों को ट्रांसफर ड्राइव में शामिल किया गया है। विद्यालय प्रमुख सतीश चंद और पीटीआइ ब्रह्मपाल का ट्रांसफर कर दिया है। इससे पढ़ाई व्यवस्था बिल्कुल बिगड़ गई है। इनके होने से भी काफी सहयोग मिल रहा था। शिक्षा निदेशालय ने ट्रांसफर की दूसरी सूची भी जारी कर दी है, लेकिन एक भी अध्यापक की नियुक्ति नहीं की गई है। जिस कारण इन 193 विद्यार्थियों को एक जगह एकत्रित करके संस्कृत की अध्यापक यशवंती ही सभी विषय पढ़ा रही है। इससे बच्चों को पढ़ाई का माहौल नहीं मिल पा रहा है। वहीं प्राथमिक पाठशाला में 11 अध्यापक हैं।

## बेहतर मार्गदर्शन और मेहनत से बच्चों को सफलता मिलेगी



गरीब होनहार छात्राओं को 120 साइकिल वितरित।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसी** विक्रम ने कहा कि रोटरी क्लब तक प्रशासन तथा अन्य समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि मिलकर फरीदाबाद में और बेहतर करने का प्रयास करेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत हो तो निश्चित तौर पर बच्चों को सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि 100 से अधिक वर्ष पुराने रोटरी क्लब लोगों के उत्थान के लिए फरीदाबाद में बेहतर कार्य कर रहा है। इसकी जानकारी मुझे मिली है।

डीसी विक्रम आज बुधवार को स्थानीय कन्वेंशन हॉल में रोटरी क्लब द्वारा आयोजित गरीब छात्राओं को साइकिल व सेनेटरी पैड वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। डीसी विक्रम ने कहा कि आज जिन जरूरतमंद छात्राओं को यह साइकिलें मिले हैं। वह निश्चित तौर पर इसका बहुत अच्छा प्रयोग करके अपनी शिक्षा को और बेहतर तरीके से करने का प्रयास करेंगी। जहां पढ़ाई व अन्य कोचिंग के लिए उन्हें पैदल जाना पड़ता था, अब वह साइकिल से कम समय में पहुंचकर अपने समय का सदुपयोग करेंगी। विक्रम ने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा स्वास्थ्य हेल्थ चेक अप कैंप, रक्तदान शिविर और कैंसर रोगियों के लिए परामर्श शिविर सहित अन्य बेहतर कार्य फरीदाबाद में किए जा रहे हैं। उसके लिए रोटरी क्लबों के सभी अध्यक्ष व जनप्रतिनिधि बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को और बेहतर सहयोग रोटरी क्लब व प्रशासन करेंगे तो निश्चित तौर पर वे अपने मिशन में कामयाब होंगे।

## अपने स्कूल की बस से कुचल कर बच्ची की मौत



विलाप करते हुए बच्ची के पिता और ताऊ।



गुंजन

**फरीदाबाद।** गांव छांयसा में अपने ही स्कूल की बस ने एक छह वर्ष की बच्ची को कुचल दिया, जिससे बच्ची की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि चालक लापरवाही से बस चलाता है। इसकी शिकायत कई बार पड़ोसियों ने स्कूल संचालक से की थी, लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया।

बच्ची की मौत के बाद ड्राइवर और कंडक्टर बस को लेकर फरार हो गए और स्कूल में बस छोड़कर भाग निकले। थाना छांयसा प्रभारी सुरेंद्र कुमार का कहना है कि अभी परिजनों की शिकायत मिलने पर उसके अनुसार मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

**यह है पूरा मामला:** छांयसा गांव निवासी छह वर्षीय गुंजन का दाखिला इसी वर्ष उसके पिता सोहनलाल उर्फ सोनू ने गांव के ही नवज्योति पब्लिक स्कूल में प्री नर्सरी में करवा था। गुंजन स्कूल बस से ही आती जाती है। बुधवार को स्कूल की छुट्टी के बाद वह घर के लिए बस में आई थी। जब गुंजन बस से उतरी, तो उसकी मां भी मौके पर थी। मां के सामने बस से नीचे उतरने के बाद बच्ची दौड़ कर बस के आगे से घर की तरफ दौड़ने लगी। वह छोटी होने के कारण चालक को दिखाई नहीं दी। तभी चालक ने बस को चला दिया। वह बस के टायर के नीचे आ गई और बस ने उसे कुचल दिया। ड्राइवर और कंडक्टर मौके से बस लेकर भाग निकले। मौके पर मौजूद लोगों ने थाना छांयसा पुलिस को सूचना दे दी है। पुलिस मौके पर पहुंच गई।

## सीनियर सिटीजन के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवीर सिंह राठौर के दिशा-निर्देश पर सीजेएम कम सचिव डीएलएसए सुकिर्ती गोयल ने संतोष हॉस्पिटल एनआईटी-3 के साथ मिलकर ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम में वहां रह रहे सीनियर सिटीजन के स्वास्थ्य जांच के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। वहां पर रह रहे बुजुर्गों के स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियां एकत्रित की, वृद्धा आश्रम में रह रहे सभी बुजुर्गों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की प्रतिष्ठित चिकित्सकों के द्वारा जांच की गई और जरूरी दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर न्यायाधीश श्रीमती सुकृति गोयल ने समाज के प्रति लोगों को एक संदेश दिया है कि वह अपने बुजुर्गों की बुढ़ापे में देखभाल करें। उनको मान सम्मान दें जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें। माता पिता को भगवान का दर्जा दे। सीजेएम सुकिर्ती गोयल ने यहां रह रहे बुजुर्गों को जरूरी कानूनी बातें भी समझाएं उनके अधिकार, शिकायत दर्ज करने के लिए प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाएं किस प्रकार ली जा सकती हैं।

## सभी विभागों के तालमेल से होगा शहर का विकास : उपायुक्त

### उपायुक्त विक्रम ने कहा कि शासन और प्रशासन के बीच की अहम कड़ी मीडिया होती है

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



पत्रकारों से बातचीत करते डीसी विक्रम।

**उपायुक्त** विक्रम ने बुधवार को लघु सचिवालय कै बैठक कक्ष में पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता में उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन के बीच की अहम कड़ी मीडिया होती है। मीडिया के जरिए ही सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं का सही तरीके से प्रचार-प्रसार करती है। प्रशासन चार चीजों पर मुख्य रूप से फोकस कर रहा है। पहला सरकार की योजनाओं और परियोजनाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करना। सरकारी योजनाओं का फायदा अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचना।

सभी विभागों का आपस में बेहतर तालमेल का होना। इसके अलावा शहर में वाटर लॉगिंग का भी प्रयास प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। फरीदाबाद में एफएमडीए, स्मार्ट सिटी, एमसीएफ सहित अन्य सभी विभागों के साथ बेहतर तालमेल करके फरीदाबाद में अधिक से अधिक विकास कार्य किये जा रहे है।

डीसी विक्रम ने कहा कि शहर के विकास में बिजली, सड़कें, पानी, शिक्षा व चिकित्सा सुविधाएं, रोड सेफ्टी सहित तमाम पहलुओं पर बेहतर तरीके से प्रशासन द्वारा क्रियान्वयन करने का प्रयास किया जाएगा। जिले में शिक्षा चिकित्सा सुविधाओं और विकास के इन्फ्राट्रक्चर को और बेहतर करने के तरीके मीडिया, समाजसेवी संस्थाओं व अन्य एनजीओ के लोगों के साथ मिलकर सुझाव के साथ क्रियान्वित करना सुनिश्चित किए जाएंगे। शहर में बिजली, लोगों की पेंशन, सीएम अनाउंसमैंट के विकास कार्यों, शहर को हरा-भरा रखने, अरावली क्षेत्र, रेलवे स्टेशन सहित एनसीआर में और बेहतर विकास कैसे हो इस विषय बारे पत्रकारों के साथ सुझाव साझा किए। इसके अलावा आवारा पशुओं, माफियाओं पर नकेल कसने सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की।

प्रेस वार्ता में अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, सीटीएम नसीब कुमार, मुख्यमंत्री के मीडिया कोआर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनय गुप्ता, एसएमओ डॉ राम भगत, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम सहित अन्य कई अधिकारी व मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

## छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति किया जागरुक

### अपने बैंक अकाउंट डेबिट या क्रेडिट कार्ड का नंबर, एक्सपायरी डेट, सीवीवी कोड या ओटीपी किसी के साथ साझा न करने की दी हिदायत

पायनियर समचार सेवा। फरीदाबाद




केएल मेहता कॉलेज से साइबर क्राइम से सजग रहने के लिए जगरूकता रैली निकालती छात्राएं।

**डीसीपी** नीतीश कुमार अग्रवाल द्वारा नागरिकों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के दिशा-निर्देश के तहत कार्य करते हुए साइबर पुलिस थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत व उनकी टीम ने केएल मेहता दयानंद महिला कॉलेज में हजारों छात्राओं को साइबर अपराधों के बारे में जागरूक करते हुए इससे बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उनके साथ पुलिस पीआरओ सूबे सिंह, पुलिस चौकी नंबर 3 प्रभारी उप निरीक्षक सोमपाल अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गृह मंत्रालय के आदेशानुसार हर महीने के प्रथम बुधवार को पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाता है। जिसके अंतर्गत पुलिस टीम विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें इसके बचाव के तरीके के बारे में जानकारी प्रदान करती है। इसी क्रम में आज इंस्पेक्टर बसंत छात्राओं को जागरूक करने के लिए एनआईटी 3 नंबर स्थित केएल मेहता दयानंद महिला कॉलेज पहुंचे जहां पर ऑडिटोरियम हाल में हजारों छात्राएं मौजूद थी। स्कूल प्रिंसिपल की तरफ द्वारा पूरी पुलिस टीम का भव्य स्वागत किया गया और छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में जागरूक करने के लिए स्टेज पर आमंत्रित किया जहां साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करते हुए इंस्पेक्टर बसंत ने बताया कि बीते कुछ सालों में तकनीक के आधुनिकरण के साथ-साथ साइबर अपराधों की संख्या में बहुत बड़ी मात्रा में वृद्धि हुई है। इन सालों में साइबर अपराधों की संख्या हजारों गुना बढ़ चुकी है। अपराध से बचाव के लिए सबसे पहले यह समझने की आवश्यकता है कि साइबर अपराध दरअसल होता क्या है। इसके बारे में जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर ने बताया कि साइबर अपराध वह अपराध है जिसमें कोई साइबर अपराधी इंटरनेट के माध्यम से आपकी जानकारी चुराकर उसका इसे भी गलत कार्य में उपयोग कर सकता है। साइबर अपराध न केवल आर्थिक नुकसान से संबंधित है बल्कि किसी व्यक्ति की निजी जानकारी जैसे नाम, पता, रोजगार, आपकी दैनिक क्रियाएं, आपके आने-जाने के स्थान जैसी किसी भी प्रकार की जानकारी का अपने फायदे के लिए गलत उपयोग कर सकता है। आजकल के समय में साइबर अपराधियों द्वारा किसी महिला का चेहरा किसी और अन्य महिला से जोड़कर इसका पोर्नोग्राफी में उपयोग किया जा रहा है जिससे वह उस महिला की बहुत बदनामी हो सकती है। इस प्रकार के साइबर अपराधों से बचने के लिए इंस्पेक्टर बसंत ने बचाव के कुछ तरीके बताएं जिसमें उन्होंने बताया कि उन लोगों से बात करने से बचें, जो आपसे आपके शारीरिक या यौन अनुभव से जुड़े सवाल पूछते हैं।

## बिना आईडी के रूम देने पर ओयो संचालकों पर केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### तीनों व्यक्ति हाल ही में सेक्टर 16 में हुई 5.50 लाख की लूट के थे आरोपी

**एक** सप्ताह पहले सेक्टर 16 में टाटा शोरूम मालिक के घर पैसे ले जा रहे कंपनी कर्मचारियों के साथ हुई लूट की वारदात में शामिल तीन आरोपियों को खेड़ीपुल एरिया में स्थित ओयो होटल मालिक द्वारा बिना जांच किए एक ही आईडी पर कमरा देने के जुर्म में होटल मालिक व कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा सभी धर्मशाला, होटल, गेस्ट हाउस मालिकों को निर्देश दिए गए थे कि बिना आईडी प्रूफ की जांच किए किसी भी व्यक्ति को किराए पर कमरा न दें क्योंकि यह सामाजिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है। क्योंकि कोई भी नहीं जानता की किराए पर रहने वाला व्यक्ति किस प्रवृत्ति का है और किस उद्देश्य से वहां पर आकर रुका है इसलिए आवश्यक है कि किराए पर कमरा देने से पहले होटल मालिक व्यक्ति की आईडी की अच्छे से जांच करे और उसके पश्चात ही उसे रहने की जगह उपलब्ध करवाई जाए। इन सरकारी आदेशों की उल्लंघना करने पर पुलिस थाना खेड़ी पुल में स्थित द गोल्ड ओयो होटल के मालिक शक्ति तथा होटल के कर्मचारी आयुष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है जिसमें होटल मालिक ने बिना एक ही आईडी पर तीन आरोपियों को कमरा दिया था जिन्होंने उसी श्याम सेक्टर 16 में लूट की एक वारदात को अंजाम दिया था। आपको बता दें कि क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 द्वारा लूट की वारदात में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# संक्षिप्त समाचार

## जजपा नेता ने किया थाना प्रभारी का स्वागत



**फरीदाबाद।** सराय थाने में नए थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया। प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी जी और टीम ने सराय थाना सेक्टर-37 के नए थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार का फूलों का बुके देकर स्वागत किया है। करीब आधे घंटे शिष्टाचार भेंट के दौरान एरिया की कई समस्याओं को लेकर बातचीत हुई। नए इंचार्ज के रुप में आए थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि क्षेत्र में सुरक्षा चाक चौबंद रहे। चेन स्नैचर लूटपाट सहित अन्य कई अवैध कार्यों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। अवैध कार्य करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। स्वागत करने वालों में सतबीर पहलवान, जेपी चोधरी, भूपेन्द्र कुमार, यतेंद्र कुमार, रमेश प्रसाद, प्रवीन शर्मा, संजय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## मनाया वर्ल्ड आत्महत्या से बचाव दिवस



**फरीदाबाद।** हर वर्ष 10 सितंबर को वर्ल्ड आत्महत्या से बचाव का दिन मनाया जाता है। इसी कड़ी में बुधवार को वर्ल्ड विजन इंडिया एनजीओ के साथ मिलकर बीके अस्पताल मेंटल हेल्थ ने इंटरनेशनल सुसाइड प्रिवेंशन दिन मनाया गया। सबसे पहले वर्ल्ड विजन इंडिया फरीदाबाद के कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र सिंह ने सिविल सर्जन डॉ शीला भगत को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर शीला भगत ने बताया कि यह प्रोग्राम 2003 से मनाया जा रहा है। इस प्रोग्राम को मनाने का मुख्य उद्देश्य है लोगों में और ऑर्गनाइजेशन में गवर्नमेंट में यह जागरूकता फैलाएं की सुसाइड को बचाया जा सकता है। उसके बाद टीवी एंड एचआई कोऑर्डिनेटर सुभाष गहलोत नेट टीवी के बारे में और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बताया, फिर किलेनिकल साइकोलोजिस्ट प्रीति यादव ने विस्तार से मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बताया। इस मौके पर प्रदीप, सुमत्रा, ममता, अंजलि आदि मौजूद थे। वर्ल्ड विजन एनजीओ एसी नगर इंद्रानगर बिलाडा नेहरु कॉलोनी संजय नगर आदि कॉलोनियों में यह काम कर रही है।

## बिटिया दिवस पर होनहार बेटियों को करेंगे सम्मानित



**फरीदाबाद।** बेटी बचाओ अभियान की मीटिंग राष्ट्रीय संयोजक व संस्थापक हरीश चन्द्र आजाद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें बेटी बचाओ अभियान की नई कार्यकारिणी घोषित की गई। राष्ट्रीय संयोजक व सस्थापक हरीश चन्द्र आजाद ने नई कार्यकारिणी घोषित करते हुए बताया कि वासुदेव अरोड़ा व जगजीत कौर चेयरमैन, नीतू लाम्बा राष्ट्रीय अध्यक्ष, शीतल लूथरा राष्ट्रीय महासचिव, रजत लाम्बा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष व सुमन भाटिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू लाम्बा ने कहा कि इस संस्था की नई कार्यकारिणी की शुरूआत एक बड़े कार्यक्रम के साथ करनी चाहिये। इस मौके पर वासुदेव अरोड़ा, जगजीत कौर, शीतल लूथरा, सुमन भाटिया, नीतू लाम्बा, हरीश चन्द्र आज़ाद, रजत लाम्बा, मोनिक आज़ाद, कुलदीप सिंह, नीलम, वीरेन्द्र, निर्मल कौर, मनजीत सिंह आदि ने अपने विचार रखे।

## करोड़ों रुपये की ठगी की वारदातें करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी सेक्टर 28 की टीम ने लोगों के साथ करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम नरेंद्र है। जो पानीपत के हल्दाना गांव का रहने वाला है। आरोपी की उम्र 48 वर्ष है। आरोपी नौवीं कक्षा तक पढ़ा हुआ है। 5 सितंबर आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना सेक्टर 31 में धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें फरीदाबाद के सेक्टर 29 के रहने वाले तथा दिल्ली में अशोक विहार स्थित सत्यवती कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर तैनात तरुण कुमार ने बताया कि उसकी मुलाकात आरोपी के साथ कई वर्ष पूर्व कॉलेज में हुई थी। आरोपी ने अपने आप को राजनीति में प्रभावशाली व्यक्ति बताया और प्रोफेसर को श्रीनगर विवि में वाइस चांसलर लगवाने का लालच दिया। प्रोफेसर आरोपी की बातों में आ गया। जिसके पश्चात आरोपी ने इसके लिए प्रोफेसर से 40 लाख रुपये में डील पक्की कर ली। प्रोफेसर ने वर्ष 2019 में आरोपी को रिश्वत के तौर पर 40 लाख रुपये दिए थे परंतु पैसे लेने के बाद आरोपी आनाकानी करने लगा। प्रोफेसर ने अपने पैसे वापस मांगे परंतु आरोपी ने पैसे नहीं दिए। प्रोफेसर को केवल 6 लाख रुपये ही वापस दिए और बाकी पैसे हड़प गया।

## जिला जेल में लगाई जेल लोक अदालत

**फरीदाबाद।** जिला सत्र एवं न्यायधीश कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन वाई एस राठौड़ के दिशा-निर्देश पर जिला जेल में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकिर्ती गोयल ने इसकी अध्यक्षता की। सीजेएम श्रीमती सुकिर्ती गोयल के सामने जेल लोक अदालत में कुल 36 मामले सुनवाई के लिए रखे गए। दो मुकदमों का निपटारा जिला नीमका जेल में ही कर दिया गया। इसके अतिरिक्त सीजेएम ने महिला कैदी वार्ड में जाकर महिलाओं की समस्याएं भी सुनीं। जेल लोक अदालत में जेल के अधिकारियों व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता संजय गुप्ता, अर्चना गोयल, एडवोकेट प्रभात शंकर क्लर्क ने जेल लोक अदालत को सुचारू संपन्न करवाने के लिए योगदान दिया।

## पेंशन न मिलने पर रिटायर्ड कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** नगर निगम के सेवानिवृत कर्मचारियों ने समय पर पेंशन का भुगतान करने और अन्य मांगों को लेकर आज यहां निगम मुख्यालय में लेखा शाखा के बाहर जोरदार प्रदर्शन करते हुए नगर निगम प्रशासन और लेखा शाखा के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के तत्वावधान में सैंकड़ों पेंशनरों के द्वारा किये गये इस प्रदर्शन का नेतृत्व कर्मचारी नेता यूएम खान और रतन लाल रोहिल्ला ने किया।

## गलत कार्य करने वाले कभी सुखी नहीं रहता : जैन साध्वी



**फरीदाबाद।** जीवन में गलत कार्य करने वाला इंसान कभी सुखी नहीं रहता है। इसलिए इंसान को कोई भी कार्य करने से पहले अच्छी सोच रखते हुए कार्य करना चाहिए। यह बात मंगलवार को सेक्टर-10 स्थित तेरापंथ में चल रहे चातुर्मास के दौरान जैन साध्वी डॉ. शुभप्रभा ने अपने शुभ आशीष वचनों में कहीं। उन्होंने कहा कि गलत कार्य करते समय इंसान यह नहीं सोचता कि उसका परिणाम क्या होगा। जब उसका परिणाम गलत हो जाता है, जब इंसान सोचता कि यदि यह काम नहीं करता तो ज्यादा अच्छा होता। इसलिए अच्छे कार्य के लिए हमेशा सोच अच्छी रखें, समय और शक्ति उसी में लगाएं। इस दौरान उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में दान-दहेज का प्रचलन ज्यादा हो गया है, लेकिन दान-दहेज एक बार तो अवश्य ही आर्कषण का केंद्र बन जाता है, लेकिन स्वभाव अच्छा नहीं हो तो पूरी जिंदगी के लिए सिरदर्द बन जाता है। इस दौरान जैन साध्वी कान्तयशा, साध्वी मदार यशा व साध्वी अनन्य प्रभा मौजूद रही। इस मौके पर जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष गुलाब चंद बैद,रोशन लाल बोरड़ निवर्तमान अध्यक्ष, इंद्र चंद जैन पूर्व अध्यक्ष, करनी दान सांड, बहादुर सिंह दुग्गड़ पूर्व अध्यक्ष, विजय नाहटा पूर्व अध्यक्ष, लक्ष्मी पंत लुणीया पूर्व अध्यक्ष सहित समाज के अनेको लोग मौजूद रहे।

## ट्रस की विजय भारत के लिए अच्छी

**हम** उम्मीद कर सकते हैं कि ब्रिटेन में प्रधानमंत्री पद के लिए लिज़ ट्रस की विजय चीन के प्रति कठोर दृष्टिकोण के कारण हमारे लिए लाभदायक रहेगी। मुख्यधारा मीडिया हमेशा दक्षिणपंथी नेताओं का मजाक उड़ाना पसंद करता है। उनकी कमियों को लाखों गुना बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया जाता है और उपलब्धियों को छोटे हिस्से में समेट दिया जाता है। अमेरिकन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन को 'ट्रिगर-हैपी काऊब्वाय' कह कर मजाक उड़ाया गया था जिन्होंने विश्व राजनीति को गलती से 'वाइल्ड वेस्ट' समझ लिया था, जार्ज बुश जूनियर के बारे में पत्रकारों में अनेक मजाक प्रचलित थे और डोनाल्ड ट्रंप का न केवल लगातार मजाक उड़ाया गया, बल्कि उनकी छवि भी खराब की गई। हमारे अपने देश में भाजपा नेताओं को अक्सर उनके द्वारा कही चीजों के बजाय इस आधार पर खारिज कर दिया जाता है कि अपने राजनीतिक विश्वासों में वे क्या हैं। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के पहले ही मैरी एलिजाबेथ ट्रस के खिलाफ राजनीतिक विश्लेषकों की ओर से कठोर टिप्पणियां आने लगी हैं। शायद इसका कारण प्रख्यात ब्रिटिश प्रधानमंत्री मार्गेट थैचर से स्वयं को जोड़ना है जिन्होंने रीगन के साथ मिल कर सोवियत संघ के विघटन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वैसे उदारवादी अवस्थापना थैचर से भी बहुत घृणा करती थी जो लगातार सभी प्रकार के वामपंथी वाइरसों से संक्रमित रही है। ट्रस को अभी से 'राजनीतिक गिरगिट' कह कर ऐसे नेता की तरह पेश किया जा रहा है जिनका किसी मुद्दे पर दृष्टिकोण सिद्धान्त के बजाय व्यावहारिकता पर आधारित होता है। एक समय वे रिपब्लिकन थीं जो राजतंत्र समाप्त करने के पक्ष में थे, पर अब उन्होंने कंजरवेटिव नेता के रूप में राजतंत्र के प्रति अपनी शत्रुता छोड़ दी है। उन्होंने ब्रेक्सिट का विरोध किया था, पर अंततः उसके पक्ष में आ गईं। सभी राजनेता और यहां तक कि महान राजनयिक अपने दृष्टिकोण बदलते हैं तथा व्यवहारवादी नीतियों को समुचित स्थन देते हैं। लेकिन इसके कारण दूसरों की तुलना में दक्षिणपंथियों की व्यापक आलोचना होती है। ट्रस इसका अपवाद नहीं हैं।




थैचर व थेरेसा मे के बाद तीसरी महिला प्रधानमंत्री ट्रस ने टैक्स घटाने तथा बढ़ते ऊर्जा संकट से निपटने का वादा किया है। ट्रस को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है, मुद्रास्फीति पिछले चार दशक में सर्वाधिक 13 प्रतिशत है तथा गोल्डमैन सैच्स ने इसके 22 प्रतिशत तक पहुंचने की आशंका व्यक्त की है। जर्मन बैंक ने भुगतान संकट के जोखिम की चेतावनी दी है। राजकोषीय स्थिति भी ठीक नहीं है। इस परिदृश्य में ट्रस द्वारा कोई नया टैक्स न लगाने तथा नियमन घटाने से लाभ मिल सकता है क्योंकि इससे अर्थव्यवस्था को सहायता मिलेगी। भारत के दृष्टिकोण से उनके कार्यकाल के अच्छे रहने की उम्मीद है। उम्मीद है कि वे जल्द ही भारत के साथ समग्र मुक्त व्यापार समझौते-एफटीए पर हस्ताक्षर करेंगी। भारत ने इसके लिए उन्हें मना लिया है। वाणिज्य सचिव बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा था कि 'मेरे शब्द नोट कर लें। दीवाली की अंतिम समय सीमा निरर्थक नहीं होगी।' इसके अलावा चीन के प्रति ट्रस का कठोर दृष्टिकोण है। वर्ष की शुरुआत में एक भाषण में उन्होंने कहा था, 'चीन और रूस ने एक खाली वैचारिक स्थान खोज लिया है और वे उसे जल्दी से भरने का प्रयास कर रहे हैं। उनको ऐसा साहस मिल रहा है जैसा हमने शीत युद्ध के बाद नहीं देखा है। स्वतंत्रता से प्रेम करने वाले लोकतंत्रों की तरह हम सबको इन खतरों के खिलाफ उठ खड़ा होना चाहिए। नाटो के साथ ही हम आस्ट्रेलिया, भारत, जापान, इंडोनेशिया व इस्राइल जैसे साझीदारों के साथ स्वतंत्रता का एक वैश्विक नेटवर्क बनाने का काम कर रहे हैं।' ऐसे दृष्टिकोण से भारत को आक्रामक चीन का बेहतर मुकाबला करने में सहायता मिलेगी। संक्षेप में कहा जाए तो उम्मीद है कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में लिज़ ट्रस का कार्यकाल हमारे लिए लाभदायक सिद्ध होगा।

# आखिर ट्रस बन गईं ब्रिटिश प्रधानमंत्री

### हालांकि, ट्रस ने ऋषि सुनक को मामूली अंतर से हरा दिया है, पर पूर्व वित्त मंत्री ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट के इतने निकट पहुंच कर इतिहास बना दिया है।



**अशोक के मेहता**
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



मैं स्काच का आनन्द उठाने के बीच अंतराल में स्काटलैंड में घूम रहा हूं, उसकी आश्चर्यजनक भू-दृश्यावली से अभिभूत हूं, स्काट की तरह उसे अपने भीतर समाजित कर रहा हूं तथा स्काटलैंड-ब्रिटेन सीमा पर स्थित मेलरोज़ से ब्रिटेन में घट रही ऐतिहासिक राजनीतिक घटनायें देख रहा हूं। दो खबरें अखबारों की सुर्खियों में छाई हुई हैं- प्रधानमंत्री कार्यालय न 10 डाउनिंग स्ट्रीट के लिए संघर्ष तथा एचएमएस प्रिंस आफ वेल्स का निराशाजनक ढंग से समुद्री यात्रा में अक्षम होना। सोमवार को 12:30 बजे वेस्टमिनिस्टर में कंजरवेटिव पार्टी ने आश्चर्यजनक रूप से बहुत कम अंतर से विदेश मंत्री लिज़ ट्रस को ऋषि सुनक पर वरीयता दी जो अब बोरिस जान्सन के खिलाफ जुलाई में हुए विद्रोह के बाद ब्रिटेन की प्रधानमंत्री बनेंगी। ट्रस की विजय का व्यापक रूप से अनुमान लगाया जा रहा था और केवल कोई चमत्कार ही सुनक को विजय दिला सकता था। टिप्पणीकारों ने ट्रस के पराजय की स्थिति में 'ईट देयर हैट' जैसी उत्तेजक बातों का पूर्वानुमान किया था। ऐसा लगता है कि ब्रिटेन अभी एक गैर-श्वेत प्रधानमंत्री के लिए तैयार नहीं है।

96 वर्ष की आयु में बीमार, पर सर्वाधिक प्रिय रानी ने सिंहासन के अपने वारिस प्रिंस चार्ल्स को लिज़ ट्रस को शपथ दिलाने के लिए नहीं कहा। पहली बार यह आयोजन उनके 70 वर्षीय राज्य काल में बकिंघम पैलेस के बजाय बाल्मोरल कैसल में हुआ था, जबकि बकिंघम पैलेस में 30 पौंड स्टर्लिंग या लगभग 3,000 रुपये की फीस देकर हजारों पर्यटक गाइडेड टूर का आनंद लेते हैं। मंगलवार को रानी ने प्रतीक्षारत प्रधानमंत्री लिज़ ट्रस को 'किसिंग आफ द हैंड', सरकार बनाने तथा एक फोटो खिंचवाने के लिए आमंत्रित किया। 1908 में किंग एडवर्ड छठे ने हर्बर्ट एस्क्विथ से उस समय मुलाकात की थी जब राजा फ्रेंच समुद्रतट पर स्थित बियारिट्ज़ में आराम फरमा रहे थे। लेकिन ट्रस व सुनक दोनों ने रानी से मिलने पर सहमति प्रकट की थी, भले ही वे चाहे जहां हों। सुनक ने यह भी कहा था कि 'प्रधानमंत्री महामहिम रानी की सेवा करते हैं।' भारतीयों के लिए यह अवसर समारोह मनाने का है, भले ही सुनक प्रधानमंत्री पद के इतने निकट पहुंच कर भी उससे दूर रह गए हों।

27 अगस्त को 'द डेली टेलीग्राफ' ने दो पेज का सप्लीमेंट निकाला जिसमें ट्रस कैबिनेट का अनुमान लगाया गया था। उम्मीद जताई गई थी कि चांसलर, गृह सचिव तथा विदेश सचिव के तीन सर्वाधिक वरिष्ठ पदों पर क्वासी क्वारटेंग, सुईला ब्रेवरमैन व जेम्स क्लेवरली स्थापित होंगे। क्वारटेंग 'मुक्त बाजार' के पैरोकार तथा लगातार ट्रस के राजनीतिक सहयोगी रहे हैं। एकसाथ मिल कर उन्होंने कम टैक्सों, कम नियमन वाली अर्थव्यवस्था तथा न्यूनतम सरकार की पैरवी की है। संभावना है कि जान रेडवुड व जैकब रीस-मोग चांसलर की सहायता करेंगे। बेवरमैन के सामने अवैध प्रवासियों से निपटने की चुनौती होगी जो चैनल पार कर वहां आते हैं। पिछले रविवार को 1061 लोगों ने चैनल पार कर ब्रिटेन में प्रवेश किया था। सुश्री बेवरमैन ने उनके र्वांडा निष्कासित करने की पैरवी की थी, लेकिन अदालतों ने इसे स्थगित कर दिया। कीनियाई व मारीशस आप्रवासियों की पुत्री बेवरमैन ने कहा था कि ब्रिटिश साम्राज्य 'कुल मिला कर अच्छाई की शक्ति है।'

विदेश सचिव के लिए ट्रस की संभावित पसंद जेम्स क्लेवरली होंगे जिनकी सहायता टाम टुगेंडहाट करेंगे जो स्वयं प्रधानमंत्री बनने की इच्छा रखते थे। क्लेवरली विदेश कार्यालय में एक जूनियर मंत्री रहे हैं। पूर्व सैनिक अधिकारी टुगेंडहाट भी ट्रस को पसंद हैं जो विदेशी मामलों की चयन समिति बन सकते हैं। वे चीन के प्रति कठोर दृष्टिकोण रखते हैं। वर्तमान रक्षा मंत्री बेन वैलेस की अपने पद पर बने रहने की संभावना है। उन्होंने रक्षा बजट में बढ़ोत्तरी की पैरवी की थी। यह ट्रस के दृष्टिकोण के अनुरूप है जिन्होंने इसे जीडीपी के 3 प्रतिशत तक ले जाने की इच्छा जताई थी। कैबिनेट में कुछ अन्य 'संभावित' लोगों में सर इयान डंकन स्मिथ सदन के नेता बन सकते हैं। नेतृत्व में विफल रहने वाले नदीम जहावी स्वास्थ्य सचिव बन सकते हैं, जबकि श्रीलंकाई मूल के रनिल जयवर्धने पर्यावरण सचिव बन सकते हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या सुनक मंत्रिमंडल में शामिल होंगे। उन्होंने कहा था कि वे कंजरवेटिव सरकार का 'किसी भी क्षमता में' समर्थन करने को तैयार हैं।

बोरिस जॉनसन के खिलाफ विद्रोह करने और बाद में ट्रस का समर्थन करने वाले साजिद जावेद को भी एक मंत्रिमंडलीय पद के रूप में पुरस्कृत किया जा सकता है। मंत्रिमंडल से बाहर रहने वाले संभावित बड़े नामों में ऋषि सुनक, डोमिनिक राब व आलोक शर्मा शामिल हैं। ट्रस सरकार के समक्ष असाधारण आर्थिक चुनौतियां होगी जिनमें खासकर असाधारण रूप से बढ़ा ऊर्जा खर्च शामिल है। हालांकि, पाउंड स्टर्लिंग अपना स्तर बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है, पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा की फंडिंग एक और बड़ी चुनौती है। फ्रांस के साथ कभी न समाप्त होने वाला टकराव फिर उभर कर सामने आ गया है। पिछले सप्ताह ट्रस से पूछा गया था कि वे मैक्रान को मित्र मानती हैं या शत्रु, इस पर उनका जवाब था 'जूरी अभी बाहर है।' इस पर मैक्रान की प्रतिक्रिया थी कि 'ब्रिटेन एक मित्र देश है, भले ही उसके नेता चाहे जो हों।' मैक्रान ने यह भी कहा, 'यदि ब्रिटेन और फ्रांस यह नहीं सोच पा रहे हैं कि वे मित्र हैं या शत्रु तो हम गंभीर समस्याओं की ओर बढ़ रहे हैं।'

पिछले सप्ताह एक परेशान करने वाली घटना हुई जिससे ब्रिटेन बच सकता था। ब्रिटेन के सबसे बड़े विमानवाहक पोत एचएमएस प्रिंस आफ वेल्स की पहली अमेरिका यात्रा विफल हो गई जो नाटो को प्रतिबद्ध था। इस वर्ष के प्रारम्भ में उसके दूसरे विमानवाहक पोत क्वीन एलिजाबेथ ने हिंद-प्रशांत की लंबी यात्रा की थी जिसमें भारतीय नौसेना के साथ अभ्यास भी शाामिल था। मैंने एक सेवानिवृत्त ब्रिटिश गोरखा सैन्य अधिकारी से बात की जो चार-वर्षीय अग्निपथ योजना के बारे में भ्रमित थे।

अनेक ब्रिटिशवासियों को लगता है कि क्रिसमस के पहले आपरेशन बोजो हो सकता है जिसका अर्थ प्रधानमंत्री के रूप में बोरिस जान्सन की वापसी होगा। इसके पहले ट्रस के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आएगा जिससे बोरिस जान्सन जनवरी, 2025 में होने वाले संसदीय चुनावों में फिर कंजरवेटिवों का नेतृत्व कर सकेंगे। हालिया जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार लेबर कंजरवेटिवों से आगे हैं।

भारत को उम्मीद है कि भारत-ब्रिटेन समग्र रणनीतिक साझेदारी के अंतर्गत एफटीए समझौता दीपावली तक हो जाएगा। इससे स्काच की कीमतों पर लगा नियंत्रण हट जाएगा। इस संभावना के लिए मेलरोज़ से चियर्स।

# सोवियत संघ विखंडन के सूत्रधार गोर्बाचेव

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं प्रख्यात स्तम्भकार हैं)



इतिहास के हॉल में मिखाइल गोर्बाचेव का स्थान छह या सात वर्षों में पूरी दुनिया के भविष्य को बदलने के लिए आरक्षित है। यकीनन इतिहास में किसी अन्य नेता ने इतने कम समय में इतनी क्रांति नहीं की है। क्रेमलिन द्वारा संचालित उनकी सरकार ने न केवल सोवियत संघ के नक्शे को फिर से तैयार किया बल्कि दुनिया की राजनीतिक अर्थव्यवस्था को भी बदल दिया। 1917 में व्लादिमीर लेनिन द्वारा पेश की गई नई विचारधारा जिसने गरीबों और उदास अमीरों को प्रसन्न किया, 1991 तक गोर्बाचेव के सुधारों के साथ दफन हो गया। दृढ़ता से व्यक्त की गई विचारधारा 'प्रत्येक की आवश्यकता के अनुसार प्रत्येक की क्षमता के अनुसार' थी। सभी व्यक्ति समान हैं और इसलिए उन्हें उसी के बारे में पुरस्कृत किया जाना चाहिए। जो उत्पादन के साधन के मालिक हैं (इसलिए संभवतः असमानता को बनाए रखने वाले धन का उत्पादन करते हैं) को राज्य द्वारा बेदखल कर दिया जाना चाहिए।

कुछ ही दशकों में, गरीबों ने महसूस किया कि कार्ल मार्क्स और लेनिन की यह विचारधारा इसके बजाय गरीबों को गरीब बना रही थी, कम से कम धन का उत्पादन कर रही थी और केवल यूएसएसआर की कम्युनिस्ट पार्टी के अधिकारियों या अधिवेशनों को समृद्ध कर रही थी। गोर्बाचेव सोवियत संघ के पहले नेता या राष्ट्रपति थे जिन्होंने यह पता लगाया कि उनका देश कितना बुरा कर रहा है। उनके पूर्ववर्तियों का लोगों से इतना अधिक संपर्क नहीं था कि वे नहीं जान सकते थे और इसलिए उन्होंने अपने देश की अर्थव्यवस्था को उबारने के लिए कुछ नहीं किया।

गोर्बाचेव सत्ता में आए (1985 में), देखा, और बदलने और जल्दी से बदलने का फैसला किया। उसके पास खड़े होने और घूरने का समय नहीं था यह महसूस करने के लिए कि अस्वस्थता कितनी गहरी हो गई है। न ही किसी राजनीतिक चिकित्सक के पास अपने संभावित उपचारों की प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं या रोगी को बचाने के लिए उसकी जल्दबाजी के परिणामों की कल्पना करने का धैर्य था। उन्होंने ऑपरेशन करने की जल्दी में अस्पताल के इंटर्न की तरह व्यवहार किया; और सौदेबाजी में, विच्छिन्न, यदि वस्तुतः विक्षिप्त नहीं है, तो यह। यूरोपीय-सह-साइबेरियाई रूस को सोवियत संघ से अलग होने वाले एशियाई प्रांतों से कोई ऐतराज नहीं था। क्रेमलिन अस्पताल में भी खून की एक भीड़ थी जिसने यूक्रेन और बेलोरूसिया जैसे यूरोपीय प्रांतों को भी यूएसएसआर से अलग कर दिया। रोमनॉफ राजवंश के जार ने दो शताब्दियों में जो कुछ एकत्र किया था या जीत लिया था, उसे दो सप्ताह में एक कम्युनिस्ट बच्चे ने खिलौने की तरह तोड़ दिया था।



1985 में सत्ता में आने पर, कॉमरेड गोर्बाचेव ने 'पेरेस्त्रोइका' या निजीकरण के समान कुछ पुनर्गठन की बात करना शुरू किया। उन्होंने महसूस किया कि उद्योगों या राज्य पूंजीवाद का राज्य स्वामित्व विफल हो गया है। लेकिन जैसा कि ऊपर कहा गया है, उन्होंने खड़े होने और घूरने के लिए समय नहीं निकाला, निहितार्थों के साथ-साथ पेरेस्त्रोइका के संभावित परिणामों पर भी विचार किया। वह जल्दी में था, और खुला या रूसी में ग्लासनोस्ट कहलाता था। पेरेस्त्रोइका और ग्लासनोस्ट का यह संयोजन सोवियत संघ की एकता के लिए घातक साबित हुआ। उसके बाद के चार साल विशाल देश के लिए अराजक नहीं तो कुछ भी नहीं थे। किस अधिकारी या नागरिक ने किसका समर्थन किया, यह स्पष्ट नहीं था कि सोवियत स्थिति इतनी भ्रामक थी। अव्यवस्था को नियंत्रित करने में मदद के लिए कोई नेता नहीं खड़ा हुआ। कम्युनिस्ट हमदर्द लोकतंत्र की अनुपस्थिति के रूप में पराजय में व्याख्या करते हैं। कहीं भी चुनाव नहीं हुए, जिसके परिणामस्वरूप नेताओं को वास्तविक प्रतिक्रिया का अभाव था। इसलिए जब नीति-निर्माता इस बात से अनजान होते हैं कि लोग क्या सोच रहे हैं, तो गलतियाँ करना मुश्किल नहीं है। इसके उलट लोगों को पता नहीं है कि नेताओं की मंशा क्या है। जोसेफ स्टालिन 29 वर्षों तक सर्वोच्च नेता के रूप में कई असामान्य कारणों से लड़खड़ाते रहे। उनकी राजनीतिक प्रतिभा में मदर रूस के बारे में उनकी समझ शामिल थी, लेकिन जॉर्जिया, आर्मेनिया, अजरबैजान और आगे पूर्व एशियाई क्षेत्रों जैसे अन्य भी शामिल थे। ज़ार निकोलस द्वद्ध के असफल शासन के बाद, बोल्शेविक क्रांति ने आधुनिकीकरण की आशा के साथ-साथ गरीब वर्गों, विशेषकर सर्वहारा वर्ग के लिए न्याय की आशा की। हिटलर के जर्मनी के खतरे के बाद द्वितीय विश्व युद्ध हुआ। हालांकि यह बताना मुश्किल है कि हिटलर को हराने का ज्यादातर श्रेय लोकप्रिय लोगों की नजर में स्टालिन को ही क्यों गया। स्टालिन के शुद्धिकरण और हत्याओं के बारे में लोगों को तब तक पता नहीं था जब तक कि उनके वास्तविक उत्तराधिकारी निकिता ख्रुश्चेव ने 1956 में सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी की 20 वीं कांग्रेस में उन्हें उजागर नहीं किया।

सोवियत संघ के टूटने के लिए उत्साह या अंतिम दोष मिखाइल गोर्बाचेव को जाना चाहिए। लेकिन जड़ें कार्ल मार्क्स की लाल विचारधारा द्वारा रखी गई थीं। ऐसा प्रतीत होता है कि वह मनोविज्ञान को नहीं समझता था। किसी को अपने करियर में पदोन्नति या प्रगति की उम्मीद के बिना काम क्यों करना चाहिए? प्रत्येक से अपनी क्षमता के अनुसार प्रत्येक को अपनी आवश्यकता के अनुसार बस इतना ही मतलब है। सबकी जरूरतें एक जैसी हैं; इसलिए उन्हें कमोबेश उतना ही कमाना चाहिए। क्रांति के अगले दिन उद्योगपतियों को उनके उद्योगों से बेदखल कर दिया गया। भले ही हम अन्याय को नज़रअंदाज़ कर दें, क्या सोवियत शासन ने उद्योगों के प्रबंधन के लिए कोई विकल्प ढूंढा? नहीं, पार्टी केवल अपने स्पष्टवादी या राजनीतिक कार्यकर्ताओं की पेशकश कर सकती थी।

स्टालिन के समय में शुरू किए गए सभी नए संयंत्रों और परियोजनाओं के लिए प्रबंधकों को प्रशिक्षित करने या शिक्षित करने का कोई प्रयास नहीं किया गया था। नहीं, क्योंकि वे मार्क्सवादी या वफादार भी हो सकते हैं। उन पर बुर्जुआ या पेटिट बुर्जुआ होने का संदेह था।

चीन के डेंग शियाओपिंग ने ये गलतियां नहीं कीं जब उन्होंने माओत्से तुंग की मृत्यु के बाद अर्थव्यवस्था को उदार बनाने का फैसला किया। चीनियों ने धर्म को समाप्त नहीं किया जैसा कि सोवियत संघ ने वस्तुतः किया था; उन्होंने चर्चों और मस्जिदों को दुकानों, कार्यालयों और अन्य चीजों में बदल दिया। लेकिन चीनी नहीं जो अभी भी गौतम बुद्ध की लंबी खड़ी मूर्तियां लगाते हैं। शायद ईसाई धर्म के प्रतिवाद के रूप में।

## आप की बात

### केजरीवाल की राह पर राहुल

**अरविंद** केजरीवाल ने दिल्ली का चुनाव मुफ्त रेवडिया बांट कर दो-दो बार जीत लिया दूसरे इसी रेवड़ी कल्चर के दम पर उन्होंने फिर पंजाब का चुनाव भी जीत लिया तथा अब आजकल उनकी निगाह गुजरात राज्य पर टिकी हुई है एवं अब वे गुजरातियों को भी भरमाने में लगे हुए हैं। आज उनकी हि देखा देखी अब राहुल गांधी ने भी गुजरात को जीतने के लिए अपनी पार्टी की ओर से रेवडी कल्चर का सहारा लिया है एवं वहां के लिए उन्होंने भी मनभावन घोषणाएं कर दी है। उनका कहना है कि किसानों का तीन लाख तक का कर्जा माफ करेंगे इसी तरह से आम जनता को 300 यूनिट तक की बिजली मुफ्त प्रदान करेंगे। तब आज यह सबसे बड़ा सवाल है कि रेवडी कल्चर की नीति जो कहीं से भी उचित नहीं है उसे कांग्रेस जैसी एक बड़ी पार्टी क्यों अपना रही है। कारण हमारी पिछले जमाने की सरकारों ने यह सब रेवड़ी कल्चर अपनाने का काम कभी नहीं किया। आज के समय यह हर जगह आम जनता को रेवड़ी बांटने के नाम पर जिस तरह से गुमराह किया जा रहा है आखिरकार देर सवेर मुफ्त बांटने के चलते बोझ तो आम जनता पर ही पड़ना है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### सरकारी स्कूलों की दशा

**शिक्षक** दिवस पर प्रधानमंत्री ने ट्वीट करके घोषणा की कि प्रधानमंत्री स्कूल्स फार राइजिंग इंडिया योजना के तहत देश के साढ़े चौदह हजार स्कूलों को विकसित और उन्नत किया जाएगा। प्रधानमंत्री का विचार शुभ और प्रशंसनीय है! मगर इतने बड़े देश में सिर्फ 14500 स्कूलों को ही विकसित किया जाना है! जबकि शिक्षा को मूल अधिकार मे लेने के बाद देश का हर स्कूल राइजिंग इंडिया स्कूल होना चाहिए और खूबी की बात यह है कि सरकार वर्षों से शिक्षा पर खूब धन खर्च कर रही है। मगर लचर प्रशासनिक व्यवस्था के चलते स्कूलों में प्राथमिक सुविधाएं मौजूद नही हैं. और ना ही शिक्षक छात्रों के बौद्धिक और शारीरिक विकास में कोई दिलचस्पी रखते हैं. यहां तक की गाड़ी धन आवंटन के बावजूद ग्रामीण स्कूलों मे शुद्ध पीने का पानी और बाथरूम तक व्यवस्थित नहीं है। सरकारी स्कूलों के टीचर 50,000 से अधिक रुपए प्रतिमाह की पगार लेकर भी अपने कर्तव्य के प्रति बेहद लापरवाह है. वहीं प्राइवेट स्कूलों के टीचर मात्र 8000 प्रति महीने में 12 घंटे परिश्रम करते हैं। और इन्हीं स्कूलों के मालिक भारी शुल्क वसूल करके छात्रों व शिक्षक दोनों का शोषण करते हैं।

– **सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

### लोकतंत्र में असहमति

**प्रसिद्ध** पत्रकार राजदीप सरदेसाई ने कुछ समय पहले दिए गए इंटरव्यू में बताया था कि विमोचन के कार्यक्रम में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भी आए थे, जो सबसे आगे बैठे थे। उस कार्यक्रम में उनकी सरकार की खूब आलोचना की। कार्यक्रम के पश्चात स्वयं प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह उनके पास आए और उन्होंने कहा कि इसी प्रकार से हमारी सरकार की आलोचना करते रहिए ताकि सरकार को अपनी कमजोरियों का पता चले। आज की तारीख में ऐसे नेता बहुत कम है, जो ऐसा कह पाएंगे। लेकिन विडंबना की बात है कि आज आलोचना, निंदा व असहमति तो आंखों की किरकिरी बनी हुई हैं। सुप्रीम कोर्ट के माननीय न्यायाधीश महोदय बार-बार कहा है कि असहमति (आलोचना) तो लोकतंत्र की खूबसूरती है । लेकिन आज के दौर में असहमति / आलोचना वाले कई लोग सत्ताधारी के निशाने पर रहते हैं व परेशानी झेल रहे हैं। उनसे आज के नेताओं को प्रेरणा लेनी चाहिए व मुद्दों पर ही बातें करनी चाहिए।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



“ मुझे बदनाम करने वालों की पहुंच ट्विटर तक है। यही कांग्रेस के पतन का मुख्य कारण है।

– **गुलाम नबी आजाद**
पूर्व कांग्रेस नेता



**जनता** से जुड़े राजनेता होने के आजाद के दावे सत्य से दूर हैं। वे कभी कोई चुनाव नहीं जीते।

– **जयराम रमेश**
कांग्रेस महासचिव



**अब** हम नई प्रधानमंत्री लिज़ ट्रस के साथ एकजुट हैं। वे कठिन समय में देश का नेतृत्व कर रही हैं।

– **ऋषि सुनक**
पूर्व ब्रिटिश वित्त मंत्री ”

# प्रीकॉशन डोज लगवाने से कोई न छूटे

## सीएम ने की सभी से 30 सितंबर तक बूस्टर डोज लगवाने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने 30 सितंबर तक चलने वाले विशेष टीकाकरण अभियान को प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए फिर से अपील की है। उन्होंने कहा है कि वैक्सीन के योग्य व्यक्ति समय पर प्रीकॉशन डोज लगवाएं और कोरोना के खिलाफराज्य सरकार की मुहिम का हिस्सा बनें। मुख्यमंत्री ने बुधवार की सुबह अपने आवास पर हुई उच्चस्तरीय बैठक में दिए।

उन्होंने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए टीकारण अभियान चलाया जा रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव पर योगी सरकार ने 75 दिन तक सभी को निशुल्क टीकाकरण का लक्ष्य रखा था। इस लक्ष्य के अनुरूप 6 सितंबर तक उत्तर प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक उम्र के 3 करोड़ से अधिक वयस्कों ने वैक्सीन की सर्तकता प्रीकॉशन डोज लगवा ली है। प्रदेश में 12 करोड़ वयस्कों को टीके की सतर्कता डोज लगाने के लिए 15 जुलाई से अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में प्रीकॉशन डोज लगवाने के लिए भी लोगों में उत्साह पहले जैसा ही है। अगर सबसे ज्यादा सतर्कता डोज की बात करें तो इस मामले में देवरिया सबसे आगे है।

देवरिया में 6 सितंबर तक 35.35 प्रतिशत लोगों ने सतर्कता डोज लगवा ली है। वहीं महोबा 32.98 प्रतिशत, रायबरेली 32.60 प्रतिशत, मुजफ्फरनगर 32, लखीमपुर खीरी 30.79 प्रतिशत जैसे जनपद सतर्कता डोज लगवाने के मामले में शीर्ष पांच जिलों में हैं। सरकार का प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग निशुल्क डोज के इस अभियान में शामिल होंए ताकि जिस तरह कोरोना के सबसे मुश्किल दौर में भी प्रदेश ने इस महामारी को पछाड़ा थाए उसी तरह आगे भी प्रदेशवासी इस मुहिम में सबसे आगे रहें। उत्तर प्रदेश पूरे देश में सबसे ज्यादा टीके लगवाने वाला प्रदेश है।

## बीमा पालिसी वितरण का शुभारम्भ करेंगे मुख्यमंत्री

### किसान सम्मान निधि के पात्र लाभार्थी नौ तक करें भूलेख का डाटा अपलोडः सूर्य प्रताप शाही

**लखनऊ।** अवर्षण तथा अल्पवर्षण के कारण प्रदेशभर के किसानों के सम्मुख उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने के लिए प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बुधवार को विभागीय तैयारियों और रणनीति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अवर्षण की स्थिति को देखते हुए आगामी सप्ताह में रबी बीजों के मिनीकिट पीएम कुसुम योजनान्तर्गत सोलर सिंचाई पम्प तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत सभी बीमित कृषकों को 'मेरा पालिसी मेरा हाथ' अभियान के अन्तर्गत बीमा पालिसी वितरण का शुभारम्भ मुख्यमंत्री द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है। शाही ने बताया कि कानपुर नगर के ग्राम पलरा ढोढर विकासखण्ड बिधनू में 9 सितंबर को प्राकृतिक खेती, नमामि गंगे और परंपरागत जैविक खेती करने वाले प्रगतिशील कृषकों का एक दिवसीय कार्यशाला फील्ड भ्रमण तथा कृषि ड्रोन का प्रदर्शन आयोजित किया जाना है। इस कार्यक्रम में मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा एवं अपर मुख्य सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से कृषि विज्ञान केन्द्र को कृषि उत्पादनए उत्पादकता हेतु मॉडल केन्द्र बनाने की दिशा में प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में प्रदेश के समस्त 89 कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों, प्रभारियों के साथ 10 से 12 सितम्बर को तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ में किया जाना प्रस्तावित है।

# 15 अक्टूबर तक गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का होगा सर्वे, टीम गठित

## मदरसों के छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट शिक्षा देना राज्य सरकार की प्राथमिकताः धर्मपाल सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अल्पसंख्यक** कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रदेश के गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे कराये जाने के लिए 10 सितम्बर तक सर्वे टीम गठित करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही मंत्री ने 15 अक्टूबर 2022 तक सर्वे कार्य पूरा करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के सर्वे हेतु गठित टीम में संबंधित तहसील के उपजिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शामिल होंगे। यह टीम अपर जिलाधिकारी प्रशासन के निर्देशन में सर्वे कर जिलाधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। जिलाधिकारी द्वारा सर्वे का रिपोर्ट 25 अक्टूबर 2022 तक शासन को उपलब्ध करायी जाए। यह निर्देश बुधवार को अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह ने विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में दिये।

उन्होंने कहा कि गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के विवरण में सर्वे टीम द्वारा मदरसे का नाम, मदरसे का संचालन करने वाली संस्था का नाम, स्थापना वर्ष, मदरसे की अवस्थिति का सम्पूर्ण विवरण, मदरसे में छात्र छात्राओं के लिए आवश्यक बुनियादी अवस्थापना सुविधायें, अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की कुल संख्या, मदरसों में शिक्षकों की कुल संख्या, मदरसों में लागू पाठ्यक्रम, मदरसे की आय का स्रोत तथा मदरसों में पढ़ रहे छात्र किसी अन्य विद्यालय में नामांकित हैं आदि का विवरण प्राप्त किया जाए। साथ ही किसी गैर सरकारी समूहध्संस्था से मदरसे की संबद्धता का विवरण भी लिया जाए। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि अल्पसंख्यक समाज के बच्चों एवं युवाओं को गुणवत्तायुक्त एवं उत्कृष्ठ शिक्षा दी जाए ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि मदरसों में आवश्यक अवस्थापना संबंधी बुनियादी सुविधायें तथा उत्कृष्ठ शैक्षणिक परिवेश उपलब्ध कराते हुए गुणवत्तायुक्त एवं आधुनिक शिक्षा प्रदान करते हुए मदरसों में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राओं को अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, कम्प्यूटर एवं अनय तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराते हुए उनका कौशल विकास करना तथा समाज की मुख्यधारा में शामिल करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

## किसानों की औसत आय मनरेगा की मजदूरी से भी कमः कांग्रेस

**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि भाजपा सरकार जब से सत्ता में आई है तभी से महंगाई अपने चरतोत्कर्ष पर है। बेरोजगारी 45 वर्षों में अपने उच्चतम स्तर पर है। देश की ग्रोथ रेट बढ़ने का नाम नहीं ले रही है। हाल ही में मोदी सरकार के एनएसओ की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि देश में किसानों की औसत आमदनी प्रतिदिन मात्र 27 रुपए रह गई है, जो मनरेगा मजदूरी से भी कम है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता पंकज तिवारी ने कहा कि आज केवल जातीय, धार्मिक उन्माद के नाम पर देश को तोड़ने की राजनीति की जा रही है। जिसे जोड़ने के लिए ही कांग्रेस ने राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो' का नारा बुलंद किया है।

# प्रदेश के सभी राज्य राजमार्ग न्यूनतम दो लेन होंगे चौड़े

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अब** प्रदेश के सभी राज्य राजमार्ग न्यूनतम दो लेन चौड़े हो जाएंगे। इस दिशा में प्रदेश की योगी सरकार ने कार्य तेज कर दिया है। इस सम्बन्ध में लोक निर्माण मंत्री ज़ितिन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश के सभी राज्य राजमार्गों को न्यूनतम दो लेन चौड़ा किए जाने के लक्ष्य में और अधिक तीव्रता प्रदान की गई है। इस कार्य को आगे बढ़ाते हुए राज्य राजमार्गों की 13 परियोजनाओं को 2 लेन चौड़ा किए जाने की कार्ययोजना को अनुमोदन प्रदान किया गया है। इसके बाद से प्रदेश के अब सभी राज्य राजमार्ग न्यूनतम दो लेन चौड़े हों जाएंगे। ज़ितिन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश के सभी राज्य राजमार्गों पर सुगम यातायात हेतु न्यूनतम 2 लेन चौड़ा किए जाने के उद्देश्य से विभिन्न राज्य मार्गों की 13 परियोजनाएं जिनकी लम्बाई 260 किमी की कार्ययोजना का अनुमोदन मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान किया गया है जिसकी लागत 753 करोड़ रुपए है। चौड़ा होने से बचे रह गए राज्य राजमार्गों के न्यूनतम दो लेन चौड़ा हो जाने से पूरे प्रदेश में अब कोई भी राज्य राजमार्ग दो लेन से कम चौड़ा नहीं बचेगा। इन 13 परियोजनाओं में जनपद फतेहपुर की 3 परियोजना, शाहजहाँपुर, जालौन की 2-2 परियोजना जबकि गाजीपुर प्रयागराज, वाराणसी, बरेली, मिर्जापुर, प्रतापगढ़ की 1-1 परियोजना शामिल हैं। ज़ितिन प्रसाद ने कहा कि लोक निर्माण विभाग आम जनमानस को उच्च गुणवत्ता की सड़कें उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित है।

## डीजीपी मुख्यालय से सम्बद्ध 11आईपीएस अफसरों को मिली नई तैनाती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शासन** ने डीजीपी मुख्यालय से सम्बद्ध और प्रतीक्षारत चल रहे 11 आईपीएस अधिकारियों को नई तैनाती प्रदान की है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार प्रतीक्षारत शफीक अहमद को एसपी प्रशिक्षण निदेशलालय लखनऊ, प्रतीक्षारत राजेश कुमार श्रीवास्तव को एसपी सुरक्षा मुख्यालय लखनऊ के पद पर भेजा गया है। डीजीपी मुख्यालय से सम्बद्ध चल रहे अधिकारियों में अनीस अहमद अंसारी को एसपी मुख्यालय लखनऊ, राज कमल यादव को एसपी पीटीसी सीतापुर, सुभाष चंद्र शाक्य को एसपी विशेष अनुसंधान दल उत्तर प्रदेश, अनूप कुमार सिंह को एसपी तकनीकी सेवाएं उत्तर प्रदेश, पूजा यादव को एसपी रेलवे लखनऊ, शैलेश कुमार यादव को एसपी मानवाधिकार मुख्यालय डीजीपी और राधेश्याम को एसपी मुख्यालय डीजीपी के पद पर तैनाती प्रदान की गई है। इसके अलावा डीजीपी मुख्यालय में तैनात सुरेंद्र बहादुर को एसपी लोक शिकायत मुख्यालय पुलिस महानिदेशक और मो. नेजाम हसन को पुलिस अधीक्षक नियम एवं ग्रंथ के पद की जिम्मेदारी दी गई है।

## ग्लोबल वार्मिंग पूरे विश्व की समस्याः डा. अरुण सक्सेना

**लखनऊ।** पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डा. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग केवल एक देश की समस्या नहीं है, बल्कि सम्पूर्ण विश्व की समस्या है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ग्लोबल वार्मिंग को लेकर पूरी दुनिया को सचेत करते रहे है। ग्लोबल वार्मिंग को रोकना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज के युग में पर्यावरण हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए और पंचसूत्र को अपनाना चाहिए। वन मंत्री सक्सेना ने यह बात बुधवार को पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान और स्विस एजेंसी फार डेवलपमेंट एंड कोऑपरेशन के सहयोग से आयोजित मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला के दौरान कही। इस दौरान अपर मुख्य सचिव पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मनोज सिंह ने कहा कि हम सबका दायित्व है कि पर्यावरण संतुलन बनाये रखे। उन्होने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से पृथ्वी का बचाव करना हम सबका कर्तव्य है। सिंह ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा एवं संतुलन बनाने के लिए विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे है। उन्होने कहा कि इन योजनाओं की जानकारी आम जनमानस तक पहुचाने के लिए अत्यतं आवश्यक है। कार्यशाला को संबोधित करने के लिए डॉ विभा धवन डीजी टेरी, ममता संजीव दुबे प्रधान मुख्य वन संरक्षक जीओयूपी, मनोज सिंह एसीएस ईएफ एंड सीसी और आशीष तिवारी भी उपस्थित थे।

# बंदियों के तैयार किए उत्पाद को एमएसएमई से जोड़ना सफल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के कारागार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने कहा है कि बंदियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को एमएसएमई से जोड़ने की योजना सफल साबित हो रही है। प्रजापति बुधवार को अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश की जेलों में निरुद्ध कैदियों की सिलाई, बुनाई, पेटिंग की कौशल को एनसीआरबी ने प्रथम स्थान प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि कैदियों द्वारा बनाये गए उत्पादों को बेहतर बाजार एवं मूल्य मिल सके। इस दिशा में कारागार विभाग लगातार सकारात्मक प्रयास कर रहा है। जेलों की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरन्तर निगरानी के साथ ही समय-समय पर निरीक्षण भी किया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने यह भी बताया कि मुजफ्फरनगर जिला जेल को क्वालिटी मैनेजमेनट सिस्टम के लिए क्यूएफएस मैनेजमेंट सिस्टम एलएलपी सर्वे एजेंसी के द्वारा किए गए सर्वे के उपरांत आईएसओ 9001:2015 प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह फ रूर्खाबाद जेल प्रशासन को खाने की गुणवत्ता के लिए एफएसएसआई ने 5 स्टार रेटिंग प्रदान किया। इससे सिद्ध होता है कि जेलों की व्यवस्था में लगातार सुधार हो रहा है।

## राजभवन में 200 बालिकाओं ने कराया वैक्सीनेशन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु राजभवन में बुधवार को किशोरियों के वैक्सीनेशन का तीसरा कैम्प आयोजित हुआ। प्रमुख सचिव राज्यपाल कल्पना अवस्थी ने बालिकाओं को वैक्सीनेशन की अंतिम डोज के लिए लगाए गए इस कैम्प का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव ने कहा कि प्रदेश की राज्यपाल द्वारा महिलाओं को ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर से बचाने के अभियान के लिए समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है। महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के आंकड़ों के प्रति संवेदनशील होकर राज्यपाल इसकी रोकथाम के लिए बालिकाओं को वैक्सीनेशन कराने हेतु जागरूकता प्रसार के लिए निरन्तर प्रेरणा दे रही हैं। उन्होंने बताया कि राज्यपाल की प्रेरणा से गत् 7 एवं 25 मार्च 2022 को राजभवन में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तथा डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के संयोजन से स्कूली 9 से 18 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन की निःशुल्क प्रथम डोज लगायी गयी, जिसके क्रम में आज उन बालिकाओं को वैक्सीन की दूसरी डोज निःशुल्क दी जा रही है। प्रमुख सचिव कल्पना अवस्थी ने कैम्प की सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और वैक्सीनेशन के लिए आयी सभी बालिकाओं को वैक्सीनेशन उपरान्त जूस एवं चाय उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया। लोहिया संस्थान की निदेशक प्रो सोनिया नित्यानंद ने जानकारी दी कि आज के कैम्प में बालिकाओं को वैक्सीनेशन के साथ.साथ उनका ब्लड सैंपल भी लिया गया। इससे बालिकाओं का एनीमिया लेबल चेक किया जायेगा। इस जांच में जो बालिकाएं एनीमिक पायी जायेंगी उन्हें डा राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान से निःशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध करायी जायेंगी। राजभवन में कार्यरत महिला चिकित्सक डॉ गीता चौधरी ने जानकारी दी कि आज के कैम्प में 200 बालिकाओं का वैक्सीनेशन किया गया। इस अवसर पर वैक्सीनेशन कार्य हेतु राजभवन में डॉ अनिल निर्माण, डॉ गीता चौधरी, डॉ वीनम यादव, डा मनीराम तथा आरएमएल संस्थान से डॉ नीतू सिंह, डॉ अनिल, डॉ मोना एवं डॉ वंदना सहित पैरामेडिकल स्टाफ ने कैम्प आयोजन को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया।

# अपनी चिंता करें अखिलेश, सपा के एमएलए बीजेपी के संपर्क में

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भाजपा** के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए उन्हें कहा कि अपनी पार्टी की चिंता करें। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव तो अपने गठबंधन की, अपने परिवार की, अपनी पार्टी की, अपने विधायकों की भी चिंता कर लें क्योंकि उनके विधायक हमारे संपर्क में हैं। उन्होंने सपा मुखिया को सलाह देते हुए कहा कि पहले अपने परिवार और पार्टी की चिंता करें। दरअसल अखिलेश ने यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को बीजेपी से 100 विधायक लाने पर मुख्यमंत्री के लिए समर्थन का ऑफर दिया था।

प्रदेश अध्यक्ष ने ट्वीट करके कहा कि केशव संगठन के, पार्टी के प्रमाणित एवं भाजपा की विचारधारा के लिए समर्पित कार्यकर्ता हैं। वह सदैव हमारे साथ रहेंगे, किसी स्वार्थ में पड़ने वाले नेता नहीं है। वह अखिलेश यादव को चलाएंगे, अखिलेश यादव उन्हें क्या चला पाएंगे। वहीं इससे पहले डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने इस ऑफर पर कहा था कि अखिलेश यादव मुझसे घृणा करते हैं। विधानसभा में अखिलेश का प्यार मेरे प्रति सबने देखा है। अखिलेश यादव खुद डूबने वाले हैं वो मुझे क्या मुख्यमंत्री बनाएंगे। अखिलेश ने एक चैनल के प्रोग्राम में कहा केशव 100 विधायक ले कर आएं, हम उन्हे सीएम बना देंगे।

## भाजपा राज में फायदा सिर्फ पूंजीपतियों तक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में जंगलराज की बात तो घर-घर पहुंच चुकी है। जनता उत्तर प्रदेश सरकार से तंग आ चुकी हैं। मुख्यमंत्री बयानों में चाहे जितनी सख्ती दिखाएं हकीकत में कानून व्यवस्था की स्थिति न सुधरी है और नहीं सुधरने वाली है। हर तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। भाजपाराज में तमाम फायदे सिर्फ पूंजीपतियों को ही मिले हैं, गरीब होना तो अभिशाप हो गया है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में हालात पिछले पांच सालों से भी ज्यादा बिगड़े हैं। भाजपा सरकार में बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है। किसान नौजवान शोषण के शिकार हैं। गाजियाबाद के मोदीनगर में दुष्कर्म पीड़िता और उसके परिवार को आरोपी ने कोर्ट में ही जान से मारने की धमकी दी। भयभीत छात्रा ने कॉलेज जाना छोड़ दिया है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार की इससे बड़ी विफलता और क्या हो सकती है कि भाजपा के नेताओं पर ही तमाम उंगलियां उठने लगी है। अखिलेश ने कहा कि बदहाल हालात की एक ही दिन की ये घटनाएं तो सिर्फनमूना है। अखिलेश ने कहा कि भाजपाईयों के लालच के लिए भ्रष्टाचार का पैसा कम पड़ गया है तभी तो वे रंगदारी के साथ-साथ चंदा चोरीए बच्चा चोरी, नकदी और कीमती सामानों की चोरी से भी पैसा कमा रहे है। बरेली में भाजपा आईटी सेल मण्डल प्रमुख को चोरी, रंगदारी केस में जेल भेजा गया है। भाजपा सिर्फसत्ता के मद में नैतिक मूल्यों को ध्वस्त करने पर तुली हुई है।

## कार्यालय में मदिरा सेवन के आरोपी दो अवर अभिन्यता निलम्बित

**लखनऊ।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के निर्देश पर जनपद बुलन्दशहर में तैनात दो अवर अभियन्ताओं को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। दोनों अभियंताओं पर कार्यालय में मदिरा सेवन का आरोप है। दोनों अभियंताओं को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुये उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही शुरू कर दी गयी है। यह जानकारी प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष सिंचाई एवं संसाधन विभाग मुश्ताक अहमद ने दी। उन्होंने बताया कि जनपद बुलन्दशहर में बुलन्दशहर खण्ड गंगा नहर के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उपखण्ड के लिपिक के कार्यालय में कमरा बन्दकर राजीव कुमार अवर अभिन्यता श्री निवास अवर अभियन्ता द्वारा कार्यालय सहायक के साथ मदिरा सेवन किया जा रहा था। सरकारी दफ्तर में मदिरा का सेवन कार्यालय की गरिमा के खिलाफएक अनैतिक कृत्य है।

# मझवार को एससी में शामिल करने के लिए केंद्र को भेजा जाएगा प्रस्ताव

## मत्स्य विकास निगम कर्मचारियों को मिलेगा सातवें वेतन आयोग का लाभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** में निकाय चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है जातियों को लेकर गोलबंदी तेज हो रही है। ताजा मामला मझवार को एससी में शामिल करने का है। योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने इसे लेकर एक दिन पहले मंगलवार को सीएम योगी से मुलाकात की थी। बुधवार को उन्होंने कहा कि मझवार को एससी में शामिल करने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक समिति की रिपोर्ट लागू करने की मांग भी रख दी है। कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश मत्स्य विकास निगम के कर्मचारियों पर 7वा वेतन आयोग की सिफारिशे लागू होंगी। अभी निगम के कर्मचारियों को 5वा वेतन आयोग ही मिल रहा था। उन्हों यह घोषणा सहकारिता भवन में चल रहे एक कार्यक्रम दौरान करते हुए कहा कि जल्द ही इस मामले में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मत्स्य विकास निगम कर्मचारियों के 7वे वेतन मान का ड्राफ्ट भी प्रस्तुत किया जाएगा। अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए संजय निषाद ने कहा कि जब राष्ट्रपति ने मझवार जाति को एससी मान लिया था फिर भी कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने इस जाति को ओबीसी में ही रखा। मझवार जाति अब न ओबीसी में है और न एससी में है।

# रेलवे की ग्रुप डी परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह के सरगना सहित आधा दर्जन गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एसटीएफ** ने रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा संचालित ग्रुप डी की परीक्षा में लैब टेक्निशियन के माध्यम से परीक्षा में नकल कराने वालें गिरोह के सरगना आशीष कुमार सहित आधा दर्जन सदस्यों को गिरफ्तार किया।

एसटीएफ की मेरठ फील्ड इकाई को सूचना मिली कि गाजियाबाद के आरडी इंजीनियरिंग कालेज, दुहाई, मुरादनगर परीक्षा केंद्र पर आयोजित रेलवे ग्रुप डी ऑनलाइन परीक्षा में अभ्यर्थियों से मोटी रकम वूसल कर पेपर हल कराया जा रहा है। नकल कराने वाले गिरोह के कुछ सदस्य परीक्षा केन्द्र के अन्दर तथा कुछ बाहर हैं। इस पर थाना मुरादनगर जनपद गाजियाबाद पुलिस को साथ लेकर कालेज के गेट के पास से एसटीएफ ने चार अभियुक्तों आशीष कुमार निवासी बागपत, विपिन सिंह निवासी गाजियाबाद, रूपक उर्फ रेवती शरण निवासी गाजियाबाद और प्रदीप पवॉर निवासी गाजियाबाद को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्र के अन्दर हमारा एक साथी सचिन मलिक हैं, जो परीक्षा केन्द्र के अन्दर लैब में डियूटी पर है। उसके बाद पकडे गए एक व्यक्ति को साथ लेकर परीक्षा केन्द्र मे अन्दर सिक्योरिटी गार्ड के माध्यम से सचिन मलिक को बाहर बुलाकर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त सचिन मलिक ने बताया कि मैं और मेरे साथी कपिल व उसका साला प्रदीप पवॉर ने मिलकर हरियाणा के रहने वाले जयबीर व अंकित निवासी छपरौली, बागपत से रेलवे ग्रुप डी की आयोजित परीक्षा की आंसर-की लेते है तथा वह परीक्षा शुरू होने के आधा घंटा पश्चाात आंसर-की को हमारे व्हाट्सएप पर भेजते हैं। इस आंसर-की को विपिन व रूपक के माध्यम से कालेज के अन्दर परीक्षा कक्ष में डियूटी कर रहे व्यक्ति को जिन्हे रूपक ने ही कालेज स्टाफ को डियूटी के लिए उपलब्ध कराया है उसको अभ्यर्थियों को देते थे। सचिन मलिक ने यह भी बताया कि मेरी डियूटी रूपक ने ही इस कालेज में लगवायी थी।

रूपक परीक्षा केन्द्र में आने से पहले ही बता देता था कि आज की परीक्षा की आंसर-की आएगी जिसे मैं बाथरूम मे रख दूंगा तुम वहां से लेकर बताए गए अभ्यर्थी तक पहुंचा देना। इसकी एवज मे मुझे 50 हजार रुपए रूपक द्वारा दिए जाते हैं। रूपक ने पूछताछ पर बताया कि मैं कालेजो में मैन पावर सप्लाई करने का काम करता हूं। और आरडी इंजीनियरिंग कालेज दुहाई मे सचिन मलिक को मैने ही कालेज में डियूटी पर लगवाया था ताकि प्राप्त आंसर-की को अभ्यर्थियो तक पहुंचा सके। इसके अतिरिक्त मेरा भाई नेत्रपाल रेलवे की परीक्षा आयोजित करा रही कम्पनी टीसीएस में एग्जीक्यूटिव का कार्य करता है।

# 12 को ग्रेटर नोएडा में होगा वर्ल्ड डेयरी समिट-2022 का आयोजन

## प्रधानमंत्री के कर कमलों द्वारा होगा कार्यक्रम की शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आगामी** 12 सितंबर को ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में वर्ल्ड डेयरी समिट 2022 का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी के कर-कमलों द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को मानकों के अनुरूप सफल बनाने एवं सुरक्षा की दृष्टि से, उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा एवं उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक देवेन्द्र सिंह चौहान द्वारा आज एक्सपो मार्ट में पहुंचकर गहन स्थलीय निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने सर्वप्रथम हेलीपैड का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके उपरांत मुख्य सचिव एवं डीजीपी ने कार्यक्रम सभागार, जहां पर प्रधानमंत्री द्वारा भाग लिया जाना प्रस्तावित है, का गहन स्थल-निरीक्षण किया तथा मंच आदि व्यवस्थाओं के संबंध में प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारियों को सुरक्षा संबंधी एवं व्यवस्थित कार्यक्रम संपन्न कराने के संबंध में मौके पर ही निर्देश दिए। स्थल निरीक्षण करने के उपरांत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक्सपो मार्ट के मीटिंग हॉल में महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा कंप्यूटर डिस्प्ले के माध्यम से वर्ल्ड डेयरी सम्मिट 2022 के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि भारत पूरे विश्व में दुग्ध उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। भारत में उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन में पहले पायदान पर है। बहुत समय के उपरांत वर्ल्ड डेयरी समिट भारत में आयोजित होने जा रहा है। समिट का उत्तर प्रदेश में आयोजित होना प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है। आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भारत एवं अन्य देशों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। साथ ही आयोजित कार्यक्रम में भारत देश एवं अन्य देशों के कृषकों द्वारा भी प्रतिभाग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय स्तर का होने के फलस्वरूप अन्य देशों के मेहमान भी इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे, इसलिए प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारियों द्वारा स्थानीय स्तर पर ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे आने वाले विदेशी मेहमानों एवं देश से आने वाले वीआईपी को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस के अधिकारियों द्वारा विशेष प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं, इसके लिए माइक्रो प्लान तैयार करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि समस्त संबंधित अधिकारीगण अपनी-अपनी कार्ययोजना बनाकर अपने कार्य में पूर्ण लगन के साथ जुट जाएं और 12 सितंबर से पूर्व प्रशासनिक पुलिस एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के द्वारा अपने अपने स्तर की कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जाए, ताकि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम मानकों के अनुरूप संपन्न हो सके। उन्होंने इस अवसर पर आयोजकों का भी आह्वान किया कि आयोजित होने वाली वर्ल्ड डेयरी समिट में भारत की ओर से अच्छे प्रदर्शन सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि भारत की गाय का दूध गुणवत्ता- मानकों में विश्व प्रसिद्ध है। इस संबंध में आयोजकों द्वारा वर्ल्ड डेयरी सम्मिट में अच्छी नस्ल की गायों का प्रदर्शन करने का प्रयास किया जाए ताकि वर्ल्ड डेयरी समिट को ऐतिहासिक रूप में भारत में संपन्न कराया जा सके।

## तालगांव की सनसनी खेज वारदात करने वालों पर पुलिस ने लगाया रासुका.......

# दरिंदगी करने वाले तीन आरोपियों पर रासुका

संवाददाता। सीतापुर



**जितना बड़ा** अपराध पुलिस ने उतनी बड़ी कार्रवाई कर अपराधियों को कड़ा संदेश देने का काम किया है। जी हां हम बात कर रहे है सीतापुर के तालगांव थाना इलाके में इसी साल 15 अप्रैल को मोहिद्दिनपुर पुलिया के पास बाग में अंजाम दी गई उस सनसनी खेज वारदात की जिसमें अपने जीजा के साथ बाइक से जा रही युवती के साथ दरिंदगी कर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह के पर्यवेक्षण में पांच टीमों का गठन किया था, पुलिस कार्रवाई के दौरान मुठभेड़ में आरोपी लारेब और इंतियाज गोली लगने से घायल भी हो गये थे, तालगांव और स्वाट टीम ने पांचो आरोपियों लारेब पुत्र असरफ इंतियाज पुत्र गनी, गुफ्रान पुत्र मुज्जमिल, शहनवाज पुत्र साहिब, फिरोज पुत्र अनवर निवासीगण नयागांव नेवादा को गिरफ्तार कर लिया था। इनके विरुद्ध पाक्सोएक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज हुआ था। तालगांव इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बताया कि लारेब के विरुद्ध जेल में बंद रहते हुए ही 23 जून को रासुका के तहत कार्रवाई कर दी गई थी। जबकि दो अन्य अभियुक्तों इम्तियाज और गुफ्रान के विरुद्ध भी रासुका की कार्रवाई की गई है। यह सभी जिला जेल में बंद है, इस मामले में दो अन्य आरोपी नाबालिग है जो भी जेल में बंद है। पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान के निर्देश पर इस कार्रवाई को तालगांव पुलिस ने अमली जामा पहनाया। इसकी जानकारी लहरपुर के क्षेत्राधिकारी सुजीत दुबे ने दी।

# राजकीय सम्मान के साथ विधायक अरविंद गिरी की हुई अंत्येष्टि

- अंत्येष्टि स्थल पर उमड़ी भीड़
- अश्रुपूर्ण नेत्रों से लोगों ने जनप्रिय नेता को दी अंतिम विदाई
- डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, कबीना मंत्री स्वतंत्र देव सिंह अंत्येष्टि में हुए शामिल दी श्रद्धांजलि



संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**दिवंगत गोला** विधायक अरविंद गिरी की अंत्येष्टि बुधवार को राजकीय सम्मान के साथ की गई। फार्महाउस के बनाये गए समाधि स्थल पर अश्रुपूर्ण नेत्रों से लोगों ने अपने जनप्रिय नेता को विदाई दी। इस दौरान सूबे के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, कबीना मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी संजीव सुमन की उपस्थिति में पुलिस की टुकड़ी द्वारा शोक शस्त्र की मुद्रा में अंतिम सलामी दी गई।

बताते चलें कि दिवंगत विधायक के अंतिम दर्शन एवं अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार यूपी के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के साथ राजकीय हेलीकॉप्टर से गोला के पब्लिक इंटर कॉलेज ग्राउंड पहुंचे, जहां से वह सीधे दिवंगत विधायक के फार्म हाउस पहुंचकर अंतिम दर्शन कर पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किया। इसके बाद अंत्येष्टि के दौरान वह वहां मौजूद रहे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विधायक गोला अरविंद गिरी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। कहा कि सरकार व पूरी पार्टी विधायक के असामयिक के निधन से दुखी है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

**अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब**

**गोला गोकर्णनाथ।** विधायक अरविंद गिरि के असमय निधन के बाद आज उनके शव की यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों पर निकाली गई। इसमें उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, जल मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, विधायक रोमीसाहनी, शशांक शेखर पटेल, कई मंत्री, विधायक, हजारों की संख्या में विधायक के समर्थकों का सैलाब उमड़ा। दोपहर बाद विधायक अरविंद गिरि के फार्म हाउस पर शवयात्रा का समापन हुआ बाद में उनको उनके परिजनों व समर्थकों ने उनके शव को अंतिम दर्शन के बाद उनको अश्रु नेत्रों से विदाई दी। इस अंतिम यात्रा विदाई में विधायक अरविंद गिरि के परिजनों में बड़े भाई जनार्दन गिरि, मकसूदन गिरि,अजय गिरि, धर्मेंद्र गिरि, पुत्र अमन गिरि, रिटायर शिक्षक विश्वनाथ सिंह, कंधैया गिरि, पंकज सिंह, विजय सिंह, जल मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पूर्व मंत्री जफरअली नकवी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल, पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा आदि हजारों हजार अरविंद समर्थकों का सैलाब था।

## बच्चों का भविष्य संवारने में आंगनबाड़ी दें अपना पूर्ण योगदान: प्रतिभा

संवाददाता। सीतापुर



**राज्यमंत्री, महिला** कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग प्रतिभा शुक्ला ने राष्ट्रीय पोषण माह के शुभ अवसर पर राजकीय इण्टर कालेज के कम्युनिटी हाल में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने महिलाओं की गोद भराई की एवं बच्चों का अन्नप्राशन करके उनको खीर खिलाई एवं दो बच्चियों का जन्मदिन भी मनाया गया। उन्होंने कहा कि पोषण माह हम लोग मना रहे हैं। मंत्री ने मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने मिशन शक्ति मनाया। नारी को शक्ति का प्रतीक एवं स्वालम्बन के लिये प्रेरित किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि आपकी विशेष जिम्मेदारी बनती है कि अपने आंगनबाड़ी केन्द्र को प्री-नर्सरी के रूप में आपको खोलना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि आने वाले समय में सारे केन्द्र स्वकेन्द्र बनाये जायें। उन्होंने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि आप लोग तत्परतापूर्वक कार्य करें और बच्चों का भविष्य बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि जो भी बच्चे पढ़ने आये उनको अपने माता-पिता का नाम, पता, फोन नम्बर और शिक्षण देने वाली कार्यकत्री का नाम भी पता होना चाहिये, उन बच्चों को सभी अच्छी ज्ञान वर्धक बाते पता होनी चाहिये, जिससे वह और आगे बढ़े। बच्चों की माता को भी बताना होगा जिनका बच्चा कुपोषित है कि उनको क्या-क्या चीजें खाने को दें जिससे बच्चा कुपोषित से स्वस्थ्य हो जाये। उन्होंने कहा कि जो भी चीजें केन्द्र के माध्यम से आप द्वारा बच्चों को दी जा रही है वह बच्चों को ही खानी है इसी से कुपोषण समाप्त होगा। मंत्री द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत जनपद स्तर पर कन्या सुमंगला के लाभार्थियों, मिशन शक्ति के अंतर्गत कार्य करने वाली अध्यापिकाओं एवं जनपद स्तर पर टॉप करने वाली कक्षा 10 एवं कक्षा 12 की बच्चियों तथा साथ ही खेल के क्षेत्र में जनपद स्तर पर राज्य स्तर पर एवं राष्ट्र स्तर पर जाने वाली बच्चियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, भाजपा महामंत्री रोहित सिंह, डिप्टी कलेक्टर नेहा मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज अनूप कुमार तिवारी सहित भारी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मंत्री के देर से पहुंचने पर परेशान हुई महिलाएं

संवाददाता। सीतापुर

**जीआईसी हाल** में महिला कल्याण, बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह के तहत कार्यक्रम में गर्भवती महिलाएं उस समय परेशान होने लगी जब राज्यमंत्री कार्यक्रम में करीब डेढ़ घंटे देर से पहुंची। आपको बता दें कि सीतापुर जीआईसी हाल में करीब 2 बजे का कार्यक्रम था, जिसमें गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व उनके जागरूकता के लिए गोष्ठी होनी थी, जहां पर कार्यक्रम में सभी महिलाएं 1 बजे से ही पहुंच गई थी, लेकिन महिला कल्याण बाल विकास पुष्टाहार की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के कार्यक्रम में करीब डेढ़ घंटे देर से पहुंचने पर महिलाएं भीषण गर्मी में परेशान होने लगी। बार-बार बिजली कटौती से जहां दो चार होना पड़ी वहीं पानी पीने के लिए भी इधर उधर भटकना पड़ा। फिलहाल कार्यक्रम में करीब डेढ़ घंटे बाद राज्यमंत्री पहुंच गई। सवाल यह उठता है कि गर्भवती महिलाओं को इतनी भीषण गर्मी में जल्दी बुलाया ही क्यों गया, अगर बुलाया भी तो व्यवस्थाओं में खामी क्यों देखने को मिली।

# 28 लाख की लागत से बन रहे अंत्येष्टि स्थल में भी बड़ा खेल!

संवाददाता। सीतापुर

- 9 माह से बन रहे अंत्येष्टि स्थल का कार्य पड़ा अधूरा
- मानक विहीन बनाया जा रहा सांडा का अंत्येष्टि स्थल

**विकास खंड** सकरन की ग्राम पंचायत सांडा में 9 माह पहले से बन रहे अंत्येष्टि स्थल का अभी भी निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। अंत्येष्टि स्थल पर बने शौचालयों के दरवाजा गिरने लगे है, खिड़कियों में लगाए नहीं गए है, दीवारे चटकने लगी है, इंटरलॉकिंग व मिट्टी पटान कार्य धसने लगा है और जिम्मेदार अंजान बने हुए है। करीब 28 लाख की लागत से बन रहे अंत्येष्टि स्थल में सरकारी धनराशि का केवल बंदर बांट करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। आपको बता दें कि विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत सांडा में अंत्येष्टि स्थल निर्माण कार्य किया जा रहा था जो अभी तक भी पूरा नहीं हो सका। मानक विहीन बनाए गए अंत्येष्टि स्थल की ग्रामीणों ने उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है व दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की भी बात कही है।

## भाजपा नेता के पिता का हुआ निधन, शोक की लहर

**सीतापुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र पुरी के पिता स्वामी दयालपुरी का अंतिम संस्कार हिन्दू श्मशान लहरपुर में किया गया। मुखाग्नि उनके जेष्ठ पुत्र उमेश पुरी ने दी। 98 वर्षीय स्वामी दयाल का निधंन मंगलवार की रात को हो गया था। उनके अंतिम संस्कार में सेवता से भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी, सपा विधायक अनिल वर्मा, ब्लाक प्रमुख उमाशंकर वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष उमाकांत मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी, श्रीनारायण मेहरोत्रा, निरंकार कुमार मेहरोत्रा, प्रमोद बाजपेई, बार अध्यक्ष जवाहर लाल मिश्रा, देवेंद्र पांडेय, हाजी जावेद, हाजी रईस अहमद अंसारी, दीपक टंडन डॉक्टर आशुतोष शुक्ला नवल मिश्रा इंद्र शरण मिश्र प्रमोद मिश्र, अरुण सिंह आचार्य, हिमांशु पुरी हरीश रस्तोगी गोलू, पंकज शुक्ला, डॉ आकाश शुक्ला, रामानंद रामानंद अवस्थी, प्रदीप जैन, पुत्तन कपूर डॉ हर्ष पुरी, विभूति पुरी शामिल हुए।

## वृहद रोजगार मेले में 639 अभ्यर्थी चयनित

**लखीमपुर खीरी।** राजकीय आईटीआई राजापुर के प्रागण में बुधवार को आईटीआई उत्तीर्ण/कौशल विकास मिशन एवं अन्य युवाओं को हुनर के आधार पर रोजगार के सुलभ अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वृहद रोजगार मेले का आयोजन हुआ। मेले में 31 प्रतिष्ठित कम्पनियों तथा लगभग 1573 अभ्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। सीडीओ ने प्रतिभागियों को अपने मनोबल बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

**PUBLIC NOTICE**

My client, **Prem Bhola** S/o Mr. Shri Ram Bhola R/o 34/4, Mukherji Park Extension, Tilak Nagar, Delhi-110018 declare that he and **Ashok Bhola** S/o Mr. Shri Ram Bhola R/o SF, 21/44, West Punjabi Bagh, Delhi-110026 are partners in **M/s Mahadev Industries** (PAN AAIFM9714H) at J-125, Sector-4, DSIIDC, Industrial Area, Bawana, Delhi 110039. Due to ill relations with Ashok Bhola, my client will not be liable for any loan (which he may take in the name of above firm) and other activities related to above partnership firm.

R.K. Tiwari (Advocate) EN.No. D/279-H/89

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री राकेश डोगरा, ने गांव घोंडा गुजरां खादर, गली नंबर 4, करतार नगर, इल्लाका शाहदरा, नई दिल्ली–110053 की आबादी में स्थित निर्मित एकल संपत्ति, संपत्ति सं. जे–85, भूमि क्षेत्रफल 70 वर्ग गज यानी 58.52 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 153 में से, पंजीकृत त्याग विलेख दिनांक 31.03.2015, दस्तावेज सं. 491 सब रजिस्ट्रार IV सीलमपुर के साथ, के आधार पर मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि श्री दीपक यादव उपरोक्त संपत्ति को श्री राकेश डोगरा से, पंजीकृत ब्रिकी विलेख के माध्यम से खरीद रहा है। वे ऋण लेने के लिए फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस लिमिटेड से संपर्क किया है और उनके पास स्वर्गीय गौरा देवी@गौरान देवी के जीवित सदस्य प्रमाण पत्र और स्वर्गीय गौरा देवी@गौरान देवी का मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

**PUBLIC NOTICE**

PUBLIC NOTICE IN NEWS PAPERS To, be known to all that my client, **MRS. SUKHJEEV KAUR W/O SHRI NAUNIHAL SINGH NARULA R/O S-317. FIRST FLOOR, GREATER KAILASH-I, NEW DELHI -110048, is the owner of COMMERCIAL BUILT-UP SHOP NO.204, SECOND FLOOR, AREA MEAURING 9.00 SQ. MTRS. SITUATED AT CSC MARKET NO.2, CHITTARANJAN PARK, NEW DELHI110019, VIDE DDA FILE NO.F.64(177)2003/CE/EVICTI**, have applied for Conversion of leasehold from freehold of the aforesaid property in DDA. The original documents i.e. Original **ALLOTMENT CUM DEMAND LETTER and SITE POSSESSION SLIP** of the above said property have been lost or misplaced by my client and is not traceable inspite of her best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi **(LR No.766611/2022** dated **06.09.2022**. Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with **above named person** at above Address/ Phone No. **9810526418**, within **15 days** from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (Commercial Estate) or Director (Commercial Estate), Vikas Sadan, New Delhi. **Naveen Aggarwal (Advocate)**

Ch.No. M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

# नगर निगम कर्मचारी संघ की 13 सूत्रीय मांगे को लेकर धरना

संवाददाता। बरेली

**प्रदेश** के निकाय कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के हल ना किए जाने के विरोध में नगर निगम कर्मचारी संघ ने अध्यक्ष ठाकुर एमपी सिंह और महामंत्री जयपाल सिंह पटेल के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना नगर निगम कार्यालय परिसर में दिया और सरकार की उदासीनता पर रोष प्रकट करते हुए समस्याओं के जल्द निराकरण की मांग की उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अनेक बार समस्याओं के निराकरण के लिए अनुरोध किया जा चुका है और अनेक बैठक के भी की जा चुकी है लेकिन सरकार निकाय कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है।

इसलिए आज नगर निगम में एक दिवसीय धरना दिया जा रहा है और यदि सरकार ने उनकी मांगों पर गौर नहीं किया तो अनिश्चितकालीन धरने पर निकाय कर्मचारी चले जाएंगे 21 सितंबर को लखनऊ नगर निगम मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा जिसमें प्रदेश के अनेक निकाय कर्मचारी भाग लेंगे अपनी प्रमुख मांगों में निकाय कर्मचारियों ने केंद्रीय सेवा संवर्ग के नियमावली में संशोधन करने और आपत्तियों का निस्तारण करने की मांग की है 14 फरवरी 2016 में जारी विनियमितीकरण के शासनादेश के क्रम में कर्मचारियों को स्थाई कॉन किए जाने की मांग है साथ में वेतनमान का पूर्ण लाभ दिया जाना राज्य कर्मचारियों पर लागू की गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस इलाज की सुविधा से स्थानीय निकाय कर्मचारियों को भी सुविधा का लाभ दिया जाए पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू की जाए।

## पुलिस ने बताया चंदीपुर गांव के गोली कांड का कारण

संवाददाता। महोली, सीतापुर

**सीतापुर** के महोली कोतवाली इलाके में चंदीपुर गांव में बुधवार की सुबह हुए गोली कांड से मची सनसनी के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने घटना के कारणों की जांच पड़ताल की। गोली कांड और ईंटा और लाठी चलने से कुछ लोग घायल हो गए थे, दो लोगों को गोली के छर्रे लगे थे, जबकि अन्य तीन लोग ईंटा और लाठियों के चलने से घायल होने बताए गए।

## फाइलेरिया से निपटने को शुरू हुआ नाइट ब्लड सर्वे अभियान

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**फाइलेरिया** उन्मूलन अभियान के तहत जिले में फाइलेरिया रोगियों की पहचान के लिए नाइट ब्लड सर्वे अभियान बुधवार से शुरू किया गया है। यह जानकारी जिला मलेरिया अधिकारी डा. शैलेंद्र श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि बुधवार से शुरू हुआयह अभियान 20 सितंबर तक चलेगा। यह सर्वे शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रात में लोगों के खून के नमूने की जांच कर संक्रमण की स्थिति का पता लगाया जाता है क्योंकि फाइलेरिया के जीवाणु, जिन्हें हम माइक्रोफाइलेरिया कहते हैं वह रात में सक्रिय होते हैं। इसलिए फाइलेरिया के मरीजों को चिन्हित करने का काम रात में ही किया जाता है। जिला मलेरिया अधिकारी का कहना है कि हरब्लाक में दो क्षेत्रों से रक्त के नमूने लिए जाएंगे। एक ऐसा क्षेत्र जहां पूर्व में अधिक फाइलेरिया के रोगी पाए गये हों और एक रैंडम स्थल पर नाइट ब्लड सर्वे का कार्य किया जाएगा। यह सर्वे 20 या 20 साल से अधिक आयु की महिलाओं एव पुरुषों के बीच ही सम्पन्न किया जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक साइट पर रात आठ बजे से रात 12 बजे तक काम किया जाएगा। जांच के लिएरक्तपट्टिकाएं बनाई जाएंगी। इनकी जांच संबंधित प्रयोगशाला में की जाएगी। नाइट ब्लड सर्वे के लिए ब्लॉकवार टीम बनाई गई हैं। किसी भी व्यक्ति को संक्रमण के पश्चात् बीमारी होने में पांच से 15 वर्ष लग सकते हैं। यदि हम इन लक्षणों को पहचान लें और समय से जांच कराकर इलाज कराएं तो इस बीमारी से बच सकते हैं।

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Vijay Laxmi W/o Shri Ravinder Singh Rawat R/o A-26/6, Gali No.-8, Badrinath Mandir West Vinod Nagar, Delhi-110092, hereby decleared both the name Vijay Laxmi and Vijay Laxmi Rawat refer to one and the same person.

PD(90166)C

I, Mohd. Naseem S/o. Abdul Rasheed, Resident of D-98/1, Shaheen Bagh, Abul Fazal Enclave-II, Jamia Nagar, New Delhi-110025, have declared that my name by mistake mentioned in my Daughter's School Records as Naseem Khan instead of Mohd. Naseem and my Daughter's correct name is Insha Khan instead of Insha.

PD(90158)A

I, hitherto, known as Shuchi Agrawal alias Shuchi Kumar D/o Ramesh Chandra Agrawal, w/o Rahul Kumar, R/o A1/9 Rail Vihar, Indirapuram, Ghaziabad 201014, UP, have changed my name and shall hereafter be known as Shuchi Agrawal.

PD(90167)A

# पेज एक का शेष

### देश बंटेगा...

रहा है। इस मौके पर राहुल गांधी ने बड़ी संख्या में मौजूद नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों की मौजूदगी में कहा कि ऐसा क्यों है कि आजादी के इतने वर्षों बाद भारत जोड़ो यात्रा की जरूरत को महसूस किया गया। आज करोड़ों लोग महसूस करते हैं कि भारत को एकजुट करने के लिए कदम उठाने की जरूरत है। राहुल ने तिरंगे का उल्लेख करते हुए कहा कि यह तिरंगा कोई उपहार में नहीं मिला है, बल्कि भारत की जनता ने हासिल किया है। यह तिरंगा हर भारतीय, हर धर्म के लोगों, हर व्यक्ति की भाषा और हर राज्य का प्रतिनिधित्व करता है।' उन्होंने कहा कि यह ध्वज हर समुदाय, हर प्रदेश, हर वर्ग और हर धर्म का है। राहुल गांधी ने कहा कि इस ध्वज के साथ एक-एक भारतीय की पहचान जुड़ी है। यह ध्वज हर व्यक्ति को सुरक्षा, जीवन जीने के अधिकार और आस्था के अधिकार की गारंटी देता है। उन्होंने दावा किया, आरएसएस और भाजपा हर संस्था पर आक्रमण कर रहे हैं। वे ध्वज को अपनी निजी संपत्ति समझते हैं...भाइयों और बहनों, आज तिरंगे पर हमला हो रहा है। राहुल गांधी ने नेशनल हेराल्ड मामले में खुद से हुई पूछताछ का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा, वे सोचते हैं कि सीबीआई और ईडी का उपयोग करके विपक्ष को डरा देंगे।

### पंजीकृत गैर...

था। निर्वाचन आयोग ने घोषणा की थी कि वह 2,100 से अधिक पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है, जो नियमों और चुनाव संबंधी कानूनों का उल्लंघन कर रहे हैं। इनमें कोष संबंधी जानकारी ना देना, चंदा देने वालों के पते और पदाधिकारियों के नामों को जारी ना करना शामिल हैं। आयोग के अनुसार कुछ दल गंभीर वित्तीय गड़बड़ी में भी संलिप्त पाए गए हैं। आयोग के अनुसार राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) से रिपोर्ट मिली थी कि सत्यापन के दौरान ए पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलें, अस्तित्वहीन पाए गए।

### केजरीवाल के...

के माध्यम से 24.48 लाख रु. 30 लाख और 18.24 लाख रुपए की दर से बेचा गया था। जबकि इसकी मौजूदा बाजार दर बहुत अधिक थी। इस बीच, केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे उनके पत्र पर केजरीवाल की खिंचाई की, जिसमें आरोप लगाया गया था कि देश में 80 प्रतिशत से अधिक सरकारी स्कूल कबाड़खाने से भी बदतर हैं। ठाकुर ने कहा यह दुर्भाग्यपूर्ण है जब शराब की दुकानों में व्यस्त लोग स्कूलों को कबाड़खाना कहते हैं। उनके कैबिनेट सहयोगियों केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि केजरीवाल ने सरकारी स्कूलों की तुलना कबाड़खाना से की। इसे गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए। इस बीच, आप नेता संजय सिंह ने एलजी पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि केवीआईसी कारीगरों को कोई भी भुगतान नगद में नहीं किया जाए। इसके बावजूद नगद भुगतान किया जाता रहा। सेंट्रल विजिलेंस कमीशन ने जांच में कहा कि घोस्ट कर्मचारियों के नाम पर करोड़ों रुपए बांट दिए गए हैं।

### नीतीश की...

साथ सकारात्मक चर्चा हुई। तीसरे मोर्चे की बात पर उन्होंने कहा, जब भी कोई कहता है कि तीसरा मोर्चा बनाने की जरूरत है, तो मैं हमेशा कहता हूं कि चलो मुख्य मोर्चा बनाते हैं। जब भी ऐसा होगा, वह मुख्य मोर्चा होगा, तीसरा मोर्चा नहीं। इससे पहले दिन में कुमार ने भारतीय जनता पार्टी से मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों को एक साझा मंच पर लाने के प्रयासों के तहत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की और कहा कि 2024 के चुनावों के लिए उनके गठबंधन के नेता का फैसला बाद में किया जाएगा। विपक्षी गठबंधन की व्यापक रूपरेखा के बारे में कुमार ने कहा कि पहले साथ आना जरूरी है। कुमार ने भाकपा (माले) के नेता दीपांकर भट्टाचार्य से भी मुलाकात की।

### आर्कटिक विषयों...

ने वर्ष 2019 में मंच के शिखर सम्मेलन में अपनी मौजूदगी को याद करते हुए कहा कि भारत ने उस समय अपनी एक्ट फॉर-ईस्ट नीति की घोषणा की थी और इसके परिणामस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों में रूस के सुदूर-पूर्व क्षेत्र के साथ भारत का सहयोग बढ़ा है। उन्होंने कहा, यह नीति अब भारत और रूस के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी का एक प्रमुख हिस्सा बन गई है। मोदी ने कहा, इसी महीने व्लादिवोस्तोक में भारत के वाणिज्य दूतावास की स्थापना के 30 साल पूरे हो रहे हैं। भारत इस शहर में वाणिज्य दूतावास खोलने वाला पहला देश था। तब से यह शहर हमारे संबंधों में कई प्रमुख उपलब्धियों का गवाह रहा है। उन्होंने कहा कि 2015 में स्थापित मंच रूस के सुदूर पूर्व में विकास में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए एक प्रमुख वैश्विक मंच बन गया है।

### सिंगल यूज...

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह आंकड़ा और अधिक हो सकता है, क्योंकि देश के अधिकांश राज्यों ने सिंगल प्लास्टिक आइटम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ की गई कार्रवाई की रिपोर्ट जमा नहीं की है। अभी तक प्रमुख उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई है। जबकि छोटे व्यापारी, फेरीवाले और किराना व्यापारी इससे मुक्त हैं। उन्होंने कहा कि विशेष क्षेत्रों में निरीक्षण का यह विवरण राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीसी) द्वारा दिए आंकड़ों के अनुसार था। असम, दिल्ली, गुजरात, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मिजोरम, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पुडुचेरी सहित 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसयूपी प्रतिबंध को लागू करने के लिए राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों में अधिकांश रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों और ई-कॉमर्स कंपनियों के गोदामों में निरीक्षण किए गए। टीमों ने यह भी पाया कि प्रतिबंधित वस्तुओं का उत्पादन जारी रखने वाले या तो नए कानून से अनभिज्ञ थे या जानबूझ कर ऐसा कर रहे थे। प्रतिबंधित एसयूपी वस्तुओं में ईयरबड, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की डंडियां, झंडे, कैंडी की डंडियां, आइसक्रीम की डंडियां, पॉलिस्टाइनिन (थर्मोकोल), प्लेट, कप, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, ट्रे, मिठाई के डिब्बों को पैक करने वाली पैकेजिंग फिल्म निमंत्रण कार्ड, सिगरेट के पैकेट, प्लास्टिक या पीवीसी बैनर 100 माइक्रोन से कम और स्टिरर शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि प्लास्टिक कैरी बैग की मोटाई 31 दिसंबर से 75 माइक्रोन से बढ़ाकर 120 माइक्रोन रनी होगी।

### सीबीआई के...

भनाता में हैं। केंद्रीय एजेंसियां? घोटाले के सिलसिले में बनर्जी और उनकी पत्नी से भी पूछताछ कर रही हैं। जांच अधिकारी बुधवार को घटक के सरकारी आवास पर अचानक पहुंचे और मंत्री से कथित तौर पर करीब पांच घंटे तक पूछताछ की। मंत्री ने कहा कि यह बदले की भावना से किया गया उत्पीड़न है और किसी की छवि खराब करने का प्रयास है। घटक के घर पर छापा उनकी पार्टी के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और पार्टी कद्दावर नेता और राष्ट्रीय कार्यकारिणि सदस्य अनुव्रत मंडल के करीब लाती है।

**दी बिरला कॉटन स्पिनिंग एंड वीविंग मिल्स लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालयः हिंदुस्तान टाइम्स हाउस, 9वीं मंजिल, 18–20, के. जी. मार्ग, नई दिल्ली – 110001
सीआईएनः L65100DL1920PLC099621, टेलीफोनः 011–66561206
ई–मेलः secretarial.ht@rediffmail.com, वेबसाइटः www.birlacotton.com

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के सदस्यों की 126वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") शुक्रवार 30 सितंबर, 2022 को 11:30 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय हिंदुस्तान टाइम्स हाउस, 9वीं मंजिल, 18–20, के. जी. मार्ग, नई दिल्ली – 110001 में एजीएम को आयोजित करने हेतु सूचना में उक्त व्यवसायों के सम्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 42 के अनुपालन में तथा कंपनी अधिनियम, 2013 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के प्रावधानों के अनुसार कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर अंतरण पुस्तकें, कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में 30 सितम्बर, 2022 को आयोजित होने वाली वार्षिक आम बैठक के सम्बन्ध में, शुक्रवार 23 सितंबर, 2022 से शुक्रवार, 30 सितंबर, 2022 (दोनों दिवस शामिल) तक बंद रहेंगी।

आगे सूचित किया जाता है कि सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 44 तथा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) संशोधन नियम, 2014 के नियमन 20 के अनुपालन में कंपनी सहर्ष अपने सदस्यों को एजीएम सूचना में उल्लिखित प्रस्ताव पर एजीएम में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा वोट देने के अधिकार का उपयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्यों को एजीएम के स्थान के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम का उपयोग करके मतदान करने की सुविधा ("रिमोट–ए–वोटिंग") सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा प्रदान की जा रही है। बैठक की सूचना एवं रिमोट ई–वोटिंग हेतु निर्देश सभी सदस्यों को उनके पंजीकृत पते पर भेज दिए गए हैं।

सदस्यों को आगे सूचित किया जाता है कि (क) ई–वोटिंग निर्देश वार्षिक आम बैठक की सूचना का एक अभिन्न हिस्सा है जो कंपनी की वेबसाइट www.birlacotton.com पर भी प्रदर्शित है; (ख) वह व्यक्ति जिसका नाम कट ऑफ तिथि अर्थात् 02 सितंबर, 2022 को सदस्यों के रजिस्टर में हो, वे ही रिमोट ई–वोटिंग अथवा बैठक में मतपत्र द्वारा वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने के हकदार होंगें; (ग) रिमोट ई–वोटिंग 27 सितम्बर, 2022 को 9:00 बजे पूर्वाह्न से 29 सितम्बर, 2022 को 5:00 बजे अपराह्न तक खुला रहेगा तथा उस समय व तिथि के उपरान्त ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी; (ध) मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में उपलब्ध कराई जाएगी और एजीएम में भाग लेने वाले वे सदस्य जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है वे वोट दे सकते हैं हालांकि वे सदस्य जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है वे बैठक में भाग ले सकते हैं लेकिन उन्हें पुनः वोट डालने का अधिकार नहीं होगा; (ङ) इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान करने से संबंधित किसी भी प्रश्न/शिकायतों के सम्बन्ध में, सदस्य सुश्री सांची शर्मा, कंपनी सचिव से secretarial.ht@rediffmail.com अथवा 011–66561206 पर संपर्क कर सकते हैं।

कृते **दी बिरला कॉटन स्पिनिंग एंड वीविंग मिल्स लिमिटेड**
हस्ताक्षर
**वी के चरोड़िया**
निदेशक
डीआईएनः 00046895

दिनांकः 7 सितम्बर, 2022
स्थानः नई दिल्ली

# सेना अरुणाचल सेक्टर में एलएसी पर बढ़ा रही क्षमता

● अधिकारियों ने कहा कि 73 माउंटेन ब्रिगेड को छोड़कर सेना की अन्य सभी इकाइयां अब एलएसी पर चुनौतियों से निपटने की दिशा में काम कर रही हैं

**भाषा।** दिनजान (असम)

**भारतीय थल सेना** अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सामरिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में अपने सैनिकों को विशेष प्रशिक्षण दे रही है ताकि पूर्वी लद्दाख में सीमा पर गतिरोध के बीच अपनी युद्धक तैयारियों को बढ़ावा दिया जा सके। इसके साथ ही सेना इस क्षेत्र में अपने जवानों का "पुनर्संतुलन" स्थापित कर रही है। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ दो साल से अधिक समय से चल रहे सैन्य गतिरोध के बीच सेना अपनी समग्र युद्ध तैयारियों को बढ़ावा देने के लिए ए उपाय कर रही है। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने बुधवार को पीटीआई-भाषा से कहा कि सड़कों, पुलों और गोला-बारूद डिपो के निर्माण से लेकर अपने निगरानी तंत्र को मजबूत बनाने तक सेना एलएसी के पास पूर्वोत्तर के आरएएलपी क्षेत्र (शेष अरुणाचल प्रदेश) में सैनिकों को तुरंत लामबंद करने के लिए सैन्य बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी ला रही है।

2 माउंटेन डिवीजन के जनरल-ऑफिसर-कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल एम. एस. बैंस ने कहा कि इस क्षेत्र में थल सेना का ध्यान पूरी तरह से उत्तरी सीमा की ओर है और उग्रवाद विरोधी सभी अभियान अब असम राइफल्स द्वारा चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों, पुलों, सुरंगों, हेलीपैड और अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण सहित क्षमता विकास परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के तहत लागू किया जा रहा है, खासकर उत्तरी दिबांग घाटी क्षेत्र में। मेजर जनरल बैंस ने संवाददाताओं के एक समूह से कहा, "इस क्षेत्र में हमारी समग्र युद्ध तैयारियां उच्च कोटि की हैं।

एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि किबिथू, वालोंग और हयुलियांग जैसे सामरिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में 4जी दूरसंचार नेटवर्क के विस्तार पर भी ध्यान दिया जा रहा है। चीन ने एलएसी के पास अपनी ओर बड़ी संख्या में मोबाइल टावर लगाए हैं और कुछ क्षेत्रों में भारतीय फोन चीनी नेटवर्क को पकड़ लेते हैं। अधिकारियों ने बताया कि अन्य हितधारकों के साथ मिलकर सेना ने पंचवर्षीय योजना (2021-2025) के तहत दीर्घावधिक दृष्टिकोण के साथ क्षमताओं का विकास कर रही है तथा चीन के साथ एलएसी पर सतर्कता बढ़ाने के लिए बलों के "पुनर्गठन, पुनर्संतुलन और प्रशिक्षण" पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वायु सेना भी नए हेलीपैड के निर्माण और उन्नत लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) की क्षमताओं का विस्तार करने सहित अपने ढांचे को मजबूत कर रही है। एक अधिकारी ने कहा कि चीन बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी ला रहा है और हम भी तेजी से विकास करने की कोशिश कर रहे हैं।

आरएएलपी क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में सैनिकों के प्रशिक्षण (ओरिएंटेशन) के बारे में अधिकारियों ने कहा कि 73 माउंटेन ब्रिगेड को छोड़कर सेना की अन्य सभी इकाइयां अब एलएसी पर चुनौतियों से निपटने की दिशा में काम कर रही हैं। 73 माउंटेन ब्रिगेड को राज्य के चार जिलों में उग्रवाद रोधी अभियानों को जारी रखने का काम सौंपा गया है। इस बल का मुख्यालय ऊपरी असम के डिब्रूगढ़ शहर के पास लैपुली में है। एक अधिकारी ने बताया, असम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड और मणिपुर में समग्र कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार हुआ है। इसलिए उग्रवाद विरोधी अभियान असम राइफल्स द्वारा चलाए जा रहे हैं और सेना एलएसी के साथ सैनिकों के प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सरकार सीमावर्ती गांवों में बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, "जीवंत ग्राम कार्यक्रम के तहत अरुणाचल प्रदेश के पांच जिलों में 990 गांवों की पहचान की गई है। अधिकारियों ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश सेक्टर में एलएसी से लगे अग्रिम स्थानों पर मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) सहित नए जमाने के निगरानी उपकरण तैनात किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षमता विकास पहल का उद्देश्य सैनिकों को तेजी से एकत्र करना है।



एनारकुलम में ओणम पर्व से जुड़े कार्यक्रम के दौरान थ्रिक्काकारा मन्दिर में सजे-धजे हाथी व पूजा करते हुए श्रद्धालु।

# बंधुआ मजदूर के नाम पर देश में रैकेट चल रहा है: न्यायालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बुधवार को कहा कि देश में कोई बंधुआ मजदूर नहीं हैं और बंधुआ मजदूर के बहाने एक रैकेट चल रहा है। न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने यह टिप्पणी उस महिला श्रमिक की ओर से दिवंगत सामाजिक कार्यकर्ता स्वामी अग्निवेश की याचिका पर सुनवाई करते हुए की जिससे जम्मू के आरएस पुरा सब डिविजन में ईंट भट्ठा ठेकेदार के एक सहयोगी द्वारा कथित तौर पर बार-बार बलात्कार किया गया। पीठ ने कहा, क्या आप जानते हैं कि बंधुआ मजदूर कौन होते हैं? वे बंधुआ नहीं हैं। वे पैसे लेते हैं और वहां आते हैं और ईंट भट्टों की ओर से काम पर रखे जाते हैं। वे पिछड़े इलाकों से आते हैं। वे पैसे लेते हैं और पैसे खा जाते हैं और फिर काम छोड़ देते हैं। यह देश में एक रैकेट है। ए मजदूर केवल इस बंधुआ मजदूरी चीज का फायदा उठाते हैं। जम्मू-कश्मीर की ओर से पेश वकील ने पीठ को बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच शुरू कर दी गई। हालांकि, पीड़िता का पता नहीं चल पाया, जिसके कारण 2018 में मामला बंद हो गया। शीर्ष अदालत ने कहा कि कई पहलुओं का हवाला देते हुए एक विस्तृत जवाब दायर किया गया है और जम्मू कश्मीर प्रशासन आवश्यक होने पर कानून के तहत उपचारात्मक कदम उठाएगा। 2012 में दायर याचिका के अनुसार, महिला और उसके पति द्वारा जून में अपने मूल राज्य लौटने की इच्छा व्यक्त करने के बाद, ठेकेदार ने उन्हें तब तक छोड़ने से इनकार कर दिया जब तक कि वे उसे 3 लाख रुपए का भुगतान नहीं कर देते। याचिका के अनुसार हालांकि पति वहां से भागने में सफल रहा, लेकिन उसकी पत्नी और बच्चे को अवैध रूप से कैद करके रखा गया।

# राहुल को अखंड भारत के लिए पाक, बांग्लादेश को भारत में मिलाने का प्रयास करना चाहिए: हिमंत

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा** ने बुधवार को कहा कि अगर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपने पूर्वजों द्वारा कराए गए विभाजन को लेकर कोई अफसोस है तो उन्हें अखंड भारत के निर्माण के लिए पाकिस्तान और बांग्लादेश के भारत में विलय का प्रयास करना चाहिए। शर्मा ने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा कि राहुल के नेतृत्व में निकाली जा रही कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा शताब्दी का मजाक है क्योंकि देश एकजुट और संगठित है। उन्होंने कहा, देश कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, सिलचर से सौराष्ट्र तक संगठित और एकजुट है और एकीकरण की कोई आवश्यकता नहीं है। शर्मा ने कहा, पाकिस्तान बनाने के लिए 1947 में देश का विभाजन किया गया था और बाद में बांग्लादेश अस्तित्व में आया। यदि राहुल गांधी को उनके पूर्वजों द्वारा पैदा की गई समस्या के लिए अफसोस या दुख है तो उन्हें अखंड भारत के निर्माण के लिए भारत के साथ पाकिस्तान और बांग्लादेश को मिलाने की कोशिश करनी चाहिए।

पूर्व कांग्रेस नेता शर्मा ने एक ट्वीट में कहा कि आज का भारत जुझारू, मजबूत और एकजुट है। उन्होंने ट्वीट किया, भारत केवल 1947 में विभाजित हुआ था क्योंकि कांग्रेस इसके लिए राजी हो गई थी। राहुल गांधी यदि एकीकरण चाहते हैं तो उन्हें भारत जोड़ो यात्रा के लिए पाकिस्तान जाना चाहिए। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में 12 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों से गुजरते हुए 3500 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। असम कांग्रेस के अध्यक्ष भूपेन बोरा ने कहा कि यह यात्रा लोगों के बीच एकता लाने के लिए निकाली जा रही है जिन्हें वर्ग, जाति और धर्म के आधार पर बांटा गया है। उन्होंने आरोप लगाया, जब से शर्मा असम के मुख्यमंत्री बने हैं, तब से पड़ोसी राज्यों के साथ, हिंदुओं और मुस्लिमों के बीच एवं आदिवासियों तथा गैर-आदिवासियों के बीच कई संघर्ष हुए हैं। बोरा ने कहा कि इस तरह की विभाजनकारी राजनीति को खत्म करने के संदेश के साथ राहुल गांधी यात्रा निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि असम तथा उत्तर पूर्व के अन्य राज्यों में कांग्रेस कार्यकर्ता लोगों के बीच एकता की भावना को मजबूत करने के लिए उन तक पहुंचेंगे।

# धर्म परिवर्तन के लिए पीछा करने और जबरदस्ती करने का मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

**खंडवा (मप्र)।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में 22 वर्षीय एक व्यक्ति पर 19 वर्षीय एक महिला को धर्म परिवर्तन और शादी के लिए मजबूर करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। शहर की पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) पूनमचंद यादव ने बुधवार को बताया कि यह घटना सोमवार को कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। शिकायत मिलने के बाद आरोपी जांबाद उर्फ मोनू अंसारी (22) के विरूद्ध मध्य प्रदेश धर्म स्वतंत्रता अधिनियम और आईपीसी की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी ने शिकायत का हवाला देते हुए कहा कि कुछ दक्षिणपंथी संगठनों ने आरोपी युवक पर महिला का पीछा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शिकायत की गई थी कि आरोपी ने सोमवार को महिला पर फूल बरसाए और उससे कहा कि वह धर्म परिवर्तन कर उससे शादी कर ले अन्यथा वह उस पर तेजाब से हमला करेगा। उस शिकायत के अनुसार जब लड़की ने शोर मचाया तो आरोपी मौके से फरार हो गया। उन्होंने कहा कि आरोपी उसी गांव में रहता है और लंबे समय से उसका पीछा कर रहा था और शादी के लिए महिला पर दबाव बना रहा था। उन्होंने कहा कि आरोपी ने पीड़िता को व्हाट्सएप पर संदेश भी भेजे थे।

## क्विक न्यूज

### समन्वय बैठक से पहले आरएसएस प्रमुख भागवत ने संघ पदाधिकारियों के साथ किया विचार-विमर्श

**रायपुर।** आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय समन्वय बैठक की तैयारी की समीक्षा की। संघ के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समन्वय बैठक की तैयारियों को देखते हुए इसी तरह की बैठकें नौ सितंबर तक चलती रहेंगी। आरएसएस से संबंधित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों की तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक 10 सितंबर से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में होगी जिसमें भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल होंगे। वार्षिक समन्वय बैठक से पहले संघ के सरसंघचालक भागवत और सरकार्यवाह होसबोले बुधवार से यहां जैनम मानस भवन में संघ पदाधिकारियों के साथ इसकी तैयारियों की समीक्षा की। इस तरह की बैठकें नौ सितंबर तक चलती रहेंगी और उसी दिन आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर तीन दिवसीय समन्वय बैठक के बारे में जानकारी मीडिया को देंगे। इसी तरह 12 सितंबर को समन्वय बैठक समाप्त होने के बाद, आंबेकर समन्वय बैठक में हुई चर्चा के संबंध में जानकारी देंगे। उनके अनुसार बैठक में मीडिया के प्रवेश की अनुमति नही है। छत्तीसगढ़ में पहली बार आरएसएस की अखिल भारतीय समन्वय बैठक हो रही है। राज्य में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव है। आरएसएस के पदाधिकारियों ने बताया, समन्वय बैठक में पर्यावरण, परिवार प्रबोधन तथा सामाजिक समरसता और अन्य विषयों पर चर्चा होगी तथा संगठन की गतिविधियों से संबंधित जानकारी साझा की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान शिक्षा, वैचारिक क्षेत्र, आर्थिक, सेवा कार्य, सामाजिक तथा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दो पर भी चर्चा की जाएगी।

### जम्मू कश्मीर में धार्मिक भावनाएं आहत करने पर निलंबित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में एक सहायक आयुक्त स्तर के अधिकारी को एक धर्म विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर निलंबित कर दिया गया है। राजौरी के जिलाधिकारी विकास कुंडल ने सहायक आयुक्त (पंचायत) अब्दुल राशिद कोहली के खिलाफ कार्वाई का आदेश दिया। उनके एक अधीनस्थ अधिकारी ने उनके खिलाफ शिकायत की थी। कुंडल ने मंगलवार देर शाम जारी एक आदेश में कहा, इस कार्यालय को शिकायत मिली है कि सहायक आयुक्त पंचायत ने एक धर्म विशेष के बारे में कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी की हैं। सूचना दी गई है कि कोहली ने कार्यालय के समय के दौरान अपने चार अधीनस्थों के साथ ब्लू मून रेस्तरां में दोपहर का भोजन करते हुए यह टिप्पणी की। अधिकारी ने कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी तब की थी जब उनके एक अधीनस्थ ने शाकाहारी भोजन का ऑर्डर दिया था। अधिकारी का आचरण न केवल सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन है, दूसरे समुदाय की धार्मिक भावनाओ को भी आहत करता है और जिले में कानून व्यवस्था की समस्या पैदा कर सकता था। डीएम ने कहा कि अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त पवन परिहार की अध्यक्षता वाली समिति मामले की जांच करेगी और 15 दिनों में रिपोर्ट देगी।

### कार में छिपा मिला 3.72 करोड़ का विदेशी सोना, तीन गिरफ्तार

**इंदौर।** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने इंदौर के पास एक कार से 3.72 करोड़ रुपए मूल्य का 7.1 किलोग्राम विदेशी सोना पकड़ा है। अंतरराष्ट्रीय तस्करी के इस मामले में मुंबई के एक व्यक्ति समेत तीन लोगो को गिरफ्तार किया गया है। डीआरआई के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पिछले हफ्ते आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर इंदौर के पास एक कार को रुकवाकर तलाशी ली गई, तो इसमे विदेशी सोने की कुल 7.1 किलोग्राम वजन वाली आठ सिल्लियां मिली। अधिकारी ने बताया कि तस्करो ने विदेशी सोने की खेप को कार मे गुप्त जगह बनाकर छिपाया था। उन्होने बताया कि कार मे सवार दो लोगो से पूछताछ के आधार पर मुंबई के एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया जिसने विदेशी सोने की खेप दोनो के हवाले की थी। अधिकारी ने बताया कि सोने की तस्करी में इस्तेमाल कार को जब्त कर लिया गया है। और मामले की सीमा शुल्क अधिनियम (कस्टम एक्ट) 1962 के तहत विस्तृत जांच की जा रही है।

### पारिवारिक क्लेश के चलते पुलिस कांस्टेबल ने पत्नी और बेटी संग 12वीं मंजिल से कूद कर दी जान

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में बुधवार को एक आवासीय इमारत की 12वी मंजिल से कूदकर एक पुलिस कांस्टेबल, उसकी पत्नी और तीन साल की बेटी ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। सोला पुलिस थाने के निरीक्षक एन आर वाघेला ने बताया कि प्रारंभिक जांच से ऐसा लगता है कि किसी झगड़े के बाद दंपति ने यह आत्मघाती कदम उठाया होगा। मृतक की पहचान कांस्टेबल कुलदीप सिंह यादव के रूप में की गई है जो वस्त्रपुर पुलिस थाने में तैनात था। उसकी पत्नी का नाम रिद्धि और तीन साल की बेटी का नाम आकांक्षी था। यादव अपनी पत्नी और बेटी के साथ गोटा इलाके में बहुमंजिला इमारत की 12वी मंजिल पर रहता था। दंपति ने अपनी बेटी के साथ 12वी मंजिल से देर रात डेढ़ बजे छलांग लगा ली। तीनो की मौके पर ही मौत हो गई। इमारत के एक निवासी ने संवाददाताओ को बताया कि रिद्धि पहले कूदी और उसके बाद यादव ने अपनी बेटी के साथ छलांग लगाई।

# भारत और अमेरिका मजबूत गठजोड़ के लिए एक-दूसरे के पूरक : जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि महामारी और जलवायु से जुड़ी घटनाओं के कारण वैश्वीकरण के वर्तमान मॉडल पर पड़ने वाले प्रभावों के बीच भारत और अमेरिका के बीच मजबूत गठजोड़ की अधिक संभावनाएं हैं और वे नैसर्गिक रूप से एक-दूसरे के पूरक भी हैं। अमेरिका-भारत कारोबारी परिषद द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि एक दूसरे के साथ राजनीतिक सहजता के कारण भारत और अमेरिका क्वाड एवं आई2यू2 जैसे गठजोड़ के माध्यम से क्षेत्रीय एवं वैश्विक घटनाक्रम को आकार प्रदान कर रहे हैं। आज का भारत आत्मनिर्भर है। आज भारत अपनी क्षमता बढ़ाना चाहता है, आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाना तथा नवाचार करने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना चाहता है। भारत अधिक निर्यात करना, नई-नई खोज एवं गठजोड़ करना चाहता है। बढ़ती घनिष्टता एवं सम्पर्क के साथ नैसर्गिक रूप से एक-दूसरे के पूरक भारत और अमेरिका अपने लोगों के फायदे के लिए काम करेंगे।

# उद्धव को जेल में राउत से मिलने की अनुमति नही, अदालत से मंजूरी मांगने को कहा गया: अधिकारी

**मुंबई।** शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे को जेल में बंद पार्टी सांसद संजय राउत से मिलने की अनुमति नहीं दी गई और अधिकारियों ने उनसे इसके लिए अदालत की मंजूरी लेने को कहा। राउत को मुंबई में एक चॉल के पुनर्विकास में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार किया गया था और वह इस समय मध्य मुंबई की आर्थर रोड जेल में हैं। आर्थर रोड जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार कुछ दिन पहले ठाकरे के प्रतिनिधि होने का दावा करते हुए किसी व्यक्ति ने जेल प्रशासन को फोन किया था और कहा था कि पूर्व मुख्यमंत्री अपने करीबी सहयोगी राउत से कारागार के कक्ष में मिलना चाहते हैं। अधिकारी के अनुसार, हालांकि, जेल अधिकारियों ने ठाकरे को राउत (60) से मुलाकात की अनुमति नहीं दी और उनके प्रतिनिधि को इसके लिए अदालत की मंजूरी लाने को कहा। राउत से किसी भी तरह की मुलाकात आम कैदियों के लिए बनाए गए नियमों के अनुसार ही होगी और इसके लिए अदालत की मंजूरी लेनी होगी। जेल अधिकारियों को कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है। उन्होंने फोन करने वाले व्यक्ति का नाम नहीं बताया।

### शिवसेना सांसद संजय राउत ने विशेष अदालत में जमानत अर्जी दी

**मुंबई।** मुंबई की एक हाउसिंग परियोजना से जुड़े कथित धनशोधन के मामले में पिछले महीने गिरफ्तार शिवसेना के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने जमानत के लिए बुधवार को यहां एक विशेष अदालत में अर्जी दाखिल की। उनकी जमानत अर्जी पर बृहस्पतिवार को न्यायाधीश एम जी देशपांडे की विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत में सुनवाई होने की उम्मीद है। ईडी ने 60 वर्षीय राउत को पिछले महीने की शुरुआत में मुंबई के उपनगर गोरेगांव में पात्रा चॉल के पुनर्विकास में वित्तीय अनियमितता में उनकी कथित भूमिका के लिए पीएमएलए अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। शिवसेना नेता इस समय न्यायिक हिरासत के तहत जेल में हैं।

# नक्सलियों का अड्डा ध्वस्त, सुरक्षा बलों ने सौ से अधिक बारूदी सुरंगें बरामद कीं

**रांची।** झारखंड के बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ आक्टोपस अभियान के तहत पिछले चार दिनों में 106 भूमिगत बारूदी सुरंगें, अनेक आग्नेयास्त्र, साढ़े तीन सौ से अधिक गोलियां बरामद की हैं। झारखंड पुलिस के महानिरीक्षक कार्वाई ए वी होमकर ने पीटीआई-भाषा को बताया कि बूढ़ा पहाड़ इलाके को घेर कर सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ चार सितंबर से आक्टोपस अभियान चला रखा जिससे भयभीत माओवादी अपने अड्डे छोड़कर फरार हो गए। उनके अनुसार तलाशी में सुरक्षा बलों को अब तक भांति भांति के 106 बारूदी सुरंगें, 350 से अधिक गोलियां, पांच सौ मीटर कोडेक्स तार, अमोनियम नाइट्रेट, हैंडपंप सिलिंडर, तीर बम, अर्धनिर्मित बैरल ग्रेनेड लांचर और अनेक अन्य तरह के विस्फोटक मिले हैं। उन्होंने बताया कि लातेहार और गढ़वा जिले में स्थित बूढ़ा पहाड़ को नक्सल मुक्त करने के लिए यह अब तक का सबसे बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों को इस कार्वाई में अब तक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस के अनुसार इस दौरान सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच सोमवार को दिन में दो बार मुठभेड़ हुई लेकिन सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली उल्टे पांव भाग गए।

### अनंतनाग में मुठभेड़ में अलकायदा से संबद्ध दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिला में बुधवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में अलकायदा से संबद्ध अंसार गजवतुल हिंद के दो आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान फयाज कुमर और ओवैस खान के रूप में हुई जो कई आतंकवादी हमलों शामिल थे। पुलिस के एक प्रवक्ता ने ट्वीट कर कहा, अनंतनाग के बिजबेहरा इलाके के थजीवारा में अनंतनाग पुलिस ने अचानक हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कश्मीर, विजय कुमार ने कहा कि मारे गए आतंकवादी अंसार गजवातुल हिंद (एजीयूएच) से जुड़े थे। कुमार ने ट्वीट किया, मारे गए आतंकवादियों की पहचान फैयाज कुमार और ओवैस खान के रूप में हुई है, जो आतंकी संगठन एजीयूएच से जुड़े थे। वे 03-07-2022 को चेनीवुडर श्रीगुफवाड़ा में पुलिस कर्मियों पर हमले सहित कई आतंकी हमलों में शामिल थे। चेनीवुडर श्रीगुफवाड़ा में हमलें में एक पुलिस कर्मी फिरदौस डार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दराशिकोह पार्क, बिजबेहरा में 12-08-2022 को हमले में एक पुलिस कर्मी कादिर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके अलावा, वे 15 जून को पदशाही बाग में एक ग्रेनेड हमले में शामिल थे।

# भारत ने बांग्लादेश से निगरानी रडार स्थापित करने संबंधी समझौते को लागू करने का आग्रह किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत ने** बांग्लादेश को तीन साल पुराने उस समझौते को लागू करने के लिए कहा है जिसके तहत पड़ोसी देश के तट पर निगरानी रडार का एक नेटवर्क स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के बीच द्विपक्षीय वार्ता के दौरान मंगलवार को यह मुद्दा उठा था। हसीना की भारत की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान दोनों देशों द्वारा जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है, भारतीय पक्ष ने जल्द से जल्द अधिक समुद्री सुरक्षा के लिए तटीय रडार प्रणाली प्रदान करने के लिए 2019 समझौता ज्ञापन को लागू करने के अपने अनुरोध को दोहराया।

बांग्लादेश में तटीय निगरानी रडार प्रणाली स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर 2019 में हसीना की भारत यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे। भारत ने इस साल की शुरुआत में मालदीव को इसी तरह की तटीय रडार निगरानी प्रणाली सौंपी थी। हसीना और मोदी रक्षा क्षेत्र के लिए ऋण सुविधा के तहत परियोजनाओं को जल्द अंतिम रूप देने पर भी सहमत हुए।

संयुक्त बयान में कहा गया है कि भारत ने इस संबंध में बांग्लादेश सशस्त्र बलों के लिए वाहनों की प्रारंभिक खरीद योजनाओं को अंतिम रूप देने का स्वागत किया और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों के आगे बढ़ने की उम्मीद जताई। इसमें कहा गया है, बांग्लादेश पक्ष ने भारत से चावल, गेहूं, चीनी, प्याज, अदरक और लहसुन जैसी आवश्यक खाद्य वस्तुओं की अनुमानित आपूर्ति के लिए भारतीय पक्ष से अनुरोध किया।

इसमें कहा गया है कि भारतीय पक्ष ने अवगत कराया कि भारत में मौजूदा आपूर्ति की स्थिति के आधार पर बांग्लादेश के अनुरोध पर अनुकूल विचार किया जाएगा और इस संबंध में सभी प्रयास किए जाएंगे। संयुक्त बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने इस बात पर संतोष जताया कि सीमा पर होने वाली घटनाओं में मौतों की संख्या में काफी कमी आई है और संख्या को शून्य पर लाने की दिशा में काम करने पर सहमत हुए। इसमें कहा गया है कि दोनों पक्षों ने हथियारों, नशीले पदार्थों और जाली नोटों की तस्करी के खिलाफ और विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों की तस्करी को रोकने के लिए दोनों सीमा सुरक्षा बलों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। दोनों नेताओं ने आतंकवाद के सभी रूपों को खत्म करने के लिए अपनी मजबूत प्रतिबद्धता दोहराई।

# विरोध के चलते रणबीर, आलिया ने लिया महाकाल नहीं जाने का फैसला : नरोत्तम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को दावा किया कि अभिनेता रणबीर कपूर और अभिनेत्री आलिया भट्ट को उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन करने से किसी ने रोका नहीं था बल्कि विरोध के चलते उन्होंने स्वयं मंदिर नहीं जाने का फैसला किया। मिश्रा का यह बयान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा उज्जैन के प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर के पास प्रदर्शन के एक दिन बाद आया है। मंत्री ने यह भी कहा कि कलाकारों और अभिनेताओं को ऐसी टिप्पणी करने से दूर रहना चाहिए जिससे लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचे। बीफ खाने और ब्रह्मास्त्र फिल्म देखने के बारे में बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की कथित टिप्पणियों के खिलाफ मंगलवार रात को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया था, जिसकी वजह से रणबीर और आलिया महाकाल मंदिर में नहीं गए। एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को तितर बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। प्रदेश के गृह मंत्री एवं सरकार के प्रवक्ता मिश्रा ने बुधवार को यहां पत्रकारों से कहा, विरोध एक अलग मामला है। उनके (मंदिर में) प्रार्थना करने पर कोई रोक नहीं थी। उनके साथ आए अन्य लोगों ने पूजा-अर्चना की और सभी इंतजाम किए गए।

उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन ने उन्हें बताया कि रणबीर और आलिया से भी मंदिर जाने का अनुरोध किया गया था, लेकिन विरोध के कारण वहां न जाने का निर्णय उनका था। मंदिर के पुजारी आशीष ने बताया कि विरोध के बीच फिल्म ब्रह्मास्त्र के निर्देशक अयान मुखर्जी ने महाकाल के दर्शन किए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लाठीचार्ज के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने दंपती को मंदिर परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया। रणबीर और आलिया के मंदिर में

# उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट की याचिका पर 27 सितंबर को सुनवाई करेगा न्यायालय

**नई दिल्ली।** न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने बुधवार को कहा कि वह उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट की याचिका पर 27 सितंबर को सुनवाई करेगी। याचिका में निर्वाचन आयोग से, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट के उसे ही असली शिवसेना मानने और पार्टी का चुनाव चिह्न उन्हें देने के दावे पर निर्णय करने से रोकने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति डी. वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली एक पीठ ने कहा कि वह कुछ महीने पहले महाराष्ट्र में हुए राजनीतिक संकट के संबंध में (विधानसभा के) अध्यक्षा उपाध्यक्ष और राज्यपाल की शक्ति से संबंधित दोनों पक्षों द्वारा दायर याचिकाओं से उत्पन्न सभी मुद्दों पर सुनवाई के लिए समय-सीमा तय करते हुए निर्देश पारित करेगी। पीठ उस संकट से संबंधित लंबित मामलों की सुनवाई कर रही है, जिसके कारण राज्य की एमवीए सरकार गिर गई थी।

मामले पर सुनवाई शुरू होते ही शिंदे गुट की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज किशन कौल ने पीठ को बताया कि दूसरे पक्ष ने उनके आवेदन पर कोई भी निर्णय करने से निर्वाचन आयोग को रोकने के लिए मामले में हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। पीठ में न्यायमूर्ति एम.आर. शाह, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा भी शामिल हैं। कौल ने कहा कि भारत के निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को कोई फैसला करने से रोका नहीं जा सकता और शीर्ष अदालत ने पहले भी निर्वाचन आयोग की कार्वाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। उद्धव ठाकरे गुट की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि तीन अगस्त को शीर्ष अदालत की एक पीठ ने मौखिक रूप से निर्वाचन आयोग को तत्काल कोई भी कार्वाई करने से मना किया था।

निर्वाचन आयोग की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने कहा कि यह एक प्रक्रिया है, जब चुनाव चिह्न को लेकर कोई शिकायत आती है तो आयोग के पास दूसरे पक्ष को नोटिस जारी करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता है। उन्होंने कहा, इस मामले में भी हमने, दूसरे पक्ष को नोटिस जारी किया। दातार ने कहा कि कई रिकॉर्ड हैं और यदि प्रक्रिया जारी रहे तो यह उचित होगा। भले ही विधायक अयोग्य घोषित हो जाएं, लेकिन फिर भी वे पार्टी के सदस्य बने रहेंगे। अगर कोई विधायक 10वीं अनुसूची के तहत स्वेच्छा से पार्टी की सदस्यता छोड़ देता है और विधानसभा से इस्तीफा नहीं देता तो उसे अयोग्य घोषित किया जा सकता है। न्यायमूर्ति शाह ने वकील से कहा कि 27 सितंबर की सुनवाई के लिए अपनी दलीलें बचाए रखें। शीर्ष अदालत ने 23 अगस्त को शिवसेना के दोनों धड़ों की विभिन्न याचिकाओं को पांच सदस्ईय संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का आदेश दिया था।

# लक्ष्यों को हासिल करने तक यूक्रेन में सैन्य कार्रवाई जारी रहेगी: पुतिन

एपी। मॉस्को




**रूसी** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कहा कि मॉस्को अपने उद्देश्यों को हासिल करने तक यूक्रेन में अपनी सैन्य कार्वाई जारी रखेगा। उन्होंने प्रतिबंधों के जरिए रूस को अलग-थलग करने संबंधी पश्चिमी देशों के प्रयासों का उपहास भी किया। पुतिन ने सुदूर पूर्वी बंदरगाह शहर व्लादिवोस्तोक में आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में कहा कि यूक्रेन में सेना भेजने के पीछे आठ साल की लड़ाई के बाद उस देश के पूर्वी क्षेत्र में नागरिकों की रक्षा करना मुख्य लक्ष्य था। उन्होंने कहा, हम वे लोग नहीं हैं, जिन्होंने सैन्य कार्वाई शुरू की थी, हम इसे समाप्त करने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने अपने इस तर्क की पुष्टि करते हुए कि उन्होंने यूक्रेन में रूस समर्थित अलगाववादी क्षेत्रों की रक्षा के लिए यूक्रेन में सेना भेजी, जिन्होंने 2014 में क्रीमिया के रूस के कब्जे के बाद भड़के संघर्ष में यूक्रेनी सेना से लड़ाई लड़ी है। पुतिन ने कहा, हमारी सभी कार्वाई का उद्देश्य डोनबास में रहने वाले लोगों की मदद करना है, यह हमारा कर्तव्य है और हम इस लक्ष्य को हासिल करके रहेंगे। पुतिन ने कहा कि रूस ने पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों का सामना करते हुए अपनी संप्रभुता को मजबूत किया है। उन्होंने कहा, रूस ने पश्चिम के आर्थिक, वित्तीय और तकनीकी हमले का जवाब दिया है।

उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि हमने कुछ नहीं खोया है और हम कुछ भी नहीं खोएंगे। सबसे सकारात्मक बात यह है कि हमारी संप्रभुता और मजबूत हुई है। रूसी नेता ने कहा कि रूस में आर्थिक ओर वित्तीय स्थिति स्थिर हो गई है, उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति कम हो गई है और बेरोजगारी दर भी कम बनी हुई है। उन्होंने कहा कि रूस अपने वैश्विक प्रभुत्व को बनाए रखने के लिए अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा किए गए किसी भी दुस्साहस का सामना करते हुए अपनी संप्रभुता की रक्षा करना जारी रखेगा।

## पुतिन और शी अगले सप्ताह उज्बेकिस्तान में मुलाकात करेंगे: अधिकारी

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग अगले सप्ताह उज्बेकिस्तान में मुलाकात करेंगे। रूस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जाकनारी दी। चीन में रूसी राजदूत एंड्री डेनिसोव ने पत्रकारों को बताया कि दोनों नेता 15-16 सितंबर को उज्बेकिस्तानी शहर समरकंद में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में मुलाकात करेंगे। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने डेनिसोव के हवाले से अपनी खबर में बताया, अब से 10 दिन से भी कम समय में हमारे नेताओं की एक और बैठक समरकंद में एससीओ शिखर सम्मेलन में होगी। हम इसके लिए तैयारी कर रहे हैं। यदि चिनफिंग उज्बेकिस्तान की यात्रा पर जाते हैं तो यह ढाई साल में उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। रूसी मीडिया ने उज्बेकिस्तान में शिखर सम्मेलन से पहले चिनफिंग की कजाकिस्तान जाने की योजना के बारे में भी खबर दी, लेकिन इस योजना की पुष्टि नहीं हो सकी है। उज्बेकिस्तान यात्रा के बारे में पूछे जाने पर, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, आपके इस सवाल पर मुझे कुछ नहीं कहना है। रूस द्वारा यूक्रेन में सेना भेजे जाने से कई सप्ताह पहले पुतिन और चिनफिंग की आखिरी मुलाकात फरवरी में बीजिंग में हुई थी। रूसी सेना ने इस सप्ताह की शुरुआत में देश के पूर्व में व्यापक सैन्य अभ्यास की घोषणा की थी, जिसमें चीन की सेनाएं शामिल होंगी। यूक्रेन में सैन्य कार्वाई को लेकर पश्चिम के साथ तनाव के बीच रूस और चीन के बीच घनिष्ठ संबंधों का इसे एक और प्रदर्शन माना जा रहा है। रूस और चीन ने सैन्य गठबंधन बनाने की संभावना को खारिज कर दिया था, लेकिन पुतिन ने कहा है कि ऐसी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## यूक्रेन में परमाणु संयंत्र के निकट गोलाबारी

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निकटवर्ती क्षेत्र में गोलाबारी फिर से शुरू कर दी है। एक स्थानीय अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय गवर्नर वैलेंटीन रेज्निचेंको ने कहा कि यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र से नीपर नदी के विपरीत तट पर स्थित निकोपोल शहर में गोलाबारी की गई। हालांकि आसपास के क्षेत्र में गोलाबारी संबंधी खबर की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को चेतावनी दी थी कि जापोरिज्जिया में कुछ विनाशकारी हो सकता है। रेज्निचेंको ने कहा, (संयंत्र) में आग और अन्य कुछ ऐसी चीजें हैं जिससे हमें स्थानीय आबादी को परमाणु खतरे के परिणामों के लिए तैयार करना पड़ रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कहा कि मॉस्को अपने उद्देश्यों को हासिल करने तक यूक्रेन में अपनी सैन्य कार्वाई जारी रखेगा। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि पूर्वी यूक्रेन के दोनेत्स्क में रूसी गोलाबारी में तीन नागरिक मारे गए।

# लिज ट्रूस ने ब्रिटेन के सबसे विविध मंत्रिमंडल का गठन किया

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन** की नवनियुक्त प्रधानमंत्री लिज ट्रूस ने देश के सबसे विविध मंत्रिमंडल की घोषणा करने के बाद बुधवार को लंदन स्थित 10 डाउनिंग स्ट्रीट में अपनी पहली कैबिनेट बैठक की। इस मंत्रिमंडल में महत्वपूण पदों पर जातीय अल्पसंख्यक समुदाय से संबंध रखने वाले सांसदों को शामिल किया गया है। भारतीय मूल की सुएला ब्रेवरमैन को गृह मंत्री नियुक्त किया गया है। साथ ही इसमें भारतीय मूल के आलोक शर्मा को भी शामिल किया गया है। शर्मा का जन्म भारत के आगरा में हुआ था और वह सीओपी26 के अध्यक्ष के तौर पर जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में काम जारी रखेंगे। नए मंत्रिमंडल में रक्षा मंत्री के पद पर बेन वालेस को बरकरार रखा गया है। इसके अलावा नए मंत्रिमंडल में काफी बदलाव किया गया है। लंदन में जन्मे कनिष्ठ मंत्री रानिल जयवर्धने को पर्यावरण, खाद्य और ग्रामीण मंत्री के पद पर पदोन्नत किया गया है। टोरी के कई वरिष्ठ सदस्य जिन्होंने ट्रूस के प्रतिद्वंद्वी एवं ब्रिटेन के पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक का समर्थन किया था, उन्हें नए मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है। इसमें पूर्व न्याय मंत्री डॉमिनिक रैब, पूर्व परिवहन मंत्री ग्रांट शाप्स और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री स्टीव बार्कले शामिल हैं। कैबिनेट और कनिष्ठ मंत्री पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया मंगलवार को शुरू हुई थी और बुधवार तक जारी रहेगी, जब ट्रूस हाउस ऑफ कॉमन्स में प्रधानमंत्री के तौर पर पहली बार प्रश्नों के जवाब देंगी। सदन में ट्रूस के बगल में ब्रेवरमैन होंगी, जिनकी तमिल मां के परिवार की जड़ें मॉरीशस में थीं और गोवा मूल के उनके पिता केन्या से ब्रिटेन आए थे। साथ ट्रूस के साथ घाना मूल के क्वासी क्वार्टेंग होंगे जो ब्रिटेन के पहले अश्वेत वित्तमंत्री होंगे। इसके अलावा ट्रूस के साथ जेम्स क्लेवरली होंगे जो विदेश मंत्री का प्रभार संभालेंगे। ट्रूस ने अपने मंत्रिमंडल के शीर्ष स्तर में अपने करीबी सहयोगियों को रखा है। जैसे थेरेसी कॉफ़ी को उप प्रधानमंत्री और स्वास्थ्य एवं सामाजिक देखभाल मंत्री और वेंडी मॉर्टन को संसदीय मंत्री और टोरी की पहली महिला मुख्य सचेतक प्रभारी बनाया गया है। केमी बैडेनोच नई अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री हैं जबकि निवर्तमान ऐनी-मैरी ट्रेवेलियन को परिवहन मंत्री बना दिया गया है। ट्रूस ने मंगलवार को 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर अपने संबोधन में कहा था, हमारे पास काबिलियत, ऊर्जा और प्रतिबद्धता का भंडार है। उन्होंने कहा था, मुझे विश्वास है कि हम मिल कर तूफान से बाहर निकल आएगें, अर्थव्यवस्था को पटरी पर लें आएंगे.....।

## राजनाथ ने उलानबटोर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**उलानबटोर ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को मंगोलिया की राजधानी उलानबटोर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राजनाथ सोमवार से मंगोलिया तथा जापान की अपनी पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। इस यात्रा का मकसद क्षेत्रीय सुरक्षा के हालात और वैश्विक भू-राजनीति में उथलपुथल के बीच दोनों देशों के साथ भारत के रणनीतिक व रक्षा संबंधों का विस्तार करना है। सिंह ने एक तस्वीर साझा करते हुए कहा, उलानबटोर में पूज्य बापू को श्रद्धांजलि दी। सिंह ने मंगलवार को मंगोलिया के राष्ट्रपति यू. खुरेलसुख, स्टेट ग्रेट खुराल (संसद) के अध्यक्ष जी. जानदनशतार और रक्षा मंत्री जनरल सैखानबयार से मुलाकात की थी। मंगोलिया से रक्षामंत्री दो दिवसीय यात्रा पर जापान जाएंगे। वह आठ और नौ सितंबर को जापान में होंगे। वह जापान के साथ टू प्लस टू प्रारूप में आठ सितंबर को होने वाली वार्ता में शामिल होंगे।

## संरा एजेंसी ने यूक्रेन के परमाणु संयंत्र के चारों ओर सुरक्षा क्षेत्र बनाने की मांग की

**कीव।** संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी एजेंसी ने रूस और यूक्रेन से जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के चारों ओर परमाणु सुरक्षा तथा सुरक्षा संरक्षा क्षेत्र बनाने की मांग की है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रोसी ने परमाणु संयंत्र का निरीक्षण करने के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा, हम आग से खेल रहे है और कुछ बेहद विनाशकारी हो सकता है। आईएईए के दल ने अपने दौरे का एक विस्तृत विवरण तैयार किया है जिसमें कहा गया है कि यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आस पास गोलीबारी तत्काल रोकी जानी चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, संयंत्र के चारों ओर परमाणु सुरक्षा तथा सुरक्षा संरक्षा क्षेत्र बनाने के लिए सभी पक्षकारों के बीच समझौता होना जरूरी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने भी सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा कि रूस और यूक्रेन की सेना संयंत्र के चारों ओर सभी सैन्य गतिविधियों को रोकने का संकल्प लें। गुतारेस ने कहा, इसके लिए रूसी बलों को उस स्थान से सभी सैनिकों तथा साजो सामान को हटाने की प्रतिबद्धता व्यक्त करनी होगी और यूक्रेनी सैनिकों को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि वे संयंत्र में नहीं घुसें। रूस के सरकारी मीडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिले नेबेंज्या के हवाले से कहा कि रूस को परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आसपास सुरक्षा क्षेत्र बनाने के आईएईए के प्रस्ताव में कोई गंभीरता नहीं नजर आती। यूक्रेन की सरकार ने इस प्रस्ताव के संबंध में फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि उसने भी संयंत्र के आसपास के स्थान से सैनिकों को हटाने की मांग की है।

# समरकंद शिखर बैठक में एससीओ के सभी नेता भाग लेंगे : रूसी राजनयिक

भाषा। बीजिंग

**चीन** में रूस के राजदूत एंद्रे देनिसोव ने बुधवार को कहा कि अगले सप्ताह उज्बेकिस्तान के समरकंद में होने वाली दो दिवसीय शिखर बैठक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सभी नेता हिस्सा लेंगे। देनिसोव के इस बयान को कोविड-19 के बाद एससीओ नेताओं की व्यक्तिगत उपस्थिति वाली पहले शिखर बैठक की पहली आधिकारिक पुष्टि के तौर पर देखा जा रहा है जिसका सदस्य भारत भी है। उन्होंने कहा, 10 दिनों से कम समय में हमारे एससीओ नेताओं की नियमित बैठक समरकंद में होगी, हम उसकी तैयारी कर रहे हैं। रूस की आधिकारिक समाचार एजेंसी तास ने रूसी अधिकारी को उद्धृत किया, मोटे, तौर पर यह बैठक रोचक होने वाली है क्योंकि महामारी के बाद यह पहला पूर्ण शिखर बैठक होगी। गौरतलब है कि एससीओ का मुख्यालय बीजिंग है और इसके आठ सदस्य हैं जिनमें चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान शामिल हैं। राजनयिक सूत्रों ने बताया कि मेजबान उज्बेकिस्तान ने अनौपचारिक रूप से सभी नेताओं के बैठक में शामिल होने की पुष्टि कर दी है। हालांकि, चीन, भारत और पाकिस्तान ने अबतक आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं है कि 15-16 सितंबर को होने वाले बैठक में उनके नेता भागीदारी करेंगे या नहीं।

देनिसोव ने कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन एससीओ बैठक से इतर द्विपक्षीय मुलाकात करेंगे और यूक्रेन पर रूस की सैन्य कार्वाई के बाद दोनों नेताओं की यह पहली आमने-सामने की मुलाकात होगी। देनिकोव के बयान पर जब चीन के विदेश मंत्रालय की नवनियुक्त प्रवक्ता माओ निंग से प्रतिक्रिया मांगी गई, तो उन्होंने कहा कि इस संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। अगर सभी नेता इस बैठक में हिस्सा लेते हैं तो मध्य एशियाई देशों के इस समूह के नेताओं को सम्मेलन के इतर एक दूसरे से मुलाकात करने का मौका मिलेगा। गौरतलब है कि कोविड-19 की वजह से एसीसीओ की 2020 में शिखर बैठक मॉस्को में ऑनलाइन माध्यम से हुई था जबकि पिछले साल दुशांबे बैठक हाइब्रिड (व्यक्तिगत उपस्थिति और ऑनलाइन दोनों का विकल्प) तरीके से हुई थी। देनिसोव ने कहा, यह नहीं कहना चाहता कि ऑनलाइन बैठक पूर्ण बैठक नहीं थी, लेकिन फिर भी नेताओं के बीच प्रत्यक्ष संवाद के दौरान चर्चा की गुणवत्ता अलग ही होती है।

**PUBLIC NOTICE**

My client, **Vijay Bhola** S/o Mr. Shri Ram Bhola R/o B-198, New Moti Nagar, Delhi-110015 declare that he and **Ashok Bhola** S/o Mr. Shri Ram Bhola R/o SF, 21/44, West Punjabi Bagh, Delhi-110026 are partners in **M/s Shivam Industries** (PAN ABOFS9537J) and **Shri Ram Industries** (PAN AAOFS9866J) both at J-125, Sector-4, DSIIDC, Industrial Area, Bawana, Delhi 110039 and **Total Diagnostics Care** at I-1, Kailash Park, Moti Nagar, Delhi-110015. Due to ill relations with Ashok Bhola, my client will not be liable for any loan (which he may take in the name of above firm) and other activities related to above partnership firm.
R.K. Tiwari (Advocate) EN.No. D/279-H/89

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Subhash Chand Chatterjee S/o Mahima Prasad Chatterjee, Cont. 9999366448, Email: subhashchandchatterjee83@gmail.com, R/o. SFS Flat No. 83, Second Floor, Aravali Apts., Kalkaji, New Delhi, has applied for the conversion of aforesaid property. The documents like original Demand/ Allotment Letter of Car/Scooter Garage, 5th & Final Demand letter and Site Possession Slip, issued by DDA, of aforesaid property have been lost. An F.I.R to this effect has been lodged in police station on dated 06/09/2022. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact- Deputy Director (LAB housing) D - block, 3rd floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi

# भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ाकर 2030 तक 2,000 अरब डॉलर का करना चाहता है: गोयल

भाषा। सैन फ्रांसिस्को

**वाणिज्य** एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में भारत का माल एवं सेवा का निर्यात 675 अरब डॉलर को पार कर गया और अब देश 2030 तक अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ाकर 2000 अरब डॉलर तक पहुंचाना चाहता है। स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी में संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और छात्रों से बातचीत करते हुए गोयल ने कहा कि जब भारत अपनी 100वीं वर्षगांठ मनाएगा तब तक उसकी अर्थव्यवस्था 30,000 अरब डॉलर की हो जाएगी। गोयल ने कहा, 2047-2050 तक, जब भारत अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे कर रहा होगा तब सामान्य परिदृश्य में भारत कम से कम 30,000 अरब की अर्थव्यवस्था होगा और सरकार की योजनाएं काम कर गईं तो अर्थव्यवस्था कम से कम 35,000 से 45,000 अरब डॉलर की होगी। अपनी 3300 अरब की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के साथ भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इस सूची में उससे पहले अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी हैं। उद्योग मंत्री ने कहा कि सरकार ने बीते कुछ वर्ष ऐसा आधार बनाने में लगाए जिन पर देश तेजी से परिवर्तित हो सके, इसकी अर्थव्यवस्था बढ़ सके, प्रणालियां बेहतर बनें और प्रौद्योगिकी में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा, पिछले वित्त वर्ष में हमारा माल एवं सेवाओं का निर्यात पहली बार 675 अरब डॉलर पर पहुंच गया। हमें उम्मीद है कि 2030 तक अंतरराष्ट्रीय व्यापार बढ़कर 2000 अरब डॉलर का हो जाएगा।

## अच्छा करार होने पर ही इजराइल के साथ एफटीए करेगा भारत: मंत्री

**सैन फ्रांसिस्को।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत और इजराइल के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौता दोनों ही देशों के लिए लाभदायक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत यह समझौता तब तक नहीं करेगा जब तक यह उसके अनुकूल न हो। भारत और इजराइल के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर मई, 2010 से ही बात चल रही है। यहां भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करते हुए मंत्री ने मंगलवार को कहा, इजराइल के साथ हम एफटीए तभी करेंगे जब यह समझौता अच्छा होगा और पारस्परिक रूप से लाभदायक होगा। भारत और इजराइल के बीच 2021-22 में वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार करीब आठ अरब डॉलर रहा। 2020-21 में यह 4.7 अरब डॉलर था। भारत से निर्यात की जाने वाली वस्तुओं में महंगे रत्न एवं धातु, रासायनिक उत्पाद और कपड़ा, कपड़े से बना सामान शामिल है। आयात की जाने वाली वस्तुए हैं महंगे रत्न एवं धातु, रसायन एवं खनिज उत्पाद, मूल धातु और मशीनरी तथा परिवहन उपकरण। मंत्री ने बताया कि व्यापार समझौते को लेकर कई देशों के साथ बात चल रही है। भारत ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया के साथ हाल में व्यापार समझौते किए हैं। गोयल ने कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयां लगाने के लिए कंपनियों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बारे में कई कंपनियों से बात चल रही है और कई ने भारत में निवेश की इच्छा जताई है।

# मुद्रास्फीति वहनीय स्तर पर आई, रोजगार सृजन और वृद्धि प्राथमिकता हैं : सीतारमण

भाषा। नई दिल्ली



**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि मुद्रास्फीति कम होकर वहनीय स्तर पर पहुंच गई है इसलिए सरकार के लिए देश की आर्थिक वृद्धि ही प्राथमिकता बनी हुई है। यहां इंडिया आइडियाज समिट में वित्त मंत्री ने कहा कि रोजगार सृजन और धन का समान वितरण वे अन्य क्षेत्र हैं जिन पर सरकार का ध्यान है। उन्होंने कहा, कुछ निश्चित तौर पर प्राथमिकताएं हैं और कुछ उतनी महत्वपूर्ण नहीं हैं। प्राथमिकताओं में शामिल हैं रोजगार, धन का समान वितरण और यह सुनिश्चित करना कि भारत वृद्धि के रास्ते पर बढ़े। सीतारमण ने आगे कहा, इस लिहाज से मुद्रास्फीति प्राथमिकता नहीं है। आपको इस बात से हैरानी नहीं होनी चाहिए। बीते कुछ महीनों में हम इसे वहनीय स्तर पर लाने में कामयाब रहे है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक जुलाई में खाद्य वस्तुओं के दाम में नरमी से मुद्रास्फीति कम होकर 6.71 फीसदी पर आ गई हालांकि यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की संतोषजनक स्तर की उच्च सीमा 6.0 प्रतिशत से लगातार सातवें महीने ऊपर बनी रही। जून 2022 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 7.01 प्रतिशत जबकि जुलाई 2021 में 5.59 प्रतिशत थी। अप्रैल से जून के बीच यह सात फीसदी के ऊपर बनी रही। वित्त मंत्री ने भरोसा जताया कि अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व और यूरोपीयन सेंट्रल बैंक द्वारा दरों में तेज वृद्धि से उत्पन्न अस्थिरता से रिजर्व बैंक निपट लेगा। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के कारण पैदा हुए वैश्विक ऊर्जा संकट का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की उपलब्धता को लेकर अनिश्चितता अब भी बनी हुई है। उन्होंने भुगतान प्रौद्योगिकी समेत हर लिहाज से भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को और गहरा करने का आह्वान किया।

**दी हिन्दुस्तान टाइम्स लिमिटेड**
सीआईएन: U74899DL1927PLC000155
पंजीकृत कार्यालय: हिन्दुस्तान टाइम्स हाउस, 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001
टेलीफोन: 011 - 66561206

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के अनुपालन में कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर ट्रांसफर पुस्तकें 30 सितम्बर 2022 को हिन्दुस्तान टाइम्स हाउस, 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 में आयोजित होने वाली 93वीं वार्षिक आम बैठक में घोषित होने वालें लाभांश हेतु सदस्यों की योग्यता निर्धारण के उद्देश्य से शुक्रवार, 23 सितंबर, 2022 से बुधवार, 28 सितंबर 2022 (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेंगी।

हस्ता/-
विरेन्द्र कुमार चारोड़िया
(निदेशक व कम्पनी सचिव)
दिनांक: 07.09..2022 डीआईएन: 00046895

## कोर्ट ने शिमला मंडी गुड्स ट्रांसपोर्ट कंपनी के संचालन पर प्रतिबन्ध लगया

**नई दिल्ली।** जिला न्यायाधीश कोर्ट, पंचकूला ने जितेंद्र गुप्ता, मालिक. मैसर्स शिमला मंडी गुड्स ट्रांसपोर्ट कंपनी द्वारा दायर एक आवेदन पर अनुमति देते हुए और चिंता जताते हुए भ्रामक लगने वाली कंपनी यानी शिमला मंडी गुड्स ट्रांसपोर्ट प्रा। लिमिटेड, जो मकान नं0 115, सैक्टर 9, पंजकूला पर रजिस्टर्ड है इसके निदेशक संजय गुप्ता और अंकित गुप्ता, उनके सी एंड एफ एजेंट, डीलर, वितरक, खुदरा विक्रेता, प्रतिनिधि एजेंट और असाइनमेंट आदि के संचालन पर प्रतिबन्ध लगाया है। कोर्ट ने शिमला मंडी गुड्स ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों पर शिमला मंडी गुड्स ट्रांसपोर्ट कंपनी प्रा. लिमिटेड के व्यापार नाम चिह्न कंपनी या उसके किसी लोगो, उपकरण, व्यापार शैली आदि का उपयोग करने से व्यापार नाम को पारित करने के लिए मुकदमे केलंबन के दौरान रोक लगा दी है।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट

## ● सेंसेक्स 168 अंक और टूटा

भाषा। मुंबई



**घरेलू** शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 168 अंक से अधिक टूटकर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच उच्च ब्याज दर और मंदी की आशंका से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। लगातार दूसरे दिन बाजार में गिरावट का रुख कायम रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 168.08 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,028.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 474.1 अंक तक नीचे चला गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 31.20 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,624.40 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका में रोजगार के मोर्चे पर सकारात्मक आंकड़ों के बाद ब्याज दर बढ़ने को लेकर चिंता बढ़ी है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ताजा आर्थिक आंकड़े बताते हैं कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक ब्याज दर में वृद्धि जारी रखेगा। सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक सबसे ज्यादा 1.69 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा (1.32 प्रतिशत), मारुति (1.15 प्रतिशत), भारती एयरटेल (1.08 प्रतिशत), भारतीय स्टेट बैंक (0.95 प्रतिशत) के साथ टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी भी नुकसान में रहे। सूचना प्रौद्योगिकी और दवा कंपनियों के शेयरों में लाभ से सूचकांक में गिरावट पर अंकुश लगा।

अल्ट्राटेक सीमेंट सबसे ज्यादा 4.13 चढ़ा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा, विप्रो और बजाज फाइनेंस भी लाभ में रहे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, मिले-जुले रुख के बीच उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बाजार मामूली नुकसान में रहा। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच निफ्टी गिरावट के साथ खुला। हालांकि, सूचकांक में शामिल चुनिंदा शेयरों में लिवाली से कारोबार आगे बढ़ने के साथ नुकसान से उबरने में मदद मिली। उन्होंने कहा, वैश्विक शेयर बाजारों में गिरावट के बीच बाजार ने सकारात्मक रुख बनाए रखा है... हमारा मानना है कि यह स्थिति आगे भी बनी रह सकती है।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में, जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट लाभ में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में ज्यादातर में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार मंगलवार को नुकसान में थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव घटकर 92.06 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे टूटकर 79.89 (अस्थाई) पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने मंगलवार को।,144.53 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

## सीबीडीसी से सीमापार लेनदेन के समय, लागत में होगी कमी: आरबीआई डिप्टी गवर्नर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) से सीमा पार लेनदेन के लिए समय और लागत में कमी आएगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर टी रवि शंकर ने बुधवार को यह बात कही। सीबीडीसी को इस साल पेश किया जाना है। केंद्रीय बैंक ने सीबीडीसी को इस साल पायलट आधार पर पेश करने का प्रस्ताव दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट में केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा लाने की घोषणा की थी। वित्त मंत्री ने 2022-23 के आम बजट में कहा था कि आरबीआई चालू वित्त वर्ष में रुपए के समान एक डिजिटल लाएगा। उन्होंने इंडिया आइडियाज समिट में कहा, हमें यह समझना होगा कि सीबीडीसी का अंतरराष्ट्रीयकरण भुगतान के मसले के लिए महत्वपूर्ण है, जिसका समाधान इस समय जी-20 और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) जैसे निकाय तलाश रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में एक उत्कृष्ट, सस्ती और तेज घरेलू भुगतान प्रणाली है, लेकिन इसके बावजूद सीमापार भुगतान की लागत अब भी अधिक है। उन्होंने कहा कि लागत और गति दोनों में सुधार की काफी गुंजाइश है। शंकर ने कहा कि सीबीडीसी शायद इसका सबसे कुशल रास्ता है। उदाहरण के लिए, अगर भारत सीबीडीसी और अमेरिकी सीबीडीसी प्रणाली एक-दूसरे से जुड़ सकें, तो हमें लेनदेन का निपटान करने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

**Public Notice**

Notice is hereby given to the General public that Mr. Diwan Nandlal Sawhney was absolute owner of Apartment No. C4B172 located in Wing B on 17th Floor, having super area of 124.77 Sq. Mrs. (1343 Sq. Ft.) alongwith Parking Space(s) No. 4BB107 (Open/Covered) in the Multi-storeyed Building No. 4 known as "DLF Carlton Estate" constructed on Plot of land area measuring 5.428 Acres, Situated in the revenue estate of Villages Wazirabad, and located in Group Housing in the residential colony known as DLF City (earlier known as DLF Qutab Enclave Complex), Phase-V, Gurgaon (Haryana) ,vide Conveyance Deed dated 27.04.2005 , Document No. 1962 and Unfortunately, Mr. Diwan Nandlal Sawhney expired and after his death Mrs. Farida became the owner of above said property vide Will dated 22.09.2016 executed by Mr. Diwan Nandlal Sawhney. Now, Mrs. Farida is intending to sell the above said property to Mrs. Meenakshi Mehta vide Sale Deed. Further Mr. Vikram Mehta and Mrs. Meenakshi Mehta is mortgaging the above said property to Axis Finance Limited in case anyone has any objection, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Northex Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएँगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL3CAG0164, | DL6SQ8499, | DL6SP9372, |
| DL3CP6286, | DL8SK2524, | UP16H2286, |
| UP14C1600, | HR10J9567, | DL4SBE6418, |
| DL4CR6136, | DL6ST8300, | DL8SAE6518, |
| DL7CB5631, | DL4SBE1436, | DL4SZ4788, |
| DL7CN4242, | DL6SH0987, | DL8SY4369, |
| DL2CAD0146, | HR08J4500, | DL6SH0398, |
| DL4CU6794, | DL2CG4727, | DL6ST4786, |
| DL7CA7999, | DL5SP5139, | DL2CK4162, |
| DL5CB6656, | DL8SZ0644, | DL2CAG6352 |
| DL3CY2169, | DL9SF7512, | DL2FES0050, |
| DL4CAG5977, | DL8SR6317, | DL7C7021, |
| DL8CNB1549, | DL8SAF1899 | DL7CF1645, |
| DL8CK8806, | DL8SU6440, | DL3CL2558, |
| DL8CJ9042, | DL8SD3053, | DL8CK2925, |
| DL9CQS1500, | DL4SBE0508, | DL8CN7009, |
| DL3CAG2782, | DII212, | NOREG35, |
| DL3CAG1646, | DL6SY2517, | DL3CAY2381, |
| DL3CAW1160, | DL4SU6320, | NOREG36, |
| DL9CW1890, | DL2FEY0045, | HR51J2253, |
| DL2CAD1259, | DL2CW2984, | DL8SQ2948, |
| CHESN0141127 | DL2CW8335, | DL8SU9973, |
| DBC275, | DL6CD1294, | HR26X3448, |
| DL3CAJ6196, | DL3CAP1107, | DL5S7915, |
| DL4CAG2676, | DL6SQ9016, | DL6SZ6102, |
| DL10CB3953, | DL7SAD6643, | DL8SH4308, |
| DL2CAD7368, | DL6SW1332, | DL4SK3081, |
| DL3CAW3861, | UP16M7437, | DL8SU2028, |
| DL4CAE8280, | DL6SAA1820, | HR51E1984, |
| DL4CN6664, | DL4SS9188, | HR01L8684, |
| HR51S1251, | DL2SC7533, | DL7CH0863, |
| DL7SK3797, | DEE3737, | DL4CNA4882, |
| DL6SF9843, | DL7SH7830, | DL3CAE4790 |

# कल शुरू होगी रामनगर की विश्वप्रसिद्ध रामलीला

**वैश्विक महामारी कोरोना के चलते पूरे दो साल के इंतजार के बाद 9 सितम्बर अनंत चतुर्दशी से इसका आयोजन शुरू हो रहा है, रामलीला की शुरुआत रावण के जन्म से होगी**



**वाराणसी।** विश्वप्रसिद्ध रामनगर की रामलीला वैश्विक महामारी कोरोना के चलते पूरे दो साल के इंतजार के बाद 9 सितम्बर अनंत चतुर्दशी से शुरू हो रही है। रामलीला की शुरुआत रावण के जन्म से होगी। पहले दिन जन्म के साथ ही रावण यज्ञ कराने में जुट जाएगा। इस दौरान क्षीर सागर की झांकी, देव स्तुति और आकाशवाणी की लीला का भी मंचन होगा । रामलीला को लेकर जबरदस्त उत्साह है। 200 साल से भी पुरानी रामलीला अपने अनूठेपन और परम्परा को लेकर लोगों में आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। इस ऐतिहासिक रामलीला में बिजली,लाउडस्पीकर और अन्य आधुनिक संसाधनों का प्रयोग नहीं होता। खुले आसमान के नीचे मुक्तांगन रंगमंच पर पेट्रोमेक्स की रोशनी में होने वाली रामलीला देखने वाले लीला प्रेमी जमीन पर बैठते हैं। अलग और अनूठेपन के चलते यूनेस्को की अमूर्त विश्व सांस्कृतिक विरासत में शामिल यह रामलीला 10 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर होती है। पूरे माह भर चलने वाली रामलीला की शुरुआत और समापन नारद वाणी और आरती से होती है। रामलीला के पात्रों की आवाज भी बिना माइक के लोगों को स्पष्ट रूप से सुनाई देती है। रामलीला प्रतिदिन शाम 5 से शुरू होकर रात 9 बजे तक चलती है।

अंग्रेज इतिहासकार जेम्स प्रिंसप ने लिखा है कि रामनगर की रामलीला 1830 में शुरू हुई थी। ब्रिटिश लाइब्रेरी में भी इसके प्रमाण मौजूद हैं। काशी नरेश महाराज उदित नारायण सिंह के दादा महाराज बलवंत सिंह ने 18वीं शताब्दी के मध्य में इस रामलीला की नींव डाली थी। काशी के लीला प्रेमी इतिहास के छात्र रहे संजय पांडेय बताते है कि 1962 के भारत.चीन युद्ध के दौरान भी रामलीला बंद नहीं हुई थी । लालटेन की रोशनी में आयोजित रामलीला की रोशनी बाहर न जाए, इसके लिए लालटेन की रोशनी को पेड़ के पत्तों से ढंका गया था। ताकि रोशनी देख दुश्मन इस पर बमबाजी न करने पाये। रामनगर की रामलीला में केवल पुरुषों द्वारा ही सभी पात्रों की भूमिका निभाई जाती है। भगवान राम, उनके भाइयों और सीता की भूमिकाएं पुरुष ही निभाते हैं। किरदारों का चयन काशीराज परिवार की देखरेख में राजपुरोहित रहा ब्राह्मण परिवार करता है। सभी चयनित कलाकारों को दो महीने का कठिन अभ्यास करना होता है। पात्र रामचरित मानस और रामकथा के विद्वानों के साथ रहते हैं। नियमित रूप से रामायण का पाठ करते हैं। कलाकारों को रामलीला कार्यकर्ताओं के कंधों पर लादकर रामलीला स्थल तक ले जाया जाता है । 30 दिन तक चलने वाली रामनगर की रामलीला में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु जुटते रहें है। ऐसे हजारो लोग जो हर दिन शुरू से अंत तक रामलीला देखने पहुंचते है उन्हे 'नेमी' कहा जाता है। पांडेय बताते हैं कि रामलीला की शुरुआत काशी नरेश के आगमन से होती है। उनका स्वागत 'हर हर महादेव' के गगनभेदी जयघोष द्वारा किया जाता है। रामलीला में हर प्रसंग के लिए अलग-अलग स्थान निर्धारित है। रामचरितमानस में वर्णित स्थलों अयोध्या, जनकपुर, चित्रकूट, लंका, पंचवटी, वाटिका, रामबाग आदि प्रमुख स्थल यहां भी चार किमी की परिधि में है। लीला आरंभ होने से पूर्व प्रमुख पात्रों की पूजा भी की जाती है। प्रत्येक अध्याय के समापन पर रामायण मंडली द्वारा आरती, हर-हर महादेव ,बोलो राजा रामचंद्र की जय का उद्घोष होता है। एक.एक कर रामलीला के प्रसंगों का मंचन होता है। रामजन्म, धनुष यज्ञ, राम.सीता विवाह, भरतमिलाप

# ग्रीनलैण्ड के अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

संवाददाता। मऊ



**प्रशासन की कार्रवाई से बंधा रोड पर पूरे दिन मचा रहा हड़कंप**
**दो दर्जन से अधिक अवैध अतिक्रमण को कराया गया ध्वस्त**
**सीएम के आने के एक दिन पूर्व कार्रवाई से मची अफरा-तफरी**

**शहर** क्षेत्र के बंधा रोड ग्रीन लैण्ड की भूमि पर सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बुधवार को जिला प्रशासन का बुल्डोजर चला। जिला प्रशासन व नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा दो घंटे चली कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे काबिज दो दर्जन से अधिक अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया गया। सीएम के आगमन के एक दिन पूर्व अवैध अतिक्रमण के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान पूरे दिन अफ्ऱा.तफ्ऱी मचा रहा। क्षेत्राधिकारीए नगर मजिस्ट्रेट व ईओ नगर पालिका ने सख्ती के साथ चेताया कि अवैध अतिक्रमणकारियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगाए इनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई किया जाएगा।

जिला प्रशासन की नाक के नीचे वर्षों से शहर क्षेत्र के अति व्यस्त बंधा रोड ग्रीन लैण्ड की भूमि पर सैकड़ों लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण करके मकान व कार्मिशयल बिल्डिंग खड़ा किया गया है। अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कई बार कवायद किया गयाए लेकिन जिला प्रशासन की यह कवायद सिर्फ कागजी ही साबित हुआ है। बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन से ठिक एक दिन पूर्व अचानक क्षेत्राधिकारी धनंजय मिश्राए नगर मजिस्ट्रेटए ईओ नगर पालिका दिनेश यादव के नेतृत्व में जिला प्रशासन का बुल्डोजर नगर क्षेत्र के बंधा स्थित ग्रीन लैण्ड पर पहुंचा। जिला प्रशासन के अधिकारियों के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने सड़क किनारे दो दर्जन से अधिक स्थानों पर अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। जिला प्रशासन के अधिकारियों की देखरेख में बुल्डोजर चलते ही अफ्ऱा.तफ्ऱी मच गया। इस दौरान अधिकारियों की टीम ने दो घंटे तक सख्ती के साथ दो दर्जन से अधिक अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने कार्रवाई के दौरान सख्ती से चेतावनी दिया कि सार्वजनिक भूमि पर अवैध अतिक्रमण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर किसी भी व्यक्ति द्वारा अवैध अतिक्रमण किया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से बंधा रोड पर पूरे दिन अफ्ऱा.तफ्ऱी मचा रहा।

## छोटे दुकानदारों ने खुद हटा लीं दुकानें

**मऊ।** जिला प्रशासन की टीम द्वारा शहर के बंधा रोड ग्रीन लैण्ड की भूमि पर अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कराने की कार्रवाई देखते हुए काफी संख्या में छोटे.छोटे गुमटी के दुकानदार स्वयं ही अपनी.अपनी दुकानों को हटाने लगे। कार्रवाई के दौरान शहर कोतवालीए थाना दक्षिण टोलाए थाना सरायलखंसी की भारी संख्या में पुलिस फोर्स सुरक्षा व्यवस्था में जुटी रही।

## ग्रीनलैण्ड में बने अवैध भवन जिला प्रशासन के लिए बने चुनौती

**मऊ।** शहर क्षेत्र के हृदय स्थली टोंस नदी के किनारे जिला प्रशासन के अधिकारियों के सामने ग्रीन लैण्ड की भूमि पर बनाए गए अवैध आवासीय व कार्मिशल भवन जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों के लिए चुनौती बने हुए हैं। हालांकि ग्रीन लैण्ड की भूमि पर बिना किसी नक्शा के बनाए गए अवैध आवासीय व कार्मिशल भवन को हटाने के लिए नोटिस भी जारी किया जा चुका हैए बावजूद इसके जिला प्रशासन के अधिकारियों के सभी कार्रवाई अभी तक सिर्फ कागजों में सीमटा हुआ है।

# पूर्व छात्र विद्या भारती के अमूल्य धरोहर



**गोंडा।** मालवीय नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज एवं सरस्वती बालिका विद्या मंदिर के पूर्व छात्रों का सम्मेलन सरस्वती सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के संगठन मंत्री हेमचंद्र व विशिष्ट अतिथि अपर जिला जज अयोध्या नरेंद्र नाथ त्रिपाठी की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। परिचय व स्वागत प्रधानाचार्य डॉ0 बृजेंद्र मिश्र ने किया।

कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए प्रदेश निरीक्षक राजेंद्र बाबू ने कहा कि विद्या भारती समाज में विशेष उद्देश्य को लेकर संस्कार युक्त वातावरण में जीवन उपयोगी शिक्षा देने के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के संगठन मंत्री हेमचंद्र ने कहा कि विद्या भारती संपूर्ण भारत में 13000 विद्यालय का संचालन कर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयत्नशील है। उन्होंने पूर्व छात्रों को अपने विद्यालयों का स्टार प्रचारक एवं अमूल्य धरोहर बताया। उन्होंने पूर्व छात्र परिषद से यह अपेक्षा करते हुए कहां की हम पूर्व छात्रों का दायित्व है कि जिस विद्यालय में हमने शिक्षा ग्रहण की है, वहां के उन्नति के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व छात्रों द्वारा विद्यालय के आचार्य बंधुओं एवं बहनों को सम्मानित किया गया। विद्यालय में पूर्व में पढ़ चुके पूर्व छात्रों द्वारा स्कूल जीवन के अनुभव को साझा किया गया। कार्यक्रम के अंत में पूर्व छात्र परिषद के मंत्री अजय सिंह द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## बीबीए व बीसीए की चल रहीं परीक्षाएंः प्राचार्य

गोंडा। श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के बी.एड. विभाग में बी.बी.ए. व बी.सी.ए. की परीक्षाएं सुचारू ढंग से चल रही हैं। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य प्रो0 रविंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि स्नातक/परस्नातक की कक्षाएं मुख्य परिसर एवम विज्ञान संकाय में चल रही हैं। अध्यापन कार्य प्रभावित न हो इसलिए उक्त परीक्षाओं को बी.एड. विभाग में संपादित किया जा रहा है। इस समय महाविद्यालय में बी.ए./बी.एस-सी./बी.बी.ए./बी.सी.ए./बी.एस-सी. कृषि की प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया अंतिम दौर में चल रही है। प्राचार्य ने यह भी बताया वर्तमान समय में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक बंधुओं के सहयोग से नैक की तैयारी भी जोरों पर है।

# सीएम आज आएंगे मऊ

**203 करोड़ रुपये की परियाजनाओं का करेंगे लोकार्पण व शिलान्यास**



**मऊ।** सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ का आगमन गुरुवार को मऊ जिले में होगा। सीएम योगी आदित्यनाथ गुरुवार को कलक्ट्रेट प्रांगण से 203 करोड़ रुपये से अधिक की 47 विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। इसमें 32 परियोजनाओं का लोकार्पण व 15 परियोजनाओं का शिलान्यास सम्मिलित है। सीएम 2ण्45 बजे कलक्ट्रेट पहुंच जायेंगे। यहां पर कार्यक्रम में शामिल होंगे।सीएम योगी के हाथों जिले को सौगात मिलेगी। इसमें यूपीपीसीएल की 2ण्47 करोड़ की लागत से तीन परियोजनाओं का लोकार्पण है। लोकनिर्माण विभाग के निर्माण खंड व प्रांतीय खंड की ओर से 31ण्67 करोड़ की लागत से 9 परियोजनाओं का लोकार्पण होगा। पैकेफेड ए आजमगढ़ की 20ण्16 करोड़ की लागत से 7 परियोजनाओं का लोकार्पण होगा। उत्तर प्रदेश जल निगम की 9ण्83 करोड़ की लागत से चार परियोजनओं का लोकार्पण होगा। यूपी सिडको आजमगढ़ की 3ण्55 करोड़ की लागत से एक परियोजनाओं का व सी एंड डीएस आजमगढ़ की 40ण्86 करोड़ की लागत से दो परियोजनाओं का लोकार्पण सीएम करेंगे। सिंचाई खंड की 50ण्16 करोड़ की लागत से पांच परियोजनाओं व उत्तर प्रदेश की आवास विकास की 2ण्98 करोड़ की लागत से एक परियोजना का लोकार्पण होगा। शिलान्यास की परियोजनाओं में यूपीपीसीएली 14ण् 72 करोड़ की लागत से चारए लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड एवं प्रांतीय खंड की ओर से 2ण् 86 करोड़ की लागत से छह परियोजनाओं ए जल निगम की ओर से 11ण् 87 करोड़ की लागत से तीन परियोजनाओं व सिंचाई खंड के 12ण् 40 करोड़ की लागत से दो परियोजनाओं का शिलान्यास सीएम करेंगे।

# बीएचयू के छात्र अंश तिवारी ने जूनियर नेशनल वुशु चैम्पियनशिप में जीता रजत



**वाराणसी।** काशी के युवा वुशु खिलाड़ी अंश तिवारी ने 21वीं जूनियर नेशनल वुशु चौंपियनशिप में रजत पदक जीत जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। केरल के कालीकट में 01 सितम्बर से 05 सितम्बर तक आयोजित प्रतियोगिता में अंश ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए 56 किलो भार वर्ग में भाग लेकर रजत पदक जीता। अंश ने क्वाटर फाइनल में हरियाणा के अजय कुमार तथा सेमी फाइनल में आसाम के नाबा कांता को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। अंश फाइनल में मणिपुर साई के खिलाडी मलेम्मनब को कड़ी टक्कर देते हुए मामूली अंतर से पराजित हो गए। चौक गढ़वासी टोला क्षेत्र के निवासी अंश तिवारी काशी हिंदू विश्व विद्यालय के समाजशास्त्र विज्ञान संकाय में बीए प्रथम वर्ष के छात्र हैं। साथ ही लामा फाइट क्लब में कोच गोपाल जी सेठ से प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। अंश ने टेलीफोन पर बातचीत में अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने कोच गोपाल जी सेठ तथा बीएचयू वुशु खेल की इंचार्ज प्रोफेसर कविता वर्मा को देते हुए विश्व विद्यालय के प्रोफेसर डीसी राय, प्रो.अभिमन्यु सिंह, प्रो. राजीव सिंह, वैभव राय तथा संकाय के विभागाध्यक्ष के प्रति आभार जताया। अंश ने कहा कि गुरुजनों के आशीर्वाद और सहयोग से उपलब्धि को पाया है। अंश तिवारी की इस उपलब्धि पर काशी पत्रकार संघ के पूर्व महामंत्री रामात्मा श्रीवास्तव, पूर्व पदाधिकारी सुशील कुमार मिश्र, श्रीधर त्रिपाठी, राजेश चौबे, शशि विश्वकर्मा, गोपाल सेठ, राजेश केशरी,श्याम जी सेठ, मनोज झा, मंहत सोमनाथ दीक्षित आदि लोगों ने बधाई दी हैं।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने डायरेक्ट सर्विस सेंटर का उद्घाटन किया

**वाराणसी।** अग्रणी कंज्यूमर ड्यूरेबल ब्रांड्स में से एक, वाराणसी में डायरेक्ट सर्विस सेंटर खोल रहा है। एलजी का लक्ष्य इस सेवा केंद्र के साथ वाराणसी में अपने उपभोक्ताओं को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करना है। उद्घाटन पर टिप्पणी करते हुए, ताए जिन चांग- प्रमुख ग्राहक सेवा-एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने कहा, 'एलजी ने हमेशा अपने ग्राहकों को पहले रखा है और ग्राहक सेवा को बढ़ाने और इसे एक सहज अनुभव बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। इस प्रयास के साथ, एलजी का लक्ष्य टियर 2 शहरों में एक गहरी सेवा पैठ स्तर पर सेवाएं प्रदान करना है। सेवा केंद्र न केवल तेज और उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करेगा बल्कि अनुकरणीय संसाधन भी प्रदान करेगा। त्योहारों का मौसम नजदीक है और वाराणसी डायरेक्ट सर्विस सेंटर अपेक्षित भीड़ को संभालने में मदद करेगा। हम बिक्री के बाद सेवा संचालन के माध्यम से उपभोक्ता अनुभव को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'वाराणसी में सीधा सेवा केंद्र इस क्षेत्र के सेवा संचालन को और बढ़ाने में सहायता करेगा।

# कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर रुद्राभिषेक



**वाराणसी।** आज कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राहुल गाँधी जी के अगुवाई में आज से शुरू हुयी ष्भारत जोड़ो यात्राष् के मंगलकामना के लिए महानगर कांग्रेस कमेटीए वाराणसी द्वारा महामृत्युंजय मन्दिर के नागेश्वर महादेव में भव्य रुद्राभिषेक हुआ। मुख्य यजमान के रूप में पूर्व मंत्रीध्विधायक अजय राय उपस्थिति रहे! मंगलकामना कार्यक्रम का संयोजन महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने किया ।पूर्व मंत्रीध्विधायक अजय राय ने कहा की आज महामृत्युंजय मन्दिर में नागेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक कर राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के सफ्ल होने का मंगलकामना किया गया ।महादेव राहुल जी को ऊर्जाएशक्ति प्रदान करे उन्हें स्वस्थ रखे ताकि वह देश के जनता की लड़ाई मजबूती से लड़े ।8 सालों से सत्ता के स्वार्थों के लिए नरेंद्र मोदी द्वारा भारत को हर स्तर पर तोड़ा जा रहा है और देश की संपत्ति व संसाधनों का रुख ष्मुट्ठीभर अमीर मित्रोंष् की ओर मोड़ा जा रहा है ।आदरणीय श्री राहुल गाँधी जी के नेतृत्व में 3570 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा 12 प्रांत.केंद्रशासित प्रदेश से गुजरेगीए जो हर भारतवासी के लिए ष्न्याय की हुंकारष् होगी ।भाजपा द्वारा 45 वर्षो की भीषणतम बेरोजगारी देश को परोसा गया ।भारत की रीढ़ यानी सूक्ष्म लघु माध्यम श्रेणी के उद्योग को तोड़ा गया ।मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से कमरतोड़ महंगाई है ।बीते 8 वर्षो में भारतीय नागरिकों का मनोबल तोड़ा गया ।उन्हें आर्थिक व सामाजिक रूप से प्रताडित किया गया ।भाजपा द्वारा भारत के भूभागीय अखण्डता को तोड़ा गया ।चीन लद्दाक से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक भारतीय सीमा में घुस गया साथ साथ पर्मानेंट मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ कालोनी बना रहा है और चौकीदार चुप है ।भाजपा द्वारा देश को धर्म जाती के आधार पर तोड़ा जा रहा है ।इन विभिन्न विषयो को जोड़ने के लिए पुनः भारत मे एकताएअखण्डता सद्भावना के निर्माण के लिए आदरणीय श्री राहुल जी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो यात्रा' शुरू हुई है ।जो नफ्रत को खत्म करेगी और भाजपा के काले करतूतों को उजागर करेगी ।हम कांग्रेस जन महादेव से प्रार्थना करते है की श्री राहुल गाँधी जी व यात्रा में जो भी कांग्रेसजन हिस्सेदारी कर रहे है उन्हें महादेव सम्बल प्रदान करे ।ऊर्जा प्रदान करे उन्हें गतिशील व स्वस्थ रखे ताकि वह देश के अखण्डता की लड़ाई को मजबूती से लड़ सके व भारत जोड़ो यात्रा में सफ्ल रहे। महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा की ष्भारत जोड़ो यात्राष् नफ्रत पर विजय के रूप में साबित होगी ।भाजपा द्वारा फैलाये घृणा पर प्रेम की विजय होगी। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष आदरणीय राहुल गांधी जी ने यात्रा शुरू करने से पहले श्रीपेरंबुदूर में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी के स्मारक पर सुबह श्रद्धांजलि अर्पित की और एक प्रार्थना सभा में शामिल हुए । तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में तीन दशक पहले एक चुनावी रैली के दौरान आत्मघाती हमला करके राजीव गांधी जी की हत्या कर दी गई थी। व राहुल गाँधी जी ने ट्वीट में कहाए ष्मैंने नफ्रत और विभाजन की राजनीति के कारण अपने पिता को खो दिया। मैं अब अपने देश को नहीं खो सकता। घृणा पर प्रेम की विजय होगी। हम सब मिलकर जीत हासिल करेंगे ।हम कांग्रेसजन महादेव से मंगलकामना करते है की भारत जोड़ो यात्रा सफ्लतापूर्वक संपन्न हो ।कांग्रेस का एक.एक कार्यकर्ता राहुल जी के साथ है।

# निष्पक्षता से निस्तारित हों जनशिकायतेंः आकाश तोमर

## उमरीबेगमगंज थाने का एसपी ने किया गहन निरीक्षण




**गोंडा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने थाना उमरीबेगमगंज का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने थाना कार्यालय, विवेचना कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, बंदी गृह व थाना परिसर आदि का गहनता से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री तोमर ने थानाध्यक्ष को निर्देशित किया कि रिकार्डों को अद्यतन सही ढंग से हो, थाने पर साफ-सफाई व्यवस्थाएं दुरुस्त रहे, महिला फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल निस्तारण कराया जाए, रात्रि गश्त बढ़ाते हुए अपराध पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाया जाए। साथ ही मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला आरक्षियों को अपने-अपने बीट क्षेत्र में जाकर महिलाओं व बालिकाओं से वार्ता कर महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1076, 1098, 108 व 102 के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक करने संबंधी दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाने के त्योहार रजिस्टर, मासिक व अपराध रजिस्टर का भी गहनता से अवलोकन कर सभी अभिलेखो को अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए। साथ ही आईजीआरएस/जनशिकायतों के सम्बन्ध में लंबित शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा कर स्वयं मौके पर जाकर आवेदक की संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने एवं लम्बित विवेचनाओ का भी गुणदोष के आधार पर निस्तारण व वांछित अभियुक्तो की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अन्यथा की दशा में सम्बन्धित थानाध्यक्ष/पुलिसकर्मी की लापरवाही मानते हुए उन पर विभागीय कार्रवाई अवश्य होगी। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी तरबगंज संसार सिंह राठी, थानाध्यक्ष उमरीबेगमगंज मुकेश पाण्डेय, पीआरओ राकेश सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## बाल संसद का हुआ गठन

गोंडा। शिक्षा क्षेत्र मुजेहना के प्राथमिक विद्यालय कौरहे में बाल संसद का गठन किया गया। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के सहायक अध्यापक आशुतोष द्विवेदी 'गुंजन' ने बताया कि विद्यालय में प्रधानमंत्री के रूप में हासमा बानो, उप प्रधानमंत्री के रूप में मो. बिलाल अंसारी, सेनापति के रूप में शैलेन्द्र प्रताप सिंह एवं संसद सदस्य के रूप में आफरीन, अलशिफा, कुनाल, प्रशान्त, हिमान्शु शुक्ला, ऋषभ शर्मा, लकी शर्मा, रोहिनी, अभिनव प्रताप सिंह, अनमोल व अमरजीत यादव का चयन किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक शरद कुमार सिंह सहायक अध्यापक इन्द्रेश यादव, विजय कुमार, शिक्षामित्र राम अदालत वर्मा एवम् छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्वस्थ इंडिया, स्वच्छ इंडिया की पहल को आगे बढ़ाने का प्रयास

**वाराणसी।** डेटॉल हाइजीन ओलंपियाड माता-पिता, शिक्षकों और बच्चों के बीच हाइजीन से जुड़ी समझ की कमी को दूर करने के लिए जागरूकता बढ़ाने में मदद करेगा और हाथ धोने की आदतों को और बेहतर बनाने की दिशा में काम करेगा। इसके साथ ही यह ओलंपियाड स्कूल में छात्रों की अनुपस्थिति को और कम करने और सफाई से जुड़ी आदतों को बढ़ावा देने में मदद करेगा। कैम्पेन डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के तहत आज भारत का पहला और सबसे बड़ा हाइजीन ओलंपियाड डेटॉल हाइजीन ओलंपियाड लॉन्च किया है बेहतर हाइजीन एक अच्छे स्वास्थ्य की नींव होती है, इसी सिद्धान्त पर आधारित,इसी सिद्धान्त पर आधारित, इस ओलंपियाड में 2 करोड़ 40 लाख बच्चे शामिल होंगे ।रेकिट ने इसी सिद्धान्त पर आधारितए इस ओलंपियाड में 2 करोड़ 40 लाख बच्चे शामिल होंगे। यह ओलंपियाड इन बच्चों को हाइजीन से जुड़ी अपनी रीजनिंग, एनालिटिकल एवं प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करेगा। इसी के साथ ही रोजमर्रा की हाइजीन से जुड़ी आदतों को उनके जीवन का हिस्सा बनाएगा। डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया द्वारा संचालितए ओलंपियाड को डेटॉल स्कूल हाइजीन प्रोग्राम के आउटरीच पार्टनर्स . प्लान इंडिया सेसम वर्कशॉप इंडियाए ग्रामालय अपोलो फाउंडेशनए अमर ज्योति युवक संघए ड।ड्ज। भ्प्डब्ए बालीपारा फाउंडेशनए जागरण एवं ग्लोबल इंटरफेथ वॉश एलायंस ;जीआईडब्ल्यूएद्ध का समर्थन प्राप्त है।

# अफगानिस्तान को हरा पाकिस्तान फाइनल में

**एशिया कप टी20 टूर्नामेंट**

**भाषा।** शारजाह

**शादाब** खान के हरफनमौला खेल और दबाव के क्षणों में नसीम शाह (चार गेंद में नाबाद 14 रन) के दो छक्कों की मदद से पाकिस्तान ने एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के सुपर फोर मैच में बुधवार को अफगानिस्तान को एक विकेट से शिकस्त देकर फाइनल का टिकट पक्का किया। प्लेयर ऑफ द मैच शादाब ने चार ओवर में 27 रन देकर एक विकेट लेने के बाद 26 गेंद में 36 रन की अहम पारी खेली। उन्होंने इफ्तिखार अहमद (30 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 42 रन की अहम साझेदारी की।

पाकिस्तान की इस रोमांचक जीत से अफगानिस्तान के साथ भारतीय टीम भी फाइनल की दौड़ से बाहर हो गई। 11 सितंबर को खेले जाने वाले फाइनल में पाकिस्तान के सामने श्रीलंका की चुनौती होगी। कम स्कोर वाले इस बेहद रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले गेंदबाजी का फैसला करने के बाद अफगानिस्तान को छह विकेट पर 129 रन पर रोक दिया। अफगानिस्तान ने भी इस लक्ष्य के बचाव के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया। आखिरी ओवर में पाकिस्तान को जीत के लिए 11 रन जबकि अफगानिस्तान को एक विकेट की जरूरत थी। 10वें क्रम पर बल्लेबाजी करने आए नसीम शाह ने फजलहक फारूी (31 रन पर तीन विकेट) की शुरुआती दो गेंदों पर छक्का लगाकर टीम को एक विकेट की यादगार जीत दिला दी। अफगानिस्तान के लिए फारूकी और फरीद अहमद ने तीन-तीन जबकि राशिद खान ने दो विकेट लिए। मुजीब उर रहमान ने चार ओवर में सिर्फ 12 रन दिए। टीम के लिए इब्राहिम जादरान ने सबसे ज्यादा 35 रन का योगदान दिया। उन्होंने 37 गेंद की पारी में दो चौके और एक छक्का लगाया। हारिस रउफ पाकिस्तान के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 26 रन पर दो विकेट लिए। नसीम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद नवाज और शादाब ने एक-एक विकेट लिए।



लक्ष्य का पीछा करते हुए फारूकी ने शुरुआती ओवर में ही बाबर आजम को खाता खोले बगैर पगबाधा आउट कर अफगानिस्तान को शानदार शुरुआत दिलाई। शानदार लय में चल रहे मोहम्मद रिजवान (20) तीसरे ओवर में इसी गेंदबाज के खिलाफ छक्का और चौका जड़ा। फखर जमां (पांच रन) चौथे ओवर की पहली गेंद नजीबुल्लाह के शानदार थ्रो पर रन आउट हो गए। राशिद अहमद और मोहम्मद नबी ने पावरप्ले के बाद किफायती गेंदबाजी की जिसका फायदा रिजवान की विकेट के साथ मिला। राशिद ने शानदार लय में चल रहे रिजवान को अपनी गुगली में फंसा कर पगबाधा किया। पाकिस्तान ने इसके बाद उपकप्तान शादाब को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजने का फैसला किया जो सफल रहा। उन्होंने दो ओवर संभल कर बल्लेबाजी करने के बाद नबी के खिलाफ 12वें ओवर में छक्का और चौका जड़ने के बाद मुजीब की गेंद को भी दर्शकों के पास पहुंचाया। मुजीब ने अपने चार ओवर में सिर्फ 12 रन दिए। दूसरे छोर से संभल कर बल्लेबाजी कर रहे इफ्तिखार की 33 गेंद की की पारी को फरीद ने खत्म किया। राशिद का 17वें ओवर में शादाब ने छक्के के साथ स्वागत किया लेकिन इस लेग स्पिनर की अगली गेंद पर आउट हो गए। आसिफ अली (16 रन) ने क्रीज पर कदम रखते ही गेंद को दर्शकों के पास पहुंचाया। इस ओवर से 14 रन बने। फारूकी ने अगले ओवर की पहली गेंद पर मोहम्मद नवाज (चार रन) और आखिरी गेंद पर खुशदिल शाह (एक रन) के विकेट चटकाकर मैच को रोमांचक बना दिया। फरीद के द्वारा किया गया 19वां ओवर नाटकीयता से भरा रहा। पहली गेंद पर रउफ बोल्ड हुए लेकिन आसिफ ने इसी ओवर में छक्का जड़ दिया। फरीद ने अगली गेंद पर आसिफ को चलता कर दिया। इसके बाद गेंदबाज और बल्लेबाज में थोड़ी बहस भी हुई जिसे दूसरे खिलाड़ियों और अंपायर ने संभाला। अफगानिस्तान की टीम एक बार फिर आखिरी ओवर में दबाव में बिखर गई और पाकिस्तान ने यादगार जीत दर्ज की। इससे पहले अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाजों ने टीम को एक बार फिर तेज शुरुआत दिलाई लेकिन वे बड़ी साझेदारी करने में नाकाम रहे। रहमानुल्लाह गुरबाज (17) ने पारी के दूसरे ओवर में हसनैन के खिलाफ दो छक्के जड़े तो वही हजरतुल्लाह जजई (21) ने चौथे ओवर में हारिस रउफ के खिलाफ दो चौके लगाए। रउफ ने हालांकि इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर गुरबाज को बोल्ड कर 11 गेंद की उनकी पारी को खत्म किया। गुरबाज ने जजई के साथ 36 रन की साझेदारी की। जजई पांचवें ओवर में मोहम्मद हसनैन की धीमी गेंद पर गच्चा खाकर बोल्ड हो गए। लगातार दो झटकों के बाद जदरान और करीम जनत (15) ने जोखिम लेने के बजाय दौड़ कर रन चुराना सही समझा। पाकिस्तान की कसी हुई गेंदबाजी के सामने दोनों तेजी से रन जुटाने के लिए जूझते दिखे। मोहम्मद नवाज ने 12वें ओवर में बड़ा शॉट लगाने की कोशिश कर रहे जनत को पवेलियन की राह दिखाई। क्रीज पर आए नजीबुल्लाह जदरान (10) ने 14वें ओवर में शादाब खान के खिलाफ छक्का जड़ उम्मीदें जगाई लेकिन इस ओवर की आखिरी गेंद पर वह बोल्ड हो गए।

## अफगानिस्तान के खिलाफ कमियां दूर करने उतरेगा भारत

**दुबई (भाषा)।** फाइनल की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी भारतीय क्रिकेट टीम एशिया कप सुपर चार में गुरुवार को यहां अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले में टी20 विश्वकप से पहले अपनी कमजोरियों को दूर करने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम सुपर चार चरण में अभी तक अपनी पूरी क्षमता का प्रदर्शन नहीं कर पाई है। इसके अलावा पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ लगातार हार के लिए संसाधनों की कमी और खराब टीम चयन को भी दोषी ठहराया जा सकता है। वर्तमान भारतीय टीम की रणनीति में लचीलापन का अभाव दिखता है और ऐसे में कोच राहुल द्रविड़ की नीतियों पर भी उंगलियां उठना लाजमी है। ऐसा लगता है कि द्रविड़ टीम चयन के मामले में कुछ कड़े फैसले लेने के लिए आतुर हैं क्योंकि टीम के पास किसी भी रणनीति के लिए दूसरी योजना नजर नहीं आती है। ऐसी परिस्थितियों में उसे उस अफगानिस्तान का सामना करना है जिसके पास राशिद खान, मुजीब जादरान, मोहम्मद नबी, हजरतुल्लाह ज़ज़ई और रहमानुल्ला गुरबाज जैसे टी-20 के दमदार खिलाड़ी हैं। यह एक ऐसी टीम है जो कि अपने पावर हिटर के दम पर 170 रन के लक्ष्य को भी हासिल कर सकती है और राशिद जैसे गेंदबाज की अगुवाई में विपक्षी टीम को कम स्कोर पर भी रोक सकती है। इस टीम के खिलाफ एक ही बात जाती है कि उसे लगातार बड़ी टीमों का सामना करने का मौका नहीं मिलता है। उसके पास अनुभव की कमी है। लेकिन टी-20 ऐसा प्रारूप है जिसमें एक खिलाड़ी मैच का परिदृश्य बदल सकता है।

# रहाणे को दलीप ट्रॉफी से लय में वापसी की आस, प्रक्रिया पर ध्यान

**भाषा।** चेन्नई



**भारतीय** बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी की डगर आसान नहीं है लेकिन गुरुवार से शुरू हो रहे दलीप ट्रॉफी में वह पूर्वोत्तर क्षेत्र की टीम के खिलाफ जब अनुभवी खिलाड़ियों से सजी पश्चिम क्षेत्र की टीम की अगुवाई करेंगे तो उनका ध्यान अपनी प्रक्रिया (खेल का तरीका) पर बने रहने पर होगा।

भारतीय घरेलू क्रिकेट सत्र की शुरुआत दलीप ट्रॉफी के साथ हो रही है जिसे पहले की तरह क्षेत्रीय प्रारूप में खेला जाएगा। खिलाड़ियों की प्रतिष्ठा और अनुभव को देखें तो दोनों टीम के बीच कोई मेल नहीं है। पश्चिम क्षेत्र की टीम में कप्तान रहाणे, पृथ्वी साव, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर और राहुल त्रिपाठी जैसे स्थापित बल्लेबाज हैं। इस मैच के दौरान हालांकि सबसे ज्यादा ध्यान रहाणे पर होगा जो राष्ट्रीय टीम में एक बार फिर वापसी की कोशिश करेंगे। उन्होंने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, देखिए, मैं अपनी प्रक्रियाओं का पालन करने में विश्वास करता हूं। अभी मेरा ध्यान दलीप ट्रॉफी पर है और पश्चिम क्षेत्र की टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना है और हम देखेंगे कि भविष्य में क्या होता है। उन्होंने राष्ट्रीय टीम में वापसी से जुड़े सवाल के जवाब में कहा, मैं एक बार में एक मैच पर ध्यान देना पसंद करता हूं। चोट के बाद वापस आने के बाद भविष्य के बारे में ज्यादा सोचने की जगह मौजूदा समय पर ध्यान केंद्रित करना अच्छा है। मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार हूं। दिन के एक अन्य मैच में पुडुचेरी में उत्तर क्षेत्र और पूर्व क्षेत्र के बीच बराबरी का मुकाबला होने की उम्मीद है।

अनुभवी मनोज तिवारी की अगुवाई वाली पूर्व क्षेत्र की टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। टीम को हालांकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन की कमी खलेगी जो न्यूजीलैंड ए के खिलाफ जारी श्रृंखला में भारत ए टीम का हिस्सा हैं। उत्तर क्षेत्र की कमान मनदीप सिंह के पास है जिसमें अंडर-19 विश्व कप जीतने वाले कप्तान यश ढुल भी शामिल हैं। टीम में नवदीप सैनी और सिद्धार्थ कौल जैसे अनुभवी गेंदबाज भी शामिल हैं।

### टीम

**पश्चिम क्षेत्र:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), पृथ्वी साव, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), शम्स मुलानी, तनुश कोटियन, राहुल त्रिपाठी, सत्यजीत बछव, हेत पटेल, चिंतन गाजा, जयदेव उनादकट, चिराग जानी, अतीत सेठ।

**पूर्वोत्तर क्षेत्र:** अल बशीद मोहम्मद, अंकुर मलिक, टेची डोरिया, रोंगसेन जोनाथन, खीवित्सो केंस, किशन लिंगदोह, एल किशन सिंघा, बिश्वोरजीत कोंथौजम, जी लालबियाकवेला, टेची नेरी, दीपू संगमा, रेक्स राजकुमार, आशीष थापा, होकेतो झीमोमी (कप्तान), बॉबी जोथानसंगा।

**पूर्व क्षेत्र :** मनोज तिवारी (कप्तान), विराट सिंह (उप-कप्तान), नाजिम सिद्दीकी, सुदीप कुमार घरामी, शांतनु मिश्रा, अनुस्टुप मजूमदार, रियान पराग, कुमार कुशाग्र, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, शाहबाज नदीम, ईशान पोरेल, आकाश दीप , मुख्तार हुसैन, मणिशंकर मुरासिंह।

**उत्तर क्षेत्र:** यश ढुल, ध्रुव शौरी, मनन वोहरा, मनदीप सिंह (कप्तान), हिमांशु राणा, आकाश वशिष्ठ, अनमोल मल्होत्रा, मयंक डागर, पुलकित नारंग, नवदीप सैनी, सिद्धार्थ कौल, जगजीत सिंह, निशांत सिंधू, कामरान इकबाल, विकास मिश्रा।

## क्विक न्यूज

### अभिषेक यादव ने एआईएफएफ के उप महासचिव पद से इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्ट्राइकर अभिषेक यादव ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के उप महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यादव को पिछले साल उप महासचिव बनाया गया था। इससे पहले वह 2018 से राष्ट्रीय टीम के निदेशक के रूप में सेवा दे रहे थे। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, हां, अभिषेक यादव ने एआईएफएफ में अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यादव का पद छोड़ना अप्रत्याशित नहीं था क्योंकि कल्याण चौबे के नए एआईएफएफ अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद सुनंदो धर को उप महासचिव नामित किया गया था।

### प्रणवी ने डब्ल्यूपीजीटी में दो शॉट की बढ़त बनाई

**हैदराबाद।** स्थानीय खिलाड़ी प्रणवी उर्स महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 12वें चरण के दूसरे दौर में बुधवार को यहां दो अंडर 68 के कार्ड के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर काबिज है। प्रणवी ने शुरुआती दौर में भी दो अंडर का स्कोर किया था। वह दूसरे स्थान पर काबिज एमेच्योर कृति चौहान (70) से दो शॉट आगे है। पहले दौर के बाद शीर्ष पर रही विधात्री उर्स (73) एक ओवर 141 के कुल स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गई। स्थानीय खिलाड़ी स्नेहा सिंह ने 69 का कार्ड खेला और वह दो ओवर 142 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर है।

### बीएमडब्ल्यू पीजीए में शीर्ष 10 में जगह बनाने की कोशिश करेंगे शुभंकर

**वेंटवर्थ (ब्रिटेन)।** पिछले सप्ताह डेनमार्क ओपन में फॉर्म में वापसी करने वाले भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा यहां बीएमडब्ल्यू पीजीए चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर शीर्ष 10 में जगह बनाने की कोशिश करेंगे। शुभंकर पिछले साल भी इस प्रतियोगिता में पहले 10 खिलाड़ियों में शामिल रहे थे। उन्होने अंतिम दो दौर में 68 और 66 का कार्ड खेला था जिससे वह नौवें स्थान पर जगह बनाने में सफल रहे थे। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि तब रैंकिंग में 68वें स्थान पर रहा था जिससे वह डीपी वर्ल्ड टूर चैंपियनशिप में भाग नहीं ले पाया था। इस बार शुभंकर डीपी वर्ल्ड टूर रैंकिंग में 34वें स्थान पर चल रहे है और अब जबकि कुछ प्रतियोगिताएं शेष बची है तब उनकी निगाह रैंकिंग में शीर्ष 20 में जगह बनाने पर टिकी होगी। वेंटवर्थ वह स्थान है जहां उन्हें खेलना पसंद है। वह 2019 में यहां संयुक्त 17वें, 2020 में संयुक्त 48वें और 2021 में नौवें स्थान पर रहे थे।

### एशिया पेसिफिक एमेच्योर चैंपियनशिप में भारत की अगुवाई करेंगे रेहान थॉमस

**चोनबरी (थाईलैंड)।** भारतीय गोल्फर रेहान थॉमस 27 से 30 अक्टूबर तक यहां होने वाली एशिया पेसिफिक एमेच्योर चैंपियनशिप में भारत की सात सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगे। अमेरिका में रहने वाले थॉमस 2016 से लेकर 2019 तक लगातार चार साल इस चैंपियनशिप में खेले थे। इस बीच वह 2018 में मामूली अंतर से खिताब से चूक गए थे। तब वह विजेता ताकुमी कनाया से दो शॉट से पीछे रह गए थे। भारतीय टीम के अन्य सदस्यों में शत मिश्रा, मिलिंद सोनी, आर्यन रूपा आनंद, भारत के पूर्व क्रिकेटर निखिल चोपड़ा के बेटे कृष्णव निखिल चोपड़ा, दुबई में रहने वाले अर्जुन गुप्ता और डच एमेच्योर में छठे स्थान पर रहने वाले शौर्य भट्टाचार्य शामिल हैं।

### जीटी4 सीरीज के पांचवें दौर में शीर्ष 10 में शामिल रहे अखिल रबिंद्र

**नई दिल्ली।** यूरोपीय जीटी4 सीरीज ग्रिड में भाग ले रहे एकमात्र भारतीय रेसर अखिल रबिंद्र सिल्वर कप वर्ग के पांचवें दौर की दो रेस में शीर्ष 10 में शामिल रहे। अपनी टीम रेसिंग स्पिरिट ऑफ लेमन के लिए एस्टन मार्टिन वैंटेज जीटी4 कार चलाते हुए अखिल ने क्वालिफिकेशन एक में चौथा और क्वालिफिकेशन दो में पांचवां स्थान हासिल किया। अखिल पहली रेस में अपने सह चालक के संयुक्त समय को मिलाकर सातवें जबकि दूसरी रेस में छठे स्थान पर रहे। वह 30 सितंबर से दो अक्टूबर तक बार्सिलोना में यूरोपीय जीटी4 चैंपियनशिप के छठे और आखिरी दौर में भाग लेंगे।

# गर्सिया और रूड अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में, किर्गियोस बाहर

**एपी।** न्यूयॉर्क



कैरोलिन गर्सिया

**कैरोलिन** गर्सिया और कैस्पर रूड ने शुरू से आखिर तक दबदबा बनाए रखकर सीधे सेटों में जीत दर्ज की और अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्रमश: महिला और पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई लेकिन 23वें वरीय निक किर्गियोस हारकर बाहर हो गए।

गर्सिया ने आर्थर ऐस स्टेडियम में अमेरिका की कोको गॉफ को 6-3, 6-4 से पराजित किया। फ्रांस की यह खिलाड़ी पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंची है। उन्होंने इस साल अभी तक फ्लशिंग मीडोज में एक भी सेट नहीं गंवाया है। गर्सिया 2018 में विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गई थी लेकिन इसके बाद उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और पिछले सत्र में 74वें स्थान पर खिसक गई थी। उनके अगले सप्ताह जारी होने वाली रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंचने की संभावना है।

अमेरिकी ओपन के फाइनल में जगह बनाने के लिए गर्सिया का सामना अब ट्यूनीशिया की विंबलडन की उपविजेता ओंस जाबूर से होगा। जाबूर ने तीसरे दौर में सेरेना विलियम्स को हराने वाली अजला टॉमलजानोविच को 6-4, 7-6 (4) से हराकर पहली बार अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। पुरुषों के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को नार्वे के पांचवीं वरीयता प्राप्त रूड ने 13वें वरीय माटेओ बेरेटिनी को सीधे सेटों में 6-1, 6-4, 7-6 (4) से हराया और अब उनका सामना 27वें वरीय करेन खाचानोव से होगा। रूसी खिलाड़ी खाचानोव ने खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे किर्गियोस को पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में 7-5, 4-6, 7-5, 6-7 (3), 6-4 से पराजित किया। यह मैच साढ़े तीन घंटे तक चला। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी किर्गियोस हार के बाद अपना आपा खो बैठे और उन्होंने अपने रैकेट को चार बार कोर्ट पर पटका। वह यहीं पर नहीं थमे और उन्होंने अपने बैग से दूसरा रैकेट निकाल कर उसे भी नीचे पटक दिया। किर्गियोस ने पिछले दौर में मौजूदा चैंपियन दानिल मेदवेदेव को हराया था।

# भारत 2025 तक अगला विश्व शतरंज चैंपियन दे सकता है: आनंद



**कोलकाता।** दिग्गज शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद का मानना है कि भारत में अगला विश्व चैंपियन तैयार करने की क्षमता है लेकिन ऐसा 2025 से पहले होना संभव नहीं है क्योंकि इस प्रक्रिया में थोड़ा समय लगेगा। आनंद अपनी अकादमी, वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में शतरंज खिलाड़ियों को तैयार करने में लगे हुए हैं। आनंद ने पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा, अगर आप औपचारिक खिताब चाहते हैं तो यह 2025 तक संभव है। कोई भी सरल रास्ता नहीं है जो हमें तैयार होने के लिए पर्याप्त समय दे। इससे कई चीजें जुड़ी होती हैं। मैगनस कार्लसन ने अपने खिताब का बचाव करने से इंकार कर दिया है और ऐसे में 2023 की विश्व चैंपियनशिप कैंडिडेट प्रतियोगिता में शीर्ष पर रहने वाले दो खिलाड़ियों के बीच खेली जाएगी। इस तरह से आर प्रज्ञानानंद और डी गुकेश जैसे खिलाड़ियों के पास विश्व चैंपियनशिप के अगले चक्र में ही मौका होगा। आनंद ने कहा, जहां तक विश्व चैंपियनशिप के अगले चक्र की बात है तो यह देखना होगा कि अगले दो से चार साल में यह कैसा स्वरूप लेती है। विश्व चैंपियनशिप सोने पे सुहागा होगा। हमें मजबूत बनकर और अच्छी प्रगति करके इसको लक्ष्य बनाना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर आप पर्याप्त मजबूत हैं तो फिर आप हर चीज के लिए तैयार रहते हैं। यही मेरा दृष्टिकोण है। विश्व शतरंज में इन दिनों तेजी से बदलाव हो रहे हैं इसलिए चीजें कैसे आगे बढ़ेंगी इसकी भविष्यवाणी करना मुश्किल है। भारत ने शतरंज ओलंपियाड में नौ पदक जीते जिसमें महिला टीम का पहला कांस्य पदक भी शामिल है। इससे आनंद की उम्मीदें बढ़ी हैं और उनका मानना है कि यह महज संयोग नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे निश्चित रूप से लगता है कि हमने इसमें योगदान दिया है। बेशक, आपको उनके व्यक्तिगत कोच, परिवार और उनके अपने काम की प्रशंसा करनी होगी। लेकिन मुझे लगता है कि हमने निश्चित रूप से योगदान दिया है। आनंद ने कहा, एक दौर था जबकि ए खिलाड़ी शीर्ष उदीयमान खिलाड़ियों में शामिल थे और मुझे लगता है पिछले तीन वर्षों में उन्होंने समय बर्बाद नहीं किया और महत्वपूर्ण प्रगति की।

# कुआलालंपुर सिटी एफसी ने एएफसी कप में एटीके मोहन बागान को 3-1 से हराया



**भाषा।** कोलकाता

**एटीके** मोहन बागान को एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) कप के अंतर क्षेत्रीय सेमीफाइनल मैच में कुआलालंपुर सिटी एफसी के खिलाफ आक्रामक खेल का खामियाजा।-3 की हार के साथ उठाना पड़ा। मैच के चार में से तीन गोल आखिरी क्षणों में आए। साल्ट लेक स्टेडियम में मोहन बागान ने 90वें मिनट में बराबरी का गोल दागा लेकिन इंजरी समय में टीम के खिलाफ दो गोल हो गए।

कुआलालंपुर सिटी एफसी के कप्तान ब्राजील के पाउलो जोसुआ ने एक गोल (60वें मिनट) किया जबकि उनकी मदद से फकरूल अमन (90ू3 मिनट) ने टीम के लिए दूसरा गोल किया। कोलंबिया के रोमेल मोरालेस ने आखिरी सीटी बजने से कुछ क्षण पहले (90ू6 मिनट) टीम के लिए तीसरा गोल किया। मोहन बागान के लिए फरदीन अली ने इकलौता गोल किया। मोहन बागान की टीम लगातार दूसरी बार अंतर-क्षेत्रीय सेमीफाइनल चरण में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हुई है। पिछले साल एफसी नसाफ के खिलाफ टीम को 0-6 की करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

# डाइमंड लीग फाइनल्स में प्रबल दावेदार के रूप में उतरेंगे नीरज

**भाषा।** ज्यूरिख

**ओलंपिक** चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा की नजरें एक बार फिर इतिहास रचने पर हैं और वह गुरुवार को यहां प्रतिष्ठित डाइमंड लीग फाइनल्स में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। चोपड़ा ने चोट के कारण एक महीने तक बाहर रहने के बाद जोरदार वापसी करते हुए डाइमंड लीग सीरीज का लुसाने चरण जीतकर यहां दो दिवसीय फाइनल्स के लिए क्वालीफाई किया। वह लुसाने में डाइमंड लीग का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने थे।



जुलाई में संयुक्त राज्य अमेरिका में विश्व चैंपियनशिप में रजत जीतने के दौरान उनकी ग्रोइन में मामूली चोट लगी थी जिसके कारण वह बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों (28 जुलाई से आठ अगस्त) में हिस्सा नहीं ले पाए थे। चौबीस वर्षीय भारतीय सुपरस्टार ने वापसी के तुरंत बाद फॉर्म हासिल करते हुए 26 जुलाई को लुसाने में अपने पहले ही प्रयास में भाले को 89.08 मीटर तक फेंककर खिताब अपने नाम किया था। उन पर चोट का कोई असर नहीं दिख रहा था और उन्होंने अपने करियर का तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। हरियाणा में पानीपत के पास खंडरा गांव के इस युवा खिलाड़ी की नजरें अब अपने पहले डाइमंड लीग फाइनल्स खिताब पर होंगी। उन्होंने 2017 और 2018 में भी फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था और क्रमश: सातवें और चौथे स्थान पर रहे। फाइनल के विजेता को डाइमंड लीग चैंपियन का ताज पहनाया जाता है। यहां छह सदस्यीय फाइनल्स में विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स नहीं होंगे जो पिछले महीने अपने देश में एक नाव के अंदर हमले के बाद चोटों से उबर रहे हैं। चोपड़ा के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी चेक गणराज्य के ओलंपिक रजत पदक विजेता याकुब वाडलेज होंगे जिन्हें भारतीय खिलाड़ी ने लुसाने में भी पछाड़ा था। इस सत्र में 90 मीटर से अधिक थ्रो करने वाले वाडलेज ने लुसाने में 85.88 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने ज्यूरिख फाइनल्स में सर्वाधिक 27 अंक के साथ जगह बनाई जबकि चोपड़ा ने 15 अंकों के साथ चौथे स्थान पर क्वालीफाई किया। डाइमंड लीग तालिका में शीर्ष छह खिलाड़ियों ने ज्यूरिख फाइनल्स में क्वालीफाई किया। पिछले साल अगस्त में तोक्यो ओलंपिक खेलों में स्वर्ण जीतने के बाद से चोपड़ा ने इस सत्र में चार बार 31 वर्षीय वाडलेज के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की है और भारतीय खिलाड़ी ने हर बार चेक गणराज्य के खिलाड़ी को पछाड़ा है। जब चोपड़ा पावो नुर्मी खेलों (14 जून) और स्टॉकहोम डाइमंड लीग (30 जून) में दूसरे स्थान पर रहे तो वाडलेज ने क्रमश: छठा और चौथा स्थान हासिल किया। चोपड़ा ने यूजीन में विश्व चैंपियनशिप में रजत जीता जबकि वाडलेज ने कांस्य पदक जीता। वाडलेज हालांकि चोपड़ा से अधिक अनुभवी हैं और दो बार (2016 और 2017) डाइमंड लीग फाइनल विजेता रहे चुके हैं। उनके नाम विश्व चैंपियनशिप में दो पदक - एक रजत (2017) और एक कांस्य (2022) है। वह एक तोक्यो ओलंपिक में भी रजत पदक जीत चुके हैं।

# भारत की अनुपमा उपाध्याय बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में नई जूनियर नंबर एक खिलाड़ी बनी

**नई दिल्ली (भाषा)।** युवा बैडमिंटन खिलाड़ी अनुपमा उपाध्याय विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की नवीनतम जूनियर रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचकर लड़कियों की अंडर-19 एकल रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज होने वाली वाली सिर्फ दूसरी भारतीय बनीं। इस साल युगांडा और पोलैंड में अंतरराष्ट्रीय खिताब जीतने वाली पंचकूला की 17 साल की अनुपमा ने मंगलवार को शीर्ष रैंकिंग से साथी भारतीय तस्नीम मीर को हटाया। अनुपमा 18 टूर्नामेंट में 18.060 अंक के साथ दो स्थान के फायदे से शीर्ष पर पहुंची। वह जूनियर रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल चार भारतीय लड़कियों में से एक हैं। शीर्ष 10 में शामिल तीन अन्य भारतीय लड़कियां तस्नीम (दूसरे) और 14 साल की दो खिलाड़ी अन्वेशा गौड़ा (छठे) और उन्नति हुड्डा (नौवें) हैं। लड़कों के एकल वर्ग में आदित्य जोशी (2014), सिरिल वर्मा (2016), लक्ष्य सेन (2017) विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर रह चुके हैं जबकि 18 साल के शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन ने पिछले साल नंबर एक रैंकिंग हासिल की।



गुवाहाटी में 75 वीं सीनियर नेशनल एक्वाटिक चैंपियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर मेडले स्पर्धा के प्रस्तुति समारोह पोज देतीं तैराक स्वर्ण पदक विजेता ऋचा मिश्रा (सी), रजत पदक विजेता थुंगी राजेश बांदेकर और कांस्य पदक विजेता दिशा भंडारी (आर) ज़ाकिर हुसैन